हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## हर 144 साल बाद होने वाले विश्व के सबसे बड़े आस्था के मेले का आज से आरंभ

# हमारे सारे पुण्य फलें चलो, महाकुंभ चलें

**आज होगा पहला अमृत स्नान**

- सुरक्षित स्नान के लिए 25 हाईटेक जेट स्की से जल पुलिस रहेगी मौजूद
- 30 अस्थायी पाटून पुल, 2.69 लाख चकर्ड प्लेट से 650 किमी सड़क बनाई गई
- 200 बेड का अस्पताल, 5 लाख लोगों की आंख की जांच होगी
- 9 पक्के, 12 किमी में 50 अस्थायी घाट बनाए गए
- 102 पार्किंग हैं जिनमें 5 लाख वाहन खड़े हो सकेंगे
- शनिवार-रविवार को 35 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई
- महाकुंभ में 12 हजार संत बनेंगे नागा संन्यासी



### महाकुंभ के पहले स्नान का मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 5 बजकर 27 मिनट से लेकर 6 बजकर 21 मिनट तक रहेगा
- विजय मुहूर्त- दोपहर 2 बजकर 15 मिनट से लेकर 2 बजकर 57 मिनट तक रहेगा
- गोधूलि मुहूर्त- शाम 5 बजकर 42 से लेकर 6 बजकर 09 तक रहेगा
- निशिता मुहूर्त- रात 12 बजकर 03 से लेकर 12 बजकर 57 तक रहेगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में महाकुंभ मेले की आज यानी सोमवार से शुरुआत हुई है। यहां आने वाले 40 करोड़ श्रद्धालू उस शुभ मुहूर्त में स्नान करेंगे जो 144 साल बाद आया है। 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ मेले की शुरुआत लेसर शो, पुष्पवर्षा और तमाम धार्मिक आयोजनों के साथ हुई।

बता दें कि हिंदू पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि की शुरुआत आज यानी सोमवार की सुबह 5 बजकर 03 मिनट से हुई और तिथि का समापन 14 जनवरी को अर्धरात्रि 3 बजकर 56 मिनट पर होगा। इस बार महाकुंभ खास माना जा रहा है क्योंकि 144 साल बाद एक दुर्लभ संयोग बना है जिसका संबंध समुद्र मंथन से माना जाता है, जिसके दौरान देवताओं और राक्षसों ने अमृत के लिए संघर्ष किया था। इस दिन सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की शुभ स्थिति बनी है जो कि उस समय समुद्र मंथन के दौरान भी बनी थी। साथ ही, महाकुंभ पर रवि योग का योग भी है। प्रयागराज जिला प्रशासन ने महाकुंभ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। प्रदोष के दिन कल्पवासियों के आने का क्रम देर रात तक जारी रहा। 10.5 किमी घाट तैयार हो गया है। आज पहला स्नान हुआ है। महाकुंभ के स्नान पर्व से दो दिन पहले ही शनिवार और रविवार को करीब 35 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। सुबह घने कोहरे के बावजूद सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम मेला क्षेत्र पहुंचा।



### यहां जरूर करें दर्शन

*महाकुंभ में अमृत स्नान-दान के बाद बड़े हनुमान और नागवासुकि का दर्शन जरूर करना चाहिए। मान्यता है कि अमृत स्नान के बाद इन दोनों में से किसी एक मंदिर के दर्शन करने से महाकुंभ की धार्मिक यात्रा अधूरी मानी जाती है।*

### यमुना की लहरों पर महाकुंभ की गाथा

*यमुना की लहरों पर प्रयागराज और महाकुम्भ का लेजर शो शुरू हो गया। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शो का उद्घाटन किया। सैकड़ों लोगों ने यमुना की लहरों पर प्रयागराज और महाकुंभ का लेजर शो देखा। 22 करोड़ की लागत से तैयार किए गए शो का संचालन कालीघाट से किया जा रहा है। आधा घंटा के शो में पहले महाकुंभ और बाद में प्रयागराज के बारे में जानकारी दी जा रही है। दोनों शो 30 मिनट का है। पहले दिन एक शो दिखाया गया। अब यह शोर हर रोज चलेगा।*

### शाही स्नान का नियम

महाकुंभ में शाही स्नान के कुछ खास नियमों का पालन किया जाता है। महाकुंभ में सबसे पहले नागा साधु स्नान करते हैं। नागा साधुओं को स्नान करने की प्राथमिकता सदियों से चली आ रही है। इसके पीछे एक धार्मिक मान्यता है। इसके अलावा गृहस्थ जीवन जीने वाले लोगों के लिए महाकुंभ में स्नान के नियम कुछ अलग है। गृहस्थ लोगों नागा साधुओं बाद ही संगम में स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय 5 डुबकी जरूर लगाएं, तभी स्नान पूरा माना जाता है। स्नान के समय साबुन या शैंपू का इस्तेमाल न करें। क्योंकि इसे पवित्र जल को अशुद्ध करने वाला माना जाता है।



*महाकुंभ से मिलेगा भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बूस्ट*

### 4 लाख करोड़ से अधिक का होगा कारोबार

महाकुंभ से भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ा बूस्ट मिलने की पूरी संभावना है। इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक, इस महाकुंभ में 4 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक का व्यापार हो सकता है। इससे देश की नॉमिनल और रियल जीडीपी एक प्रतिशत से भी अधिक बढ़ सकती है। यूपी सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों को मिलाकर करीब 40 करोड़ पर्यटक आएंगे। सरकार के अनुमान के मुताबिक, अगर 40 करोड़ पर्यटकों में से हर एक औसतन 5,000 रुपए खर्च करता है, तो महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपए का व्यापार हो सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बैतूल जिला जेल में बंद युवक ने लगाई फांसी



**बैतूल।** जिला जेल में बंद एक युवक ने फांसी लगा ली। युवक दुराचार और पॉक्सो एक्ट के आरोप में विचाराधीन बंदी था, जिसने बाथरूम में शनिवार रात 12.30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बैतूल एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि विचाराधीन बंदी गोलू उर्फ संदीप पिता कामिलाल सेमरे (28) निवासी खडगड़ थाना आठनेर बैरक नंबर 2 में बंद था। रात में उसने बाथरूम में धोती के कपड़े से फांसी लगा ली। मृतक पर धारा 366, 376 एवं पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

### सूर्य नमस्कार: प्राचार्य की हार्ट अटैक से मौत



**दतिया।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के दौरान दतिया में एक प्रिंसिपल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना शहर के बरौनी स्थित गर्ल्स सेकेंडरी स्कूल की है। स्कूल परिसार में छात्राओं के साथ सूर्य नमस्कार करते समय प्रिंसिपल संतोष तिवारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला स्तरीय आयोजन केंद्रीय विद्यालय में किया गया, जिसमें कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी शामिल हुए।

## स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन लॉन्च

# 5 साल में प्रदेश के 70 प्रतिशत युवाओं को रोजगार मुहैया कराएंगे: सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ पर कहा- युवाओं ने हर काल में धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखा*

*पीएम मोदी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद की भविष्य वाणी कि 21 वीं सदी भारत की होगी, को हम चरितार्थ होते हुए देखेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा शक्ति मिशन लॉन्च कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा रहे उपस्थित य नमस्कार किया। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया का माध्यम योग है। युग प्रवर्तक, युग प्रणेता और चिर युवा स्वामी विवेकानंद के विचार मात्र से ही राष्ट्र भक्ति और युवा शक्ति की अनुभूति होती है। युवा शक्ति मिशन के लॉन्च अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा, हमेशा से ही देश और समाज को समर्पित रहे हैं।

अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संग्राम हो या अन्य आक्रांताओं के विरोध के समय, युवाओं ने आवश्यकता होने पर देश और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखा है। वर्तमान समय भारत को विश्व में विकसित देश के रूप में स्थापित करने का समय है। यह हमारा सौभाग्य है कि देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अपनी क्षमता, योग्यता और परिश्रम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से अपनी-अपनी विधाओं के क्षेत्र में हरसंभव योगदान दें। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे।



रविंद्र भवन में युवा शक्ति मिशन का शुभारंभ करते सीएम और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा



### शिक्षा, रोजगार के साथ व्यक्तित्व विकास भी जीवन का आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक प्रदेश के 70 प्रतिशत से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास होगा। शिक्षा, रोजगार के साथ व्यक्तित्व विकास और बेहतर जीवन का भी आधार है। मिशन का लक्ष्य रखा गया है कि प्रदेश का हर युवा वर्ष 2028 तक कक्षा 10वीं तथा वर्ष 2030 तक कक्षा 12 के स्तर तक शिक्षा पूरी किए युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपनी रूचि अनुसार उद्यमिता और रोजगार के लिए अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

#### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है उद्देश्य

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा मिशन लॉच अवसर पर कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उनकी क्षमता संवर्धन के लिए उद्यमिता में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बना युवाओं की ऊर्जा का देश और प्रदेश हित में उपयोग सुनिश्चित करना ही युवा शक्ति मिशन का उद्देश्य है।*

#### युवाओं को बनाएंगे नौकरी देने वाला

वर्तमान युग में कौशल उन्नयन और इस क्षेत्र में प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। शासकीय सेवा या निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ उद्यमिता विकास के लिए कार्य करते हुए युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाया जाएगा।

#### युवा पोर्टल भी लॉन्च

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्म दीपो भवः संवाद, सामर्थ्य, समृद्धि के मिशन के वाक्य पर आधारित युवा शक्ति मिशन के लोगो का अनावरण किया। उन्होंने मिशन के थीम सांग तथा युवाओं को विभिन्न विभागों की जानकारियां प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित युवा पोर्टल भी लॉन्च किया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकसित उमंग वेलनेस कार्यक्रम की शुरूआत की।

#### बालिकाओं को दिए प्रोत्साहन पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सामने ग्लोबल स्किल पार्क और ट्राइडेंट कंपनी के मध्य युवाओं के कौशल उन्नयन और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री ने यूएन विमेन द्वारा संचालित वी-स्टेम परियोजना के तहत शासकीय महिला आईटीआई बैतूल तथा अन्य संस्थाओं में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त प्रदेश के जनजातीय बहुल जिलों की बालिकाओं को प्रोत्साहन पत्र प्रदान किए।



सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सीएम ने सूर्य नमस्कार किया

## प्रदेश की सभी शालाओं में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप स्वामी विवेकानंद की भविष्य वाणी कि 21 वीं सदी भारत की होगी, को हम चरितार्थ होते हुए देखेंगे।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद का रिकॉर्डेड ऑडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार तथा सूर्य नमस्कार के तीन चक्र और प्राणायाम के तहत अनुलोम-विलोम- भ्रामरी -भस्त्रिका आदि योग किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में 10 सुखों का उल्लेख है, जिसमें पहला सुख निरोगी काया को माना गया है और निरोगी काया प्राप्त करने का सबसे अच्छा मार्ग योग है। इसी आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के साथ सूर्य नमस्कार को जोड़कर स्वयं को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी है। सूर्य ही ऊर्जा का स्रोत है और इस ऊर्जा के साथ योग की पद्धति को जोड़ने से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का मार्ग प्रशस्त होता है।

#### 200 से अधिक देश मनाते योग दिवस

मुख्यमंत्री ने सुभाष स्कूल में बताया कि भारतीय संस्कृति में प्रमुख खगोलीय घटनाओं को तीज त्योहार के माध्यम से दिन प्रतिदिन के जीवन से जोड़ा गया है। यह पर्व ऋतु परिवर्तन तथा काल गणना में भी सहायक हैं। आज विश्व के 200 से अधिक देशों में 21 जून, योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों ने निराशा के समय में भी प्रेरित किया

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मिशन लॉचिंग अवसर पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों ने ऐतिहासिक रूप से भारतीय धर्म, दर्शन और संस्कृति की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के साथ देश के युवाओं को निराशा के समय में भी प्रेरित किया है। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के सृजन में राज्य शासन के साथ विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण को समाहित किया है। कार्यक्रम के अंत में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने प्रतीक चिन्ह के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित सभी अतिथियों को स्वामी विवेकानंद की पुस्तकों का सेट भेंट किया।

# संगम की रेती पर श्रद्धालुओं का लगा रेला, अलग अलग वेशभूषा में साधु-संत व लोगों से सजा मेला

**प्रयागराज पर भव्य महाकुंभ के आयोजन के लिए प्रशासन तैयार, लोगों ने कहा- प्रयागराज आकर बहुत आनंद आ रहा**



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

संगम की रेती पर श्रद्धालुओं का रेला शुरू हो गया है। पहले शाही स्नान से पहले महाकुंभ का नजारा इस बार कुछ खास ही दिखाई दे रहा है। इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एकत्रित हो रहे हैं।13 जनवरी से शुरू होकर महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होगा सोमवार को महाकुंभ में पहला शाही स्नान है। हर कोई महाकुंभ जाने से अपने आप को रोक नहीं पा रहा है।

देश के कोने-कोने से अलग-अलग वेशभूषा में साधु-संत और लोग यहां पर पहुंच रहे हैं। यहां तक की विदेश से भी लाखों श्रद्धालु यहां पर आ रहे हैं। महाकुंभ के लिए प्रयागराज नगरी पूरी तरह से सज चुकी है। यहां पहुंचे कुछ लोगों ने बताया कि वो दिल्ली से आए हैं और इस बार कुंभ का आयोजन काफी अच्छा हो रहा है। व्यवस्था काफी अच्छी है। कोई परेशानी नहीं हो रही है। एक शख्स ने कहा, बहुत आनंद आ रहा है। महादेव की कृपा से भोले की फौज, मौज करेगी।

. महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर एकत्रित हो रहे हैं। देश के कोने-कोने से अलग-अलग वेशभूषा में साधु-संत और लोग यहां पर पहुंच रहे हैं। यहां तक की विदेश से भी लाखों श्रद्धालु यहां पर आ रहे हैं।

**नेपाल से साधु-संतों का जत्था रवाना**

## सोनौली बॉर्डर पर किया गया भव्य स्वागत

**करीब 70 संत रोजाना आ रहे**



प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने के लिए सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। नेपाल से प्रतिदिन कई साधु संत समेत श्रद्धालु सोनौली बॉर्डर से प्रयागराज के महाकुंभ के लिए रवाना हो रहे हैं। नेपाल के काठमांडू से साधु-संतों और धर्मात्माओं का जत्था सोनौली बॉर्डर पहुंचा। यहां साधु-संतों को मंदिर में कीर्तन करते हुए देखा गया। सभी भगवान की भक्ति में लीन नजर आए। साधु-संतों के जत्थे में शामिल स्वामी नारायण आचार्य ने बताया कि मैं काठमांडू का रहने वाला हूं। मैं सभी भक्तों के साथ प्रयागराज जा रहा हूं। सोनौली बॉर्डर पर हमारा भव्य स्वागत किया गया। हम कुंभ में पूरे जोश के साथ जा रहे हैं।

जत्थे का स्वागत करने वाले महंत बाबा शिव नारायण दास ने बताया कि यहां प्रतिदिन नेपाल से 60 से 70 साधु संत आते हैं। हम उनकी सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ते। हम उनके लिए सोने, खाने की पूरी व्यवस्था करते हैं। हम भव्य रूप से उनका स्वागत करते हैं, उसके बाद उन्हें विदा किया जाता है।

**सीएम योगी का ऐलान**



### 'अतिथि देवो भव' की परंपरा बढ़ाएंगे

उत्तर प्रदेश विविधताओं का प्रदेश है। भगवान श्रीराम की अयोध्या, वनवास के दौरान उन्होंने पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा, वह भी उत्तर प्रदेश में है। मथुरा और वृंदावन सहित पूरा ब्रज क्षेत्र राधा, कृष्ण, गोपियों, ग्वालों की याद दिलाता है। ताजमहल के नाते आगरा और शौर्य संस्कार की गवाह रानी लक्ष्मीबाई की धरती बुंदेलखंड का अपना अलग आकर्षण है। तीर्थराज प्रयाग तो खुद में अद्भुत है।

**संगम में कुछ खास नजारे**

### 6 साल से लगातार खड़े हैं बाबा



महाकुंभ के तप और आस्था के रंग अपने प्रण पर अटल एक ऐसे महाराज आए हैं जो पिछले छह साल से लगातार खड़े हैं। प्रयागराज में महाकुंभ मेले में तरह-तरह के साधु-संत, नागा साधु, तपस्वी, अघोरी साधु और हठयोगी आए हैं। ये ऐसे तपस्वी संत हैं जो पिछले छह साल से दिन-रात खड़े हैं। इस हठयोग के पीछे उनका जन कल्याण का संकल्प है। यह हठयोगी बाबा एक झूले को पकड़े रहते हैं और खड़े रहते हैं।

### गले से अंगुलियों तक 6 किलो सोना पहनते हैं बाबा



महाकुंभ नगर में अब सोने से लदे स्वर्णिम बाबा सुर्खियां बटोर रहे हैं। बाबा के शरीर पर गले से लेकर अंगुलियों और कमर तक 6 किलो से अधिक सोने के गहने हर किसी को लुभा रहे हैं। तिरुवनंतपुरम से आए बाबा नारायण स्वामी निरंजनी अखाड़े में 24 को महामंडलेश्वर के पद पर आसीन होंगे।

### मोक्ष के लिए कर्नाटक से काशी पहुंचा और गंगा में कूदकर दी जान



कर्नाटक से काशी पहुंचे 65 वर्षीय श्रीनिवास मूर्ति ने मोक्ष के लिए गंगा में कूदकर जान दे दी। उन्होंने आत्मघाती कदम उठाने से पूर्व अपने पुत्र सिद्धार्थ को फोन पर सुसाइड नोट भेजकर अपने निर्णय की जानकारी दी। मोबाइल पर मिली दिल दहलाने वाली सूचना के बाद पुत्र जब तक पुलिस की मदद लेता देर हो चुकी थी।

**खबर संक्षेप**

### पौड़ी में हादसा....खाई में गिरी बस, 6 की मौत



**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। श्रीनगर के लिए निकली मिनी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में 6लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 22 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुआ। मिनी बस पौड़ी बस अड्डे से केंद्रीय विद्यालय होते हुए श्रीनगर के लिए निकली थी। तहसील पौड़ी के कोठार बैंड के पास बस खाई में जा गिरी। प्राथमिक सूचना के अनुसार बस में लगभग 18 लोग सवार थे।

### सहकारी बैंक घोटाले में पूर्व सीईओ समेत 4 अरेस्ट



**वैशाली।** प्रवर्तन निदेशालयने बिहार के वैशाली शहरी विकास सहकारी बैंक में धन गबन के मामले में 4लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें बैंक के पूर्व सीईओ विपिन तिवारी, उनके ससुर राम बाबू शांडिल्य, नितिन मेहरा और संदीप सिंह शामिल हैं। ईडी ने इस घोटाले की जांच के तहत 10 जनवरी को बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) विधायक आलोक कुमार मेहता और उनसे जुड़े कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### अडाणी छत्तीसगढ़ में करेंगे 60,000 करोड़ का निवेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ एक बैठक में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में समूह के बिजली संयंत्रों के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ के नियोजित निवेश की घोषणा की है। इस विस्तार से छत्तीसगढ़ की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 6,120 मेगावाट और बढ़ जाएगी। प्रदेश के विकास को इसके कारण और गति मिलेगी। इससे राज्य में बिजली उत्पादकता में काफी इजाफा होगा।

## गृहमंत्री शाह ने शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# पवार-उद्धव की वंशवादी सियासत और विश्वासघात को जनता ने खारिज किया, दिखाई सही जगह

सियासत की चौसर पर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोला

**असली एनसीबी और शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर जीत दर्ज की**

एजेंसी ▶▶ शिरडी

सियासत की चौसर पर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने वरिष्ठ राजनेता शरद पवार और पूर्व सीएम सह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी आड़े हाथों लिया। शाह ने कहा कि असली एनसीपी और शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने पवार और उद्धव की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया। शिरडी में भाजपा सम्मेलन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुखातिब गृह मंत्री अमित शाह ने कह कि महाराष्ट्र ने वंशवाद की राजनीति और शरद पवार और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को खारिज कर दिया है। शिरडी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा के पक्ष में आए अभूतपूर्व जनादेश का जिक्र किया और कहा, महाराष्ट्र ने 2024 के चुनावों में शरद पवार, उद्धव ठाकरे को उनकी असली जगह दिखा दी।

**'महाविजयी प्रदेश अधिवेशन' शुरू**

शाह ने इंडी गठबंधन पर किया करारा हमला



### ये नेता रहे मौजूद

पहले दिन अधिवेशन में भाजपा प्रदेश महाधिवेशन की पूर्व संध्या पर शिरडी में मंत्रियों, प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और मोर्चा प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे, प्रदेश संगठन पर्व प्रभारी रविंद्र चव्हाण सहित बैठक में आमंत्रित सभी लोग उपस्थित थे। रविवार को अधिवेशन के अंतिम दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शिरडी में मौजूद रहे।

### अहम में शिरडी का अधिवेशन

महाराष्ट्र में महाजीत के बाद हो रहे भाजपा के प्रदेश अधिवेशन अहम है। इसके बाद अमित शाह गुजरात के तीन दिन के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे अपने गृह राज्य में उत्तरायण के पर्व से जुड़े कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। भाजपा के शिरडी अधिवेशन को काफी अहम माना जा रहा है। चर्चा है कि 15 जनवरी को पीएम मोदी अपने महाराष्ट्र के संभावित दौरे में विधायकों की क्लास ले सकते हैं।

## नए प्रदेश अध्यक्ष पर फैसला संभव

महाराष्ट्र में भाजपा की महाजीत के बाद अब सभी की नजरें पार्टी के नए अध्यक्ष पर लगी हैं। शनिवार को साईंनगरी शिरडी में भाजपा का 'महाविजयी प्रदेश अधिवेशन' शुरू हो गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ प्रदेश के प्रभारी और संगठन से जुड़े तमाम नेता मौजूद रहे। दो दिन के इस अधिवेशन में गृह मंत्री शाह के पहुंचने का कार्यक्रम है। राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चा है कि इस अधिवेशन में पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष पर फैसला हो सकता है। भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनीकुले महायुति सरकार में कैबिनेट मंत्री बन चुके हैं। ऐसे में संगठन की जिम्मेदारी उनसे लिए जाने की पूरी संभावना है। इसी प्रकार से मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार भी फडणवीस सरकार में मंत्री बने हैं।

**अध्यक्ष के लिए चव्हाण और संजय**

महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष के पहले पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण का नाम सुर्खियों में आया था हालांकि पार्टी ने उन्हें राज्य में संगठन चुनावों का प्रभारी बना दिया है। इसके अलावा संजय कुटे का नाम चर्चा में है। चव्हाण जहां मराठा समुदाय से आते हैं तो वहीं कुटे ओबीसी से हैं। चर्चा है कि पार्टी नए अध्यक्ष के चुनाव में मराठा या फिर ओबीसी नेता पर दांव खेल सकती है।

**बीपीएससी को लेकर यादव का प्रदर्शन**

## 'बिहार बंद' के दौरान आगजनी सड़क जाम, तोड़फोड़ भी की



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी छात्रों के समर्थन में पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने रविवार को राज्यव्यापी 'बिहार बंद' का नेतृत्व किया। बीपीएससी 70वीं सीसीई परीक्षा में पेपर लीक के दावों के कारण, प्रदर्शनकारी छात्र इस एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ू यादव और उनके समर्थकों ने बिहार बंद का आह्वान किया। इस दौरान यादव खुद सड़कों पर उतरे। सुबह-सुबह ही विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसमें यादव की जन अधिकार पार्टी और उसके छात्र संगठन, छात्र युवा शक्ति के सदस्यों ने मुख्य सड़कों को ब्लॉक किया, टायर जलाए और बाजार बंद करवाए। पटना में अशोक राजपथ, एनआईटी मोड़ और डाक बंगला चौराहा जैसेअहम् ण इलाकों में यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के बैनर फाड़ दिए और वाहनों में तोड़फोड़ की व मेट्रो के निर्माण कार्य को भी रोक दिया, जिससे इलाके में काफी अशांति फैल गई।

### अन्य जिलों में भी हुए प्रदर्शन

सुपौल, बेगूसराय, गया और बाढ़ समेत अन्य जिलों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए। बेगूसराय में प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर भ्रष्टाचार और निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए एनएच-31 को जाम कर दिया। वहीं, गया में प्रदर्शनकारियों ने सिकरिया मोड़ पर सड़क जाम कर दिया और पूरे शहर में मार्च निकाला, जिससे यातायात बाधित हुआ। बाढ़ में एनएच-31 पर सड़क जाम और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जिससे यात्रियों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बंद से पहले उन्होंने 1 जनवरी को भी बंद का आह्वान किया था। यादव के समर्थकों ने हाल ही में संपन्न बिहार पीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर यहां एक स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया था।

### जो छात्र-विरोधी हैं उनका राम ...

यादव ने खुद पटना में आयकर चौराहे से डाक बंगला चौराहे तक एक विशाल विरोध जुलूस का नेतृत्व किया। वे एक खुले वाहन के ऊपर खड़े थे, जिस पर राम नाम सत्य लिखा कपड़ा लपेटा हुआ था और उनके समर्थक राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए और बीपीएससी उम्मीदवारों के लिए न्याय की मांग करते हुए उनके साथ मार्च कर रहे थे। यादव ने कहा कि सरकार का राम-राम सत्य करना है। जो लोग छात्र-विरोधी हैं उनका राम-राम सत्य है,' बिहार की जनता सड़कों पर है। छात्र सड़कों पर हैं।

**तमिलनाडु राजभवन का पलटवार**

## स्टालिन का अहंकार और निर्लज्ज अपमान बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु राजभवन ने विधानसभा के हालिया सत्र को संबोधित न करने के राज्यपाल आर एन रवि के फैसले को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा बचकाना बताए जाने की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि इस तरह का अहंकार ठीक नहीं है। राजभवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि लोग देश और संविधान का कोई भी निर्लज्जतापूर्ण अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। स्टालिन ने कहा है कि राष्ट्रगान के प्रति उचित सम्मान और संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों का पालन करने पर जोर दिया जाना बेतुका और बचकाना है। प अपने असली इरादे दिखाने के लिए उन्हें धन्यवाद। उन्होंने दिखा दिया कि वह उस विचारधारा को मानते हैं और गठबंधन के नेता हैं जो एक राष्ट्र का सम्मान नहीं करता। भारत माता सर्वोच्च है और उसके बच्चों की संविधान में सर्वोच्च आस्था है।

**आतिशी ने चुनाव खर्च के लिए क्राउड फंडिंग कैंपेन किया लॉन्च**

# 40 लाख चाहिए, 100 या 1000 रुपए देकर मदद करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं आतिशी ने अपने चुनाव खर्च के लिए शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके क्राउड फंडिंग कैंपेन लॉन्च किया। आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से मदद मांगी। सीएम ने कहा कि हम चुनाव के लिए बड़े व्यापारियों से पैसे नहीं लेते। चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपएकी जरूरत हैं। आतिशी ने कहा कि आप के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। दिल्लीवासी 100 या 1000 रुपए देकर मदद कर सकते हैं। आप ने हमेशा अपने चुनाव अभियानों के लिए जनता के चंदे पर भरोसा किया है और बड़े व्यापारियों से पैसा लेने से इनकार कर दिया है।

**आप के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम कर रहे**




**कांग्रेस का युवाओं को हर महीने 8,500 रुपए देने का ऐलान:** कांग्रेस ने 'युवा उड़ान योजना' नाम से अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा कर दी है। कांग्रेस ने दिल्ली के बेरोजगार युवाओं को एक साल 8,500 रु. प्रतिमाह की देने की बात कही है।



**शाह को अरविंद केजरीवाल**

### गरीबों को वहीं बसाएंगे कहें तो चुनाव नहीं लड़ूंगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 10 साल में आपने जितने झुग्गीवालों को उजाड़ा। कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहो कि सभी को उनकी जमीनों पर बसाएंगे। अगर अमित शाह झुग्गीवालों को उनकी जमीन पर वापस बसा देते हैं तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।

**दुष्यंत का पलटवार**

### केजरीवाल ने झुग्गी वालों के लिए क्या किया?



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि क्या केजरीवाल बताएंगे उन्होंने झुग्गी वालों के लिए क्या किया है? हम हर झुग्गी वाले को पक्का मकान दे रहे हैं। 4600 मकान दे चुके हैं। केजरीवाल झुग्गी वालों का हक छीनकर शीश महल बनाने का काम करते हैं।

जबलपुर, सोमवार, 13 जनवरी 2025 ■ पौष मास शुक्ल पक्ष -पूर्णिमा ■ वर्ष : 19, अंक : 249 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 24 न्यून. 11 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




शौर्य स्मारक में 18 हजार वर्गफीट में बनाई गई रंगोली

## सीएम ने किया दुनिया की सबसे बड़ी 3 डी रंगोली का अनावरण, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंजी के अवसर पर बनी दुनिया की सबसे बड़ी 3-डी रंगोली का अनावरण किया। यह शौर्य स्मारक में 18 हजार स्क्वेयर फीट में बनाई गई है। गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉड्र्स में भी इस रंगोली को दर्ज किया गया है। रंगोली में स्वामी विवेकानंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीरें उकेरी गईं हैं। इस रंगोली में संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि का संदेश दिया गया।



### 48 घंटे से अधिक का समय लगा

इस 3-डी रंगोली को बनाने में 48 घंटे से अधिक का समय लगा है, रंगोली को इंदौर की जानी-मानी कलाकार शिखा शर्मा जोशी और उनकी टीम तैयार की है। शिखा शर्मा देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। इस रंगोली का आकार 225 गुणा 80 है। इस रंगोली को बनाने के लिए 4 हजार किलो रंगों का इस्तेमाल हुआ है। शिखा ने अपनी रंगोली कला से न सिर्फ मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। शिखा दसवीं क्लास से बच्चों को कला सिखा रही हैं। वे विश्व के करीब 70 हजार बच्चों को कला सिखा चुकी हैं। इन्हें रंगोली क्वीन के नाम से जाना जाता है।

सीएम ने 1.27 करोड़ बहनों को दी सौगात

### लाड़ली बहनों के खातों में भेजे 1553 करोड़ की राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को शाजापुर जिले की तहसील कालापीपल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इसके साथ ही 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 335 करोड़ रुपए और 26 लाख बहनों को सिलेण्डर रीफिलिंग के लिए दी जाने वाली राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ 11 लाख राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।







भारत मंडपम में आयोजित युवा सम्मेलन में पीएम मोदी ने युवाओं से बात करते हुए कहा-

# लक्ष्य जड़ी बूटी की तरह...इसके बिना जीवन नहीं जो लोग कहते हैं छोड़ो यारो...ये भाव लाश के समान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के युवाओं को भरपूर समय दिया। उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित युवा सम्मेलन में पीएम मोदी ने विकसित भारत, युवा शक्ति, अमृतकाल और भारत के भविष्य पर बात की। पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना लक्ष्य के जीवन नहीं होता, यह जीवन जीने की जड़ी बूटी होती है। जो लोग कहते हैं छोड़ो यार होता रहता है, कुछ बदलने की क्या जरूरत है क्यों सर खपाते हो, इस भावना के लोग मरी हुई लाश से ज्यादा कुछ नहीं होते। पीएम ने कार्यक्रम में 3 हजार से ज्यादा युवाओं को करीब 45 मिनिट तक संबोधित किया। संबोधन से पहले पीएम ने युवाओं की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी देखी। वहां मौजूद युवाओं से बातचीत की। उनके प्रोजेक्ट मॉडल भी देखे। यह कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ है। रविवार को दूसरा दिन था। दरअसल, पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2024 को एक लाख गैर-राजनीतिक युवाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में राजनीति में लाने की बात कही थी।



प्रगति के लिए रिस्क लेने और सीमाओं को पार करने की जरूरत बताई

**पीएम ने कहा- देश के नौजवान हर समस्या का समाधान निकालेंगे**






पीएम मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित युवा सम्मेलन में युवाओं से बातचीत की और उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स की तारीफ की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने 45 मिनट में कहीं 5 खास बातें

**1 युवा** — मुझे आप पर बहुत विश्वास है और इसी विश्वास ने मुझे माय भारत डॉट कॉम के गठन की प्रेरणा दी, इसी विश्वास ने विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलॉग का आधार बनाया। मेरा विश्वास कहता है कि युवा शक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा।

**2 विकसित भारत** — विकसित भारत में हम क्या देखना चाहते हैं, कैसा भारत देखना चाहते हैं? विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां इकोनॉमी भी बुलंद होगी और इकोलॉजी भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे।

**3 भारत की ताकत** — 1930 के दशक में अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था, तब अमेरिका की जनता ने ठाना कि हमें इससे बाहर निकलना है और तेज गति से आगे बढ़ना है। उन्होंने उसका रास्ता चुना और अमेरिका न सिर्फ उस संकट से निकला, बल्कि उसने विकास की रफ्तार को कई गुना तेज करके दिखाया।

**4 भारत के भविष्य पर** — आज दुनिया भारत की इस गति को देख रही है। हमने G20 में ग्रीन एनर्जी को लेकर प्रतिबद्धता जताई थी। भारत दुनिया का पहला देश बना जिसने पेरिस कमिटमेंट को पूरा किया। यह तय समय से 9 साल पहले ही पूरा कर लिया गया।

**5 स्वामी विवेकानंद** — भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से आज ये भारत मंडपम भी ऊर्जा से भर गया है, ऊर्जावान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रमाण कर रहा है। स्वामी विवेकानंद जी को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था।



विकसित भारत यंग इंडिया लीडर्स डायलॉग में पीएम मोदी ने 10 युवा प्रतिभागियों से किया संवाद

## डॉ. स्वप्ना वर्मा ने सतना जिले को दिलाई यंग इंडिया लीडर्स डायलॉग में पहचान

**पीएम मोदी ने कहा- आप जैसे युवाओं की सक्रियता महत्वपूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सतना के स्वास्थ्य मॉडल में न केवल रुचि दिखाई बल्कि स्वस्थ इंडिया के लिए काम करते रहने पर बल दिया। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पीएम मोदी ने विकसित भारत यंग इंडिया लीडर्स डायलॉग में देश भर से चिन्हित 10 प्रतिभागियों से संवाद किया और उनके नवाचारों को भी देखा और उनकी खूबियों को जाना। विकसित भारत यंग इंडिया लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री मोदी ने जिन 10 युवा प्रतिभागियों से संवाद किया।



डॉ. स्वप्ना वर्मा

### मुझे गर्व है कि युवा जमीन पर उतरकर कर रहे काम

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि युवा जमीन पर उतरकर जनता के साथ जुड़कर भारत को विकसित भारत बनाने के अभियान में लगे हुए हैं। इस अवसर पर प्रदर्शित किए गए वीडियो में बताया गया कि सतना जिले में मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान बीमारी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सतना प्रकल्प पर काम कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

## पति के साथ रहने से इनकार करने वाली पत्नी भी है भत्ते की हकदार



झारखंड हाई कोर्ट के अगस्त 2023 के फैसले को बेंच ने खारिज कर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा कि साथ रहने के आदेश का पालन नहीं करने की सूरत में भी पत्नी अपने पति से गुजारा भत्ता पा सकती है, बशर्ते कि महिला के पास पति के साथ रहने से इनकार करने का वैध और पर्याप्त कारण हो। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने इस सवाल पर कानूनी विवाद का निपटारा किया कि क्या वैवाहिक अधिकारों की फिर से बहाली का आदेश पाने वाला पति कानून के अनुसार पत्नी को भरण-पोषण देने से मुक्त हो जाता है।

प्रदेशभर में रात से मौसम ने ली करवट

## बारिश, कोहरे के बीच 9 डिग्री तक गिरा दिन का पारा, पांच जिलों में कोल्ड- डे

आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम, कल के बाद बादलों में आने लगेगी कमी रात के पारे में शुरू होगी गिरावट

*गुना, दमोह, रीवा, सीधी और उमरिया में कोल्ड डे रहा, भोपाल में दिन में तेज सर्दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार रविवार रात से मौसम ने करवट ली। भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में घने बादलों के बीच गरज चमक के साथ बौछारें पड़ीं। इससे प्रदेशभर में दिन के तापमान में तेजी से कमी आई। पारा 9 डिग्री तक गिरने से कुछ जिलों में कोल्ड डे के हालात रहे। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल, इंदौर, जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं कहीं; नर्मदापुरम, ग्वालियर, सागर संभागों के जिलों में बारिश हुई है।



कोहरे के आगोश में अटल पथ

### भोपाल में 5 डिग्री तो उमरिया में 9 डिग्री गिरा पारा

बादल, बारिश के बीच रविवार को भोपाल में दिन के तापमान में 5.2 डिग्री की कमी रही। तापमान 21.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3.2 डिग्री कम है। उमरिया में सबसे अधिक 9.1 डिग्री की कमी के साथ पारा 18 डिग्री रहा, जो सामान्य से 6.8 डिग्री कम है।



## चिंतन

# इकोनॉमी व ईकोसिस्टम में सुधार से युवा होंगे सशक्त

युवा देश की ताकत हैं, उनमें देश को बदलने व नई दिशा देने की ऊर्जा व क्षमता है। बिना युवाओं के योगदान के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश के युवाओं से पीएम नरेन्द्र मोदी का संवाद करना इन्हीं ताकत को एड्रेस करना व प्रेरित करना है। युवा शक्ति के साथ इस संवाद में पीएम ने लक्ष्य के साथ जीने, काबिल बनने, विकसित भारत पर बात की। युवाओं को प्रेरित करने के लिए विवेकानंद जयंती के अवसर का चयन भी सराहनीय है और उनके समक्ष विकसित भारत के ध्येय व राष्ट्र के भविष्य को संवारने का संकल्प दोहराना भी अच्छा आइडिया है, लेकिन देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें सरकार द्वारा एड्रेस किए बिना विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक हासिल नहीं किया जा सकता है। पीएम के विचार में विकसित भारत की संकल्पना में ऐसा भारत है जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था (इकोनॉमी) भी बुलंद होगी और राष्ट्र का ईकोसिस्टम (परिस्थितिकी) भी शानदार होगा। भारत विश्व में सर्वाधिक युवाओं वाला देश है, इसी के साथ देश के अधिकांश युवाओं के सामने अनेक बाधाएं हैं और राष्ट्र का ईकोसिस्टम ही खंडित, भ्रमित, भ्रष्ट और विभाजनकारी है। इसके भी कई कारण हैं। चौदह वर्ष तक निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा के अधिकार के बावजूद देश में करोड़ों बच्चे नियमित स्कूल से दूर हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बावजूद अभी भी प्राथमिक शिक्षा के प्रति कोई राष्ट्रीय अवधारणा और मॉडल नहीं है। एक देश एक चुनाव की बात तो होती है, पर एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक पाठ्यक्रम की बात नहीं होती है। स्कूली शिक्षा के अलग-अलग बोर्ड व अलग-अलग पाठ्यक्रम के चलते जीवन, परिवार, समाज व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण व बोध के साथ बच्चे युवा अवस्था में पहुंचते हैं। ऐसे में युवाओं में भारतीयता व भारतीय संस्कृति से पूर्ण राष्ट्रीय बोध विकसित नहीं हो पाता है। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का ईकोसिस्टम भी देश में विकसित नहीं हो सका है। सभी संवैधानिक अधिकार के बावजूद देश में अनेक स्तर पर भेदभाव का ईकोसिस्टम है। युवाओं के सामने रोजगार व रोजी-रोटी की बड़ी समस्या है। गरीबी, बीमारी की चुनौती देश के सामने है। सभी के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य सेवा का अभाव है। देश में एक लाख से भी कम सरकारी व निजी अस्पताल हैं। पेयजल, बिजली, ट्रांसपोर्ट आदि की सुविधाएं भी सभी तक नहीं हैं। डार्क वेब, क्रिप्टो, डिजिटल रीच नई चुनौतियां हैं। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद व नक्सलवाद से देश पहले से जूझ रहा है। फ्रीबिज कल्चर से वोट बैंक साधे जा रहे हैं। जिस देश में करीब 81 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम प्रतिमाह मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, उस देश के ऐसे युवा विकसित भारत की यात्रा में कैसे भागीदार होंगे? बेशक देश प्रगतिपथ पर है, पर रेवड़ी कल्चर, जातिवादी व विभाजनकारी राजनीति से देश का ईकोसिस्टम खराब ही हो रहा है। इसको सुधारे बिना हम विकसित भारत की कल्पना कैसे कर सकते हैं? डा. भीमराव आंबेडकर के सोशल व इकोनोमिक डेमोक्रेसी भी लागू करने होंगे। प्रशासनिक, पुलिस, राजनीतिक, न्यायिक सुधार भी करने होंगे। सबके लिए समान आर्थिक अवसर का ईकोसिस्टम भी बनाना होगा और आर्थिक सुधार के अगले चरण भी करने होंगे।



हिंसा
प्रमोद भार्गव

# नक्सलवाद का खात्मा बड़ी चुनौती

> केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों द्वारा बिछाए गए अति तीव्र विस्फोटक की चपेट में आकर एक आरक्षित गार्ड समेत आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोटक इतना तीव्र था कि जवानों के वाहन स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। नक्सलियों की यह चुनौती उस समय मिली है, जब नक्सलियों के संगठनों के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस चुनौती ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों का वैसा दमन अब तक नहीं हो सका है, जैसी उम्मीद की जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं।

यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय



नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सालियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं और इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है।

हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ है कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में नक्सली नेता हिडमा का बोलबाला रहा है।

वह सरकार और सुरक्षाबलों को लगातार चुनौती दे रहा है, जबकि राज्य एवं केंद्र सरकार के पास मोदी सरकार से पहले रणनीति और दृढ़ इच्छा षक्ति की हमेशा कमी रही थी। तथाकथित शहरी माओवादी बौद्धिकों के दबाव में भी मनमोहन सिंह सरकार रही। इस कारण भी इस समस्या का हल दूर की कौड़ी बना रहा। यही वजह थी कि नक्सली क्षेत्र में जब भी कोई विकास कार्य या चुनाव प्रक्रिया संपन्न होती थी तो नक्सली उसमें रोड़ा अटका देते थे। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही हैं, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है ? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए ? हालांकि देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। लेकिन अब इस चरमपंथ पर अंकुश लगाना जरूरी है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आस्था

प्रत्यूष शर्मा



# पोषण की देवी का उत्सव है शाकंभरी पूर्णिमा

शाकंभरी पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। यह सौभाग्यशाली दिन पौष महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में आता है। इस दिन, भक्त पोषण प्रदान करने के लिए देवी को अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पौष पूर्णिमा के दिन ही शाकंभरी जयन्ती मनायी जाती है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 को सुबह 05 बजकर 03 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 14 जनवरी 2025 को सुबह 3 बजकर 56 मिनट पर इसका समापन होगा। भागवत पुराण में वर्णित शाकंभरी देवी के बारे में कहा जाता है कि वे असुर दुर्गम द्वारा फैलाए गए भयंकर सूखे को रोकने के उद्देश्य से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ब्राह्मणों और पीड़ित प्राणियों की प्रार्थना के परिणामस्वरूप, शाकंभरी देवी संतुलन और समृद्धि को बहाल करने के इरादे से प्रकट हुईं। देवी मां ने वनस्पति उत्पादों की एक किस्म का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया कि पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों को पोषण मिले। इसी कारण देवी शाकंभरी को 'पोषण की देवी' कहा गया। देवी महात्म्य में उल्लेख है कि सौ साल के सूखे के बाद देवी दुर्गा शाकंभरी माता के रूप में प्रकट हुईं। सभी पौधे सूख गए थे और खाने के लिए कुछ भी नहीं था। शाकंभरी माता ने लोगों की भूख मिटाने के लिए अपने शरीर से फल, फूल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां उत्पन्न कीं। शाकंभरी पूर्णिमा आठ दिवसीय शाकंभरी नवरात्रि उत्सव का समापन है। शाकंभरी नवरात्रि अष्टमी को शुरू होती है और पूर्णिमा को समाप्त होती है, जबकि अन्य नवरात्रि उत्सव शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होते हैं। शाकंभरी देवी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए भक्त शाकंभरी नवरात्रि के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।



वे सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और देवी की पूजा करते हैं। आरती की जाती है, देवी को फूल और मिठाई अर्पित की जाती है और दीये जलाए जाते हैं। शाकंभरी देवी का आशीर्वाद लेने के साथ, भक्त दुर्गा चालीसा का भी पाठ करते हैं। शाकंभरी देवी का सबसे प्रसिद्ध मंदिर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित है। शाकंभरी पूर्णिमा के दौरान बड़ी संख्या में भक्त देवी की कृपा पाने के लिए इस मंदिर में आते हैं। शाकंभरी माता की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें पूरे देश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। शाकंभरी नवरात्रि सहारनपुर के अलावा भारत के कई क्षेत्रों में मनाई जाती है। राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में भक्त बनशंकरी देवी सहित विभिन्न नामों से देवी की पूजा करते हैं। कर्नाटक के बादामी में बनशंकरी मंदिर में भक्त देवी की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। शाकंभरी नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्त शाकंभरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखते हैं। यह व्रत शरीर और मन को शुद्ध करके भक्तों को देवी की सकारात्मक और दिव्य ऊर्जा का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। उपवास की प्रक्रिया सुबह जल्दी उठने के साथ शुरू होती है, जिसके बाद स्नान किया जाता है। भक्ति क्षेत्र को शुद्ध करने के बाद, देवता को गंगाजल चढ़ाया जाता है। प्रसाद, ताजे फल, सब्जियां और फूल पूजा स्थल में रखे जाते हैं। शाकंभरी देवी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त बनशंकरी मंत्र, प्रार्थनाएं और मंत्र पढ़ते हैं। सनातन धर्म में पूजा के संदर्भ में मंत्रों का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि शाकंभरी देवी से जुड़े मंत्रों का जाप करने से आध्यात्मिक उन्नति और जातक का कल्याण होता है। शाकंभरी देवी की पूजा 'ॐ शाकंभरी-देव्यै नमः' के जाप के माध्यम से की जाती है, जो मुख्य मंत्र है, जिसका उपयोग देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। देवी शाकंभरी का नाम बागवानी, फलों और हरी-भरी पत्तियों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। पोषण की देवी के रूप में, वो सभी जीवों के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषण देती हैं। कमल उनके ऊपरी दाहिने हाथ में है, जबकि रक्षा और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करने वाला धनुष और बाण उनके ऊपरी बाएं हाथ में है। फलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों और फूलों से देवी का श्रृंगार किया जाता है जो पोषण प्रदाता और वनस्पतियों के संरक्षक के रूप में उनकी दिव्य अनुभूति का प्रतीक है। शाकंभरी पूर्णिमा एक शुभ और आनंदमय अवसर है । इस दिन माता शाकंभरी की पूजा अर्चना के साथ, गंगा स्नान और दान पुण्य का विशेष महत्व है।

(लेखक इंडियन ओवरसीज बैंक में सहायक प्रबंधक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# नए दिन को देखने की कोशिश



संकलित
## दर्शन

ओसो कहते हैं, हम वर्ष में कभी-कभी नए दिन को देखने की कोशिश करते हैं। जिसके पास ताजा मन हो, वह हर चीज को ताजी और नई कर लेता है। लेकिन ताजा मन हमारे पास नहीं है, तो हम चीजों को नया करते हैं। नए की खोज जरूर है मन में, होनी भी चाहिए। दो तरह की नए की खोज होती है। एक तो स्वयं को नया करने की खोज होती है। जो आदमी स्वयं को नया कर लेता है, उसके लिए कभी कोई चीज पुरानी होती ही नहीं। जो अपने मन को रोज नया कर लेता है, उसके लिए हर चीज रोज नई हो जाती है, क्योंकि वह आदमी रोज नया हो जाता है। जो अपने को नया नहीं कर पाता उसके लिए सब चीजें पुरानी ही होती हैं। दूसरे, लोग स्वयं को नया नहीं करते, बल्कि चीजों को नया करते हैं, इसलिए उनके लिए रोज नया नहीं होता, कभी-कभी नया होता है। दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक वे, जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं। दूसरे वे, जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। इन्हें भौतिकतावादी कहना चाहिए, जो चीजों को नया करने की तलाश में है। भौतिकतावादी और अध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। अध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि, जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करनेवाला भी नहीं बचा, पुराने को देखनेवाला भी नहीं बचा, हर चीज नई हो जाएगी।

# विवेकानंद जब काली मां के पास गए



संकलित
## प्रेरणा

विवेकानंद के जीवन में एक बहुत अद्भुत घटना घटी। एक बार उनकी मां बहुत बीमार थीं और मृत्युशैय्या पर थीं। विवेकानंद के पास पैसे नहीं थे कि वह अपनी मां के लिए दवा और खाना ला सकें। यह सोचकर उन्हें अपने पर बहुत गुस्सा आया कि वह अपनी बीमार मां का ध्यान भी नहीं रख सकते। वह रामकृष्ण के पास गए। उन्होंने रामकृष्ण से कहा, इन सारी फालतू चीजों, इस आध्यात्मिकता से मुझे क्या लाभ है। अगर मेरे पास कोई नौकरी होती तो मैं काम करता और अपनी मां का खयाल रख पाता। मैं उसे भोजन दे पाता। उसके लिए दवाई ला पाता। रामकृष्ण काली के उपासक थे। उनके घर में काली का मंदिर था। वह बोले, क्या तुम्हारी मां को दवा और भोजन की जरूरत है? जो भी तुम्हें चाहिए, वह तुम मां से क्यों नहीं मांगते? विवेकानंद को यह सुझाव पसंद आया और वह मंदिर में गए। एक घंटे बाद जब वह बाहर आए तो रामकृष्ण ने पूछा, क्या तुमने मां से अपनी मां के लिए भोजन, पैसा और बाकी चीजें मांगीं? विवेकानंद ने जवाब दिया, नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण बोले, 'फिर से अंदर जाओ और मांगो।' विवेकानंद फिर से मंदिर गए और चार घंटे बाद वापस लौटे। रामकृष्ण ने उनसे पूछा, 'क्या तुमने मां से मांगा?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण फिर से बोले, 'फिर अंदर जाओ।' विवेकानंद लगभग आठ घंटे बाद बाहर आए। रामकृष्ण ने पूछा, 'क्या तुमने मां से वे चीजें मांगीं?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, अब मैं नहीं मांगूंगा। मुझे मांगने की जरूरत नहीं है।' रामकृष्ण ने जवाब दिया, 'यह अच्छी बात है।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-मनहरण साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# किसानों को मौसम संबंधी सलाह के लिए स्थायी ढांचा की योजना

केंद्र सरकार उन जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों (डीएएमयू) के कामकाज को जारी रखने के लिए एक स्थायी ढांचा स्थापित करना चाहती है जो पिछले साल बंद होने तक तदर्थ तरीके से काम कर रही थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने यह जानकारी दी। पिछले साल अगस्त में खबर दी थी कि सरकार का इरादा डीएएमयू को पुनर्जीवित करने का है, जो नीति आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप पिछले साल बंद होने से पहले लाखों किसानों को प्रखंड-स्तरीय मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करती थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और कृषि मंत्रालय ने 'पायलट प्रोजेक्ट' के हिस्से के रूप में किसानों को मौसम की जानकारी प्रदान की। डीएएमयू में कृषि मौसम विज्ञानी विश्लेषण करते हैं कि मौसम की स्थिति फसलों को कैसे प्रभावित करेगी। उनकी प्राथमिक भूमिका किसानों को सलाह देना है। प्रणाली अच्छी तरह से काम करती है, लेकिन इसे तदर्थ नहीं रहना चाहिए, इसे स्थायी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार इस अहम कार्य को पूरा करने के लिए एक ठोस ढांचा स्थापित करना चाहती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने डीएएमयू को पुनर्जीवित करने के महत्व के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय को भी लिखा है और इनके बंद होने से संबंधित चिंताओं को भी व्यक्त किया है।



## ऑफ बीट

# बाहर खाना खाने पर फूड पॉयजनिंग का डर ज्यादा

बाहर खाना खाते समय मैं शायद ही कभी खुले में खाना खाता हूँ - चाहे पिकनिक हो या बारबेक्यू - क्योंकि बाहर खाना खाने पर फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। भोजन खाते समय अपने हाथ साफ रखना बीमार न होने की कुंजी है, लेकिन पार्क या समुद्र तट पर आपको कितनी बार गर्म बहता पानी और साबुन मिलता है? आप अल्कोहल हैंड जैल का उपयोग कर सकते हैं (वे कुछ नहीं से बेहतर हैं), लेकिन वे सभी कीटाणुओं को नहीं मारते हैं। इसके अलावा, भोजन मक्खियों, ततैया और चींटियों जैसे उड़ने वाले और रेंगने वाले जीवों को आकर्षित करता है, जो आपके भोजन में ई कोली, साल्मोनेला और लिस्टेरिया सहित रोगाणुओं को स्थानांतरित कर सकते हैं। खराब हो सकने वाले भोजन को ठंडा और ढककर रखना आवश्यक है क्योंकि अगर भोजन को कुछ घंटों से अधिक समय तक 30 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहने दिया जाए तो कीटाणुओं की संख्या दोगुनी हो सकती है। बारबेक्यू के लिए, मांस को अच्छी तरह से पकाया जाना चाहिए, और खाद्य विषाक्तता से बचने के लिए मांस थर्मामीटर एक अच्छा निवेश है। यदि मांस का आंतरिक तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से कम हो तो मांस न खाएं।



## ट्रेंड

### विश्व के मार्गदर्शक स्वामी



सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने वाले महान युवा संन्यासी, स्वामी विवेकानंद ने विश्व को यह दिखाया कि हिंदू धर्म मानवता का सच्चा मार्गदर्शक है। आइए, उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्पित हों।
-योगी आदित्यनाथ,सीएम, उप्र

### हादसे की जिम्मेदार भाजपा



कन्नौज के रेलवे विभाग का हादसा भाजपा के महा भ्रष्टाचार के महा लालच के कारण हुआ है। जब सारे ठेके कमीशन लेकर दिए जाएंगे और ठेकेदार भी किसी और को ठेके पर देकर, अपना लाभ काम किए बिना कमाकर निकल जाएगा तो ऐसे ही थर्ड क्लास जानलेवा निर्माण कार्य होंगे।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन



लंदन स्थित अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियोज़ आने वाले समय में न सिर्फ़ ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन सिद्ध होगा, बल्कि यह 'इंडिया-यूके' के रिश्तों का एक नया डायमेंशन बन कर उभरेगा!
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### फिल्म खुद को खोजे



बर्लिन में 'मासूम' की स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों से, जो अभी भी अपने आँसू पोंछ रहे थे, मैंने कहा 'एक निर्देशक के तौर पर मैं फिल्म नहीं बनाता। मैं एक फिल्म को खुद को खोजने की इजाजत देता हूं।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

19 साल बाद बन रहे विशेष योग में खरीदारी और दान-पुण्य से मिलेगा अक्षय लाभ

# मंगल पुष्य योग, विष्कुंभ योग और पुनर्वसु नक्षत्र के दुर्लभ संयोग में इस बार 14 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**सूर्य के धनु राशि से मकर में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति पर्व इस बार 14 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। राजधानी से हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए नर्मदापुरम भी जाएंगे। इस बार मंगल पुष्य योग, विष्कुंभ योग व पुनर्वसु नक्षत्र मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा।**

**जबलपुर**। मां त्रीशक्तिपीठ के पुजारी शिवशंकर दुबे ने बताया कि सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। इसी दिन खरमास भी खत्म होता है और शुभ कार्य फिर से शुरू होते हैं।

इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी को माघ मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि पर मंगलवार के दिन है। इसी के साथ पुष्य नक्षत्र का भी संयोग रहेगा। इसी दिन स्वग्रही मंगल पुष्य योग या भोम पुष्य योग भी रहेगा, जिससे मकर संक्रांति का महत्व बढ़ गया है। विशेष रूप से 19 साल बाद दुर्लभ संयोग बना रहा है। इस दिन विकास संबंधी कार्य और खरीदारी से उन्नति, जबकि दान, पुण्य आध्यात्मिक कार्यों से अक्षय पुण्य फल प्राप्त होगा।



## राजा भी मंगल, सौरमंडल के सेनानायक भी मंगल

*मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से शनि की मकर राशि में प्रवेश करेंगे। वैदिक पंचांग शास्त्र अनुसार वर्ष का राजा भी मंगल है और उत्तरायण में भी सौरमंडल के सेनानायक मंगल है। इसका सनातन हिंदू वैदिक धर्म संस्कृति में विशेष महत्व है। इस दिन शुभ कार्य पुण्य फलदायी माने जाते हैं। वैसे तो कुल बारह राशि में बारह संक्रांति होती है, पर मकर में सूर्य उत्तरायण होते हैं, जो शुभता का प्रतीक है। इसलिए मकर संक्रांति का विशेष महत्व होता है। इस दिन अंधकार का नाश होता है, रोगग्रस्त जातक बच्चों को सूर्य की रोशनी से स्वास्थ्य संबंधित लाभ होता है। शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।*

**बड़े होने लगते हैं दिन**

पुजारी शिवशंकर दुबे ने बताया कि इस दिन सूर्यदेव मकर में सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर प्रवेश करेंगे। यह समय मकर संक्रांति का क्षण होगा। सूर्य उत्तरायण होने के साथ दिन बदलते हैं और बड़े होने लगते हैं। सूर्य ने अग्नि को प्रतिपदा तिथि दी है जिसके स्वामी ब्रह्म भी है। उत्तरायण होने पर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया जाता है।

## सुख-समृद्धि देने वाला यह संयोग

*ज्योतिष के अनुसार, पुष्य नक्षत्र को बहुत शुभ माना गया है। यह नक्षत्र विकास, शुभता, धन, समृद्धि और आध्यात्मिक विकास का प्रतिनिधित्व करता है। ऋग्वेद में पुष्य को मंगल कर्ता, वृद्धि कर्ता और सुख समृद्धि देने वाला भी कहा गया है। मकर संक्रांति पर्व पर मंगल पुष्य योग बनने से इस दिन खरीदारी, दान पुण्य अधिक पुण्य फलदायी और शुभता वाली हो गई है।*

## इन वस्तुओं का करें दान, मिलेगा पुण्य फल

*तीर्थ स्नान के साथ तिल, उड़द, धान, खिचड़ी, गुड़ का दान किया जाता है, जिसके करने से पुण्य लाभ प्राप्त होता है। स्वास्थ्य संबंधित समस्या दूर होने लगती है। जो फसल आने और किसानों की खुशी का प्रतीक भी है।*

---

कोहरे के बीच बारिश की संभावना, शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

# पश्चिमी विक्षोभ से मौसम ने फिर ली अंगड़ाई

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम ने एक दम करवट बदली रविवार को सुबह से आसमान पर घने बादल छाए रहे। देर रात और सुबह घने कोहरे की चादर तन गई थी. 50 मीटर की विजिबिलिटी थी, जिससे वाहन चालकों को रौशनी में भी वाहन चलान में दिक्कत हुई, दोपहर में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, उसके बाद चली शीत लहर से जन जीवन प्रभावित हो गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है, कि पश्चिमी विक्षोप की वजह से पूर्वी मध्य प्रदेश के उपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है. जिससे अगले 24 घंटे के दौरान जिले के कई स्थानों पर पानी की बौछारें पड़ सकती हैं और कहीं कहीं वज्रपात भी हो सकता है। मौसम में आई तबदीली के कारण सड़कें जल्दी सूनी हो गईं थीं।

मौसम मे आए बदलाव की वजह से जनजीवन कांप उठा। सुबह तेज शीतलहर चलने से ठण्ड से राहत नहीं मिली और दिन में बूंदाबांदी के बाद बादलों की बसाहट से लोगों को दिन में ही अलाव का सहारा लेना पड़ा। ठंड के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सब्जी फल, दूध, ब्रेड बेचने वाले हों या अखबार के हॉकर, सबके लिए सुबह सितम से कम नहीं है।



मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24 घंटों में बारिश के बाद आसमान खुलते ही पारे में और गिरावट की संभावना के साथ शीतलहर का प्रकोप बढ़ने की संभावना भी जताई है। उत्तर भारत में हुए हिमपात के बाद उत्तरी दिशा से आ रही बर्फीली तेज हवाओं की रफ्तार ने पारे की अकड़ निकाल दी है। और ठण्ड ने अपना जलवा बिखेर दिया। दिन का तापमान नीचे उतर आया, जबकी बादलों की वजह से रात के तापमान में उछाल आया। मौसम विभाग के मुताबिक 2-3 दिन अभी शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। सुबह के वक्त हवा में नमी ज्यादा होने के कारण भोर की पहली पहर कोहरे की चादर से ढकी रही।



**अभी 2-3 दिन जारी रहेगा शीतलहर का प्रकोप**

### सबसे कम 7.5 डिग्री तaापमान मंडला में

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक हिमाचल व जम्मू काश्मीर में हुई बर्फबारी के बाद जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश के इलाकों में ठण्ड बरकरार रही। शीतलहर कहर बरपा रही है। बर्फीली हवाओं के सामने धूप भी अपना असर नहीं दिखा सकी। सूर्यास्त के बाद ठण्ड के तेवर और तीखे हो जाते हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 20.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 68 प्रतिशत और सायंकाल 86 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.54 बजे और सूर्यास्त शाम 5.45 बजे हुआ। उत्तर पूर्वी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 7.5 डिग्री तापमान मंडला जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान जिले के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं कुछ स्थानों पर हलकी वर्षा की भी संभावना है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

---

# कला और साहित्य के संरक्षण में बंग समाज का योगदान अतुलनीय : सिंह

## सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन के शताब्दी समारोह का शुभारंभ

**जबलपुर**। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कला और साहित्य के संरक्षण में बंग समाज के योगदान को अतुलनीय बताते हुए कहा है कि कोई भी संस्कृति तभी आगे बढ़ सकती है जब उसकी सांस्कृतिक विरासत नई पीढ़ी तक पहुंचती रहे, बंग समाज ने यह बखूबी किया है। लोक निर्माण मंत्री रविवार को बंग भाषियों की प्राचीन व प्रमुख संस्था सिटी बंगाली क्लब स्थित सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन का शताब्दी समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।



श्री सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन शताब्दी समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। वर्ष भर चलने वाले इस समारोह के शुभारंभ के अवसर पर श्री सिंह ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए शताब्दी गुब्बारे को आकाश में छोड़ा। श्री सिंह का बांग्ला रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। इस दौरान शंख और ऊलू ध्वनि से पूरा सभागृह गूंज उठा। शताब्दी समारोह के शुभांरभ के कार्यक्रम की शुरूआत रविन्द्र संगीत और वंदेमातरम् गायन के साथ शुरूआत हुई साथ ही स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन के शताब्दी समारोह की सफलता की कामना करते हुए कहा कि आज से सौ वर्ष पहले लाइब्रेरी की कल्पना करना और सौ वर्ष तक उसका सम्मानपूर्वक चलाने के साथ ही सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन बंग समाज के संकल्प, समर्पण तथा साहस का ही परिणाम है। श्री सिंह ने कहा कि सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन के शताब्दी समारोह की शुरूआत ऐसे अवसर पर हो रही है जब पूरा देश स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ऐसे महापुरूष थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत के ज्ञान की अलख जगाई। स्वामी विवेकानंद जानते थे कि भारत एक दिन विश्वगुरू के पद पर आसीन होगा और इसे विश्वगुरू के पद पर आसीन करने वाले देश के युवा ही होंगे। स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण और संस्कार की शिक्षा भी दी जायेगी। उनका मानना था कि बिना चरित्र निर्माण और बिना संस्कार की शिक्षा के युवा देश को विकास के रास्ते पर नहीं ले जा सकते।

# पर्यटकों के मन में बने जबलपुरवासियों की अच्छी छवि

**जबलपुर**। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में आयोजित कार्यशाला में नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह ने नगर वासियों से पर्यटकों के प्रति विनम्र व्यवहार रखने की अपील करते हुए कहा कि भेड़ाघाट के साथ पर्यटकों के मन में जबलपुरवासियों की भी अच्छी छवि बनना जरूरी है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) की महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत भेड़ाघाट में महिला पर्यटकों की सुरक्षा पर केंद्रित कार्यशाला के मुख्य अतिथि, जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह ने कहा कि भेड़ाघाट आने वाली महिला पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कौशल विकास प्रशिक्षित स्ट्रीट वेंडर महिलाओं को और सक्रियता दिखानी होगी ताकि भेड़ाघाट पहुंचने वाली महिला पर्यटक स्वयं को असुरक्षित न महसूस करे। नगर परिषद भेड़ाघाट के सीएमओ विक्रम झरिया ने धुआंधार स्थल को साफ सुथरा एवं सुंदर बनाने में जन समूह को सक्रिय होने के लिए कहा। नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह ने कहा कि भेड़ाघाट आने वाले सभी पर्यटकों को सही जानकारी देना उनके साथ कुशल व्यवहार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इससे यहां पहुंचने वाले पर्यटक जबलपुर और भेड़ाघाट की सुंदर छवि लेकर जाएं। बायपास संस्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के समापन पर सभी प्रशिक्षित महिलाओं को कैनोपी छाते वितरित किए गए एवं महिलाओं ने जागरूकता रैली भी निकली। कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, परियोजना समन्वयक प्रकाश राय तथा आनंदिता ठाकुर की सहभागिता रही।

---

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही मिलेगा

जबलपुर।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल के तहत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सोमवार 13 जनवरी को जबलपुर जिले की 43 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायतों जैसे कटरा बेलखेड़ा, सिमरिया, बरौदा छेड़ी, रमखिरिया, बरोदा (हड़ा), खजरी एवं कैथरा में शिविर आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायतों सेमरा, बड़खेडा, बिजौरी, भिड़की, गंगई, बगरई एवं खुलरी में भी शिविर लगाए जाएंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत कुंडम, मंझौली, सिहोरा, पनागर, और जबलपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की 34 हितग्राही मूलक योजनाओं और 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही 63 विभिन्न सेवाओं का वितरण भी किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का उद्देश्य जन-कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाना है।



# सम्पूर्ण जगत के अंधकार को दूर करते हैं भगवान सूर्य :-ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द

जबलपुर। श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में विश्वकल्याणर्थ पौष मास के पावन अवसर पर एक माह का सूर्य अर्चन पर आज रविवार को विशेष माना गया है. इस अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक किया गया तत्पश्चात 5100 गुलाबों के पुष्पों से सहस्त्रार्चन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा भगवान सूर्य का अर्चन किया गया इस अवसर ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज ने बताया कि भगवान सूर्यनारायण हमारे बीच प्रत्यक्ष रूप से रहते हैं और हम उनके प्रत्यक्ष रूप में ही दर्शन करते हैं अतुलित तेजस्वी, मुक्ति के द्वार स्वरूप तथा भगवान सूर्य के उदित हुए बिना मनुष्य सत्कर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकता है सूर्य सम्पूर्ण जगत के अन्धकार को दूर करने वाले हैं पूजन में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह , श्रीमति नीता पटेल,पद्मा मेनन, अनुराधा शरीन, पंकज दुबे,मधु यादव, सुनील तिवारी , वसुंधरा पाण्डेय, लालू श्रीवास्तव, तनिष्क सिंह मनीष पाण्डेय,मनोज सेन आदि उपस्थित रहे एक माह से चल रहे सूर्योपासना के समापन दिवस पर 13 जनवरी सोमवार को दोपहर 1:00 से भगवान सूर्यनारायण का विशेष पूजन एवं भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## सायबर जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सायबर अपराध से बचने सावधानी जरूरी : एसपी

**जबलपुर। जिले में बढ़ते साईबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिये पुलिस आम शहरवासियों को जागरुक करने का अभियान चला रही है. इसी क्रम में जागरूकता के लिए साइबर रथ को हरी झंडी दिखा किया रवाना. डिजीटल अरेस्ट, हैकिंग, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, स्पैम ईमेल, रैनसमवेयर, पोर्नग्राफी, ऑनलाइन ब्लैकमेल सहित साइबर बुलिंग जैसे साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और जनसामान्य में जागरूकता के उद्देश्य से एसपी सम्पत उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रथ रवाना किया है।**

एसपी ने कहा कि सावधानी रखने पर अधिकांश साइबर अपराधों बचा जा सकता है। साइबर क्राइम से संबंधित समस्या होने पर पीड़ित थाना सहित 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### हर तरह के फ्रॉड की जानकारी

साइबर जागरुकता रथ में हिंदी भाषा में ऑडिओ क्लिप तथा बैनर पोस्टर के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट,एटीएम और ओटीपी के माध्यम से किए जाने वाले फ्राड, फर्जी लिंक फ्रॉड, ओएलएक्स मार्केट ऐप वाले फ्रॉड, सेक्सटॉरसन फ्रॉड, फर्जी लोन ऐप फ्रॉड आदि के साथ ही सोशल मीडिया से संबंधित साइबर फिशिंग बुलिंग आदि से बचने की जानकारी दी जाएगी।

### शिकायत दर्ज कराने की अपील

रथ के माध्यम से साइबर क्राइम होने पर तत्काल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की अपील की जा रही है।



### अंजाने में भी न हो अपराध

बहुत से लोग सोशल नेटवर्किंग साइट पर सामाजिक, वैचारिक, धार्मिक और राजनैतिक अफवाह फैलाने का काम करते हैं, लेकिन यूजर्स उनके इरादें समझ नहीं पाते हैं और जाने-अनजाने में ऐसे लिंक्स को शेयर करते रहते हैं, यह भी साइबर अपराध और साइबर- आतंकवाद की श्रेणी में आता है।

### बैंक अपने धारक को नहीं करता कॉल

रथ के माध्यम से बताया जा रहा है कि आपको जाली ईमेल, मैसेज या फोन कॉल प्राप्त हो जो आपकी बैंक जैसा लगे जिसमें आपसे पूछा जाए कि आपके एटीएम नंबर और पासवर्ड की आवश्यकता है और यदि आपके द्वारा यह जानकारी नहीं दी गई तो आपको खाता बंद कर दिया जायेगा या इस लिंक पर सूचना दें। याद रखें किसी भी बैंक द्वारा ऐसी जानकारी कभी भी इस तरह से नहीं मांगी जाती है और भूलकर भी अपनी किसी भी इस प्रकार की जानकारी को इन्टरनेट या फोनकॉल या मैसेज के माध्यम से नहीं बताएं।

### बैनर-पोस्टर लगाकर भी करेंगे जागरूक

साइबर अपराधों में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सभी थाना एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता संबंधी बैनर पोस्टर भी लगाए जाएंगे।

### कंकाली मंदिर में संस्कार केन्द्र की स्थापना

# सीएम राइज स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार

*स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सी एम राइज राइस पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में श्रीमती संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष नगर पालिका के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत,श्रीमती रीता शुक्ला वार्ड पार्षद के विशिष्ट आतिथ्य की उपस्थिति में आयोजित किया गया।*



हरिभूमि सिहोरा।

विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके के बाद मुख्यमंत्री का प्रदेश के नाम संदेश प्रसारित हुआ तत्पश्चात प्रोटोकॉल के तहत विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की गतिविधियां की।अशोक राय और श्रीमती सुधा उपाध्याय के मार्गदर्शन में बच्चों ने समूह सूर्य नमस्कार की सभी मुद्राओं को स्वयं किया जिसे छात्र छात्राओं ने भी सूर्य नमस्कार के सभी आसन और प्राणायाम किया। प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने सूर्य नमस्कार और प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी शिक्षक एंव विद्यार्थी उपस्थित थे।

#### युवा दिवस पर संस्कार केंद्र की स्थापना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति द्वारा कंकाली मंदिर सिहोरा में संस्कार केंद्र की स्थापना की गई। इस केंद्र का उद्देश्य प्राचीन कालों से चले आ रहे संस्कारों को जीवंत करने के लिए संस्कार केंद्र के माध्यम से वह संस्कार दुबारा अपना सके बच्चों में संस्कार केंद्र के माध्यम से कुछ ज्ञान प्राप्त हो यह केंद्र अमृत साबित होगा।

संस्कार केंद्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन प्रमोद साहू के मुख्य आतिथ्य,पार्षद रीता शुक्ला बेबी पाल,रविचरण नौगरहिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। संस्था की कोषाध्यक्ष सारिका साहू ने बच्चों संस्कार केंद्र की गतिविधियों को बखूबी संचालित किया। यह केंद्र राखी तिवारी के नेतृत्व में अवकाश के दिनों में संचालित किया जाएगा जिसके लिए उत्तम साहित्य की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का संयोजन मीनू परिहार ने किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली,ओम प्रकाश तिवारी,मदन बर्मन आदि उपस्थित थे।



#### सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया

सीएम राइज विद्यालय मझौली में स्वामी विवेकानंद जी के 162वे जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया, एवं मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन दिया गया। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम का कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के सदस्य राजेश सिह ठाकुर मसाब एवं विद्यालय प्राचार्य संगीता राय, प्रधानाध्यापक अजय रैकवार,योग शिक्षक महेंद्र तिवारी एवं समस्त शिक्षकों की उपस्थित एवं छात्र छात्राओं की उपस्थित रहे।

## विवेकानंद व्याख्यान माला का आयोजन



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पाटन विकासखंड के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय पाटन में 12 जनवरी को 12 बजे से युगपुर स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम एमएसडब्ल्यू बस के छात्रों ने स्वामी जी के जीवन पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर सुरेंद्र सिंह प्रांत से धर्माचार्य प्रमुख विश्व हिंदू परिषद जबलपुर के द्वारा वैदिक भारत से वर्तमान भारत वह सशक्त भारत पर अपने विचार रखें श्रीमती नगर खर में विकासखंड समन्वयक अधिकारी पाटन द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का कार्य विवेकानंद जी के जीवन आदर्शों पर पर चलकर उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प है। ठा रामनारायण सिंह नवांकुर संस्था पाटन कुंवर शंकर सिंह जन कल्याण संस्था द्वारा मां भारती को मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाने का आदर्श और मूर्ति रूप स्वामी विवेकानंद जी के मार्ग पर चलना है आदि व्याख्यान रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हुए पाटन विकासखंड की नवांकुर संस्थाओं जितेंद्र राठौर श्रीमती अंजना विश्वकर्मा परामर्शदाता के रूप में रामराज यादव कामता प्रसाद सेन यशवंत सेन सत्यम रजक कमल झरिया कार्यक्रम का संचालन राजा यादव परामर्शदाता के द्वारा किया गया।

## विधायक ने किया शाल भेंटकर विप्रो का सम्मान



**सिहोरा।** विधायक संतोष बरकड़े ने सर्वोदय ब्राह्मण समाज की आयोजित बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का शाल भेंटकर स्वागत किया एंव अनेक विषयों पर चर्चा की तथा कहा कि समाज के कार्यो में हमेशा सहयोग रहेगा। इस अवसर पर सर्वोदय ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजेश कुररिया, शीतल दुबे, बालमुकुंद चौबे, प्रशांत परौहा, रमेशदत्त मिश्रा, विष्णु दत्त गौतम, एडवोकेट सुबोध पाण्डेय, मुनि चौबे, रामप्रताप उपाध्याय, के.के.कुररिया, अर्जुन गर्ग, घनश्याम बडगैंया, संतोष पाण्डेय, जगदीश प्यासी, डाक्टर अमित शुक्ला, रामलखन तिवारी, नवनीत शुक्ल, विजय दुबे, अमित कुररिया, संतोष उरमलिया, सतीश तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, अंकित तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया आदि उपस्थित थे।

## क्रमोन्नति की मांग पर ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन आज

**सिहोरा।** जिले के अंतर्गत कार्यरत प्राथमिक शिक्षक,माध्यमिक शिक्षक की प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के समयमान वेतनमान में हो रहे विलंब के विरोध में आज 13 जनवरी सोमवार को प्रत्येक ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री और आयुक्त के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।ज्ञापन शाम 4:30 बजे शाला अवधि समाप्ति पर होगा।यह घोषणा राज्य शिक्षक संघ जबलपुर ने की है। संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि दोनों जिम्मेदार कार्यालयों द्वारा क्रमोन्नति दिए जाने की ऐसी प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिसके पूरे होने के आसार ही नजर नहीं आ रहे है। किस संवर्ग का आदेश किस अधिकारी स्तर से होगा और किस कार्यालय स्तर पर लंबित है इसकी कोई भी जानकारी शिक्षको को उपलब्ध नहीं है। संघ ने सभी शिक्षक साथियों से ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालयों पर आज शाम 4 बजे एकत्र होने का आह्वान किया है।

# सांसद दुबे ने किया विद्युत सब-स्टेशन व आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



**सिहोरा।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सिहोरा संभाग के वितरण केन्द्र गोसलपुर में आरडीएस एस योजना अंतर्गत झांसी में नवनिर्मित विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण सांसद आशीष दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आशीष दुबे सांसद जबलपुर के मुख्य आतिथ्य,संतोष बरकड़े विधायक की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि आशीष दुबे ने कहा झांसी विद्युत उपकेन्द्र के बनने से ग्राम झाँसी,सिलुआ और आसपास के 18 ग्रामों के साथ ही 795 पंप उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी साथ ही रमखिरिया विद्युत उपकेन्द्र का भार कम होने से रमखिरिया के आसपास के 16 ग्रामों एवं 870 पंप उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

#### रमखिरिया में आंगनवाड़ी का लोकार्पण

इसी तरह सांसद एंव विधायक ने रमखिरिया में नवनिर्मित आयूष औषधालय एंव आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया तथा क्षेत्रीय जनो से भेंट की। इसी तरह शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में प्राचार्य एमडी पटेल के नेतृत्व में शाला परिवार ने सांसद,विधायक आदि का शाल श्रीफल से सम्मान किया एंव छात्र छात्राओं ने विद्यालय में कॉमर्स संकाय प्रारंभ करने हेतु निवेदन किया जिस पर सांसद ने विद्यार्थियों की भावनाओं को देखते हुए संस्था में कॉमर्स संकाय प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।

#### ये रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत झांसी एंव रमखिरिया के कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीमति रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष रानू तिवारी, श्रीमति मोनू पुष्पराज बघेल जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति भावना प्रिंस उपाध्याय सरपंच झांसी, कल्पना पटेल सरपंच रमखिरिया, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरहिया, अधीक्षण अभियंता नीरज कुचया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेश रतन सिंघई सहित अनेक अधिकारी एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुरानी रंजिश पर बुलेट सवार को मारी गोली, पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर कर रही जांच

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत कल दरमियानी रात डीडी चौक के समीप अपने दोस्तों से मिलकर लौट रहे बुलेट सवार युवक पर पुराने विवाद को लेकर तीन लोगों ने कट्टे से फायर कर दिया। तभी पुलिस वाहन के सायरन की आवाज सुनकर हमलावर मौके से भाग गये। घटना में युवक को पीठ, कुहनी में गोली लगी है। घायल युवक को इलाज के लिए मेट्रो अस्पताल लाया गया था। जहां हालत बिगडने पर उसे मेडीकल अस्पताल रिफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस इस घटना को संदिग्ध मानकर, घटना की जांच कर रही है। घटना के संबंध में माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि दीनदयाल चौक पर कल दरमियानी रात एक युवक घायल हालत में मिला था। जिसे इलाज के लिए मेट्रो अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे मेडीकल अस्पताल रिफर किया गया। घायल फुटेरा दमोह निवासी शिवा रैकवार ने बताया कि वहां मां रेवा नगर करमेता में एक वर्ष से किराये के मकान में रहकर सब्जी मंडी में दलाली का काम करता है। दमोह में उसके घर के पास रहने वाले मदन रैकवार से उसकी रंजिश चल रही है। दमोह में हुए कल्लू हत्याकांड में मदन को शंका है कि घटना में उसका हाथ है। इसी बात पर मदन शिवा से दुश्मनी रखता है। कल रात लगभग ११.*०बजे शिवा ने दमोह से आये अपने परिचित मुकेश रैकवार के साथ एक होटल में खाना खाया और दोनों घर जाने के लिए शहर निकले थे। तभी राहुल बुधोलिया का फोन आया कि तुमसे मिलना है तो शिवा ने कहा कि दीनदयाल चौक पर आकर मिलो। जहां कार से आये राहुल बुधोलिया, पियूष अग्रवाल व पवन बुधोलिया ने मिलकर शिवा अपने साथी मुकेश रैकवार के साथ बुलेट पर सवार होकर घर लौट रहा था। तभी दीनदयाल चौक के समीप शिवा को बम फेंकने का एहसास होने पर वह रुक गया। तभी सामने से मोटरसाइकिल से आये मदन रैकवार ने शिवा पर कट्टे से फायर कर दिया। इसके बाद मदन रैकवार, रामा रैकवार उसे घायल हालत में छोडक़र भाग गये।

### अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

## रोमांचक जीत के साथ प्रयागराज सेफा में पहुंची



**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के आज दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबला में प्रयागराज ने सिवनी 13 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय सिवनी टीम का सही साबित हुआ।जब उसने 55 पर 4 विकेट हासिल कर लिए। लेकिन प्रयागराज टीम के राहुल 36 रन और देवांश 26 की साझेदारी ने स्कोर को आगे बढ़ाया और लेकिन अन्य बल्लेबाजों का सहयोग ना मिलने के कारण पूरी टीम 15.4 ओवरों में 135 रनों में ऑल आउट हो गई। सिवनी की ओर से संकेत साहू ने 4 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी की टीम ने 53 रन पर अपनी शुरुआती चार विकेट गवा दिए। लेकिन श्रीमंत 28 रन, नवीन सिंह 22 रन, प्रतीक पासी 25 रन की छोटी-छोटी परियों की मदद से मैच को रोमांचकारी बनाया। लेकिन संदीप पटेल 3 विकेट और राहुल 2 विकेट तथा शुभम गुप्ता 2 विकेट के अंतिम ओवर में कसी गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 122 रन 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर बना पाई। राहुल को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन की दम पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के प्रारंभ में डॉक्टर अभिजीत बिश्नोई एवं पुरस्कार वितरण समारोह में गिरीश पालीवाल राजेंद्र चौरसिया मनोरंजन राय अब्दुल खान रजनीश कुररिया रिंकू मिश्रा सुनील सोनकर आशीष तिवारी राममिलन राजपूत रामराज राजपूत राहुल जैन विवेक कोष्टा रिजु नेम कपिल झरिया अभिषेक पांडे सहित सभी खिलाड़ी और अतिथियों उपलब्ध रहे। ग्रुप बी का पहला मुकाबला नेशनल क्लब मझौली और एलिसा क्लब जम्मू कश्मीर के बीच कल खेला जाएगा।

## महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पाटन।** तहसील कार्यालय और पुलिस थाना पाटन में ग्राम पौड़ी कला से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची और गांव में बिक रही अवैध शराब को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने तहसीलदार और थाना प्रभारी कोई ज्ञापन सौंपा और गांव में बिक रही अवैध शराब को रोकने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि ग्राम पौड़ी कला में कई जगहों पर अवैध शराब बेची जा रही है जिससे कि गांव में जमकर शराब खोरी होती है और असामाजिक तत्व गांव में जमकर हंगामा मचाते हैं यही नहीं गांव में छोटे-छोटे बच्चे भी शराब पीने लगे हैं तहसील कार्यालय और पुलिस थाने पहुंची महिलाओं ने शराब माफिया के ऊपर कारवाई की मांग की है और कुछ लोगों के नाम भी सौंपकर करवाई की मांग की है।

# नशामुक्त जबलपुर जनजागरण के लिए निकली विशाल पदयात्रा




**जबलपुर।** धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा गठित भगवती मानव कल्याण संगठन एक अखिल भारतीय जन कल्याणकारी संगठन है, जिससे देश के करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं, संगठन समाज में आपसी भाईचारा, नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, चरित्रवान, चेतनावान, पुरुषार्थी एवं परोपकारी समाज के निर्माण के साथ ही जातिभेद, छुआछूत, सांप्रदायिकता आदि सामाजिक बुराइयों को दूर करके समस्त जाति संप्रदाय को एक सूत्र में पिरोने का आध्यात्मिक कार्य कर रहा है।

नशा जिससे परिवार बर्बाद हो रहे हैं बच्चों एवं महिलाओं का जीवन बदतर होता जा रहा है नशे जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन पिछले 27 वर्षों से कार्य कर रहा है।

भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रयास से अब तक 25 लाख से अधिक परिवारों को नशामुक्त किया जा चुका है। इसी क्रम में भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्तिस्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी के नेतृत्व में संस्कारधानी को नशामुक्त बनाने के उद्देश से आज नशामुक्त जबलपुर जनजागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में केंद्रीय महासचिव अजय अवस्थी एवं सिद्धाश्रम चेतना आरुणि की भी शामिल रही। यात्रा में लगभग 10000 लोग शामिल हुए और जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया। यात्रा के साथ चल रहे रथ जिसमें माता भगवती आदिशक्ति जगजननी जगदंबा एवं परमपूज्य योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की संयुक्त छवि रखी है, को लोगों ने नमन किया और जगह जगह फूल, नारियल आदि भेंट कर हजारों ने यात्रा का स्वागत किया।

## 12 जुआड़ी गिरफ्तार, 8 हजार जप्त

**जबलपुर।** सिविल लाईन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पावर हाउस के पास चल रहे जुये के फड़ पर छापा मारकर 12 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर 8 हजार 200 रुपये जप्त किये हैं, यह लोग मंदिर के चबूतरे में बैठकर जुआ खेल रहे थे। सिविल लाईन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश दी यहां शंकर मंदिर के चबूतरा में लाइट के उजाले में अमित सिंह नेगी, राहुल पटैल, गोपाल सिंह चंदेल, संजय पाण्डै, शैलेन्द दुबे, रामाधार चैधरी उर्फ प्रिंस, विजय मिश्रा, सत्यप्रकाश वर्मा, पवन ठाकुर जुआ पकड़े गये। इसी प्रकर गोकुलदास धर्मशाला के पीछे दबिश देते पुलिस ने अरूण कोल, प्रदीप चैधरी, नीरज गोटिया को जुआ खेलते जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा. जुआरियों के पास तथा फड़ों से ताश के 52-52 पत्ते एवं 8200 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## सूने घर से तीन लाख के जेवर चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत आकाश विहार कालोनी चूंगीनाका में रहने वाले एक कॉलेज के छात्र के सूने घर का तोला तोडक़र अज्ञात चोर ने नगदी समेत * लाख के जेवर पार कर दिए। अज्ञात आरोपी पर धारा 331 (4) , 305(ए) का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि आकाश विहार कालोनी चूंगीनाका निवासी दीपेश विश्वकर्मा बीकाम की पढ़ाई कर ररहा है कल शाम 6.30 बजे दीपेश घर में ताला लगाकर अपनी बहन के घर प्रेम नगर गढ़ा चला गया था। जहां से दूसरे दिन दोपहर 12.30 बजे वह वापिस घर आया तो देखा कि घर के चैनल गेट व कमरे के ताले टूटे हैं। आलमारी खुली थीं ऊपर की पेटी में सोने की जेवर एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, दो चैन, 16 अंगूठी, संतान सातें की चूड़ियां नगदी गायब था। जिसकी कीमत 3 लाख रूपए बतायी गई है कोई अज्ञात चोर नगदी समेत 3 लाख के कीमते जेवर चोरी कर ले गया था।




**श्री विनोद कुमार अग्रवाल-** दरहाई निवासी श्री विनोद कुमार अग्रवाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धनेश खन्ना-** बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री धनेश खन्ना (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई पासी-** बगीचा नं. 67, सदर निवासी श्री रूपलाल पासी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई पासी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई राजपूत-** टंडन काम्पलेक्स लोधी मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री मोहन सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई राजपूत (69) का निधन हो गया। श्री अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेश अरोड़ा-** दुर्गा नगर ग्वारीघाट निवासी श्री राजेश अरोड़ा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साधू बंशकार-** प्रेरमसागर बंगाली कॉलोनी निवासी श्री साधू बंशकार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भोपाल सिंह-** ओम कला मंदिर चांदमारी लालमाटी निवासी श्री भोपाल सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमोल शर्मा-** कांचघर निवासी श्री नरोत्तम दास शर्मा के पुत्र श्री अमोल शर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री खेत सिंह ठाकुर-** घड़ी चौक विजयनगर निवासी श्री खेत सिंह ठाकुर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला बाई भोजक-** खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री गुलाब भोजक की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई भोजक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजा यादव-** मांडवा रामपुर निवासी श्री सुशील यादव के पुत्र श्री राजा यादव (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन बर्मन-** गोरखपुर बनारसी दास भानोत वार्ड निवासी श्री मोहन बर्मन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बलराम सिंह-** सिद्धबाबा लालमाटी चाचा किराना के पास निवासी श्री बलराम सिंह (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन नायकर-** कांचघर निवासी श्री मोहन नायकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू राजपूत-** सीता पहाड़ बजरिया रिज रोड निवासी श्री सोहन लाल राजपूत के पुत्र श्री राजू राजपूत (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री संतोष कुमार चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव प्रसाद पटेल-** गाजी नगर लेगा गार्डन के पास अधारताल निवासी श्री शिव प्रसाद पटेल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश लाल शर्मा-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जगदीश लाल शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री आकाश दीप वाल्मीक-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री राजेंद्र वाल्मीक के पुत्र श्री आकाश दीप वाल्मीक (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी सिंह मार्को-** मानेगांव पटेल नगर रांझी निवासी श्री लक्ष्मी सिंह मार्को (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या भोजवानी-** नर्मदा नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्रीमती कौशल्या भोजवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास से होंगे विकास कार्यः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां नर्मदा के परिक्रमा पथ का श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विकास किया जाएगा। इसके लिए कैबिनेट उप समिति का गठन किया गया है। परिक्रमा पथ के विकास के लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से विशेष कार्य योजना तैयार कर विकास कार्य कराए जाएंगे।

परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों के विकास, पौधरोपण, आवास निर्माण, अन्न क्षेत्र निर्माण आदि कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को इंदौर में अष्टधातु से निर्मित मां नर्मदा की अलौकिक प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर नगर निगम से विकसित मां नर्मदा चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने शंख ध्वनि और मां नर्मदा के जयकारों के बीच मां नर्मदा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक का गान भी हुआ।



# मुख्यमंत्री ने इंदौर में अष्टधातु से निर्मित मां नर्मदा की अलौकिक प्रतिमा का किया अनावरण, कहा- नर्मदा परिक्रमा पथ किया जाएगा विकसित

**पौधरोपण, आवास निर्माण, अन्न क्षेत्र निर्माण कार्य किए जाएंगे**

**मां नर्मदा चौराहे के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण**



नर्मदा अष्टक का गान भी हुआ, लोकार्पण के अवसर पर गूंजे मां नर्मदा के जयकारों

### नर्मदा एकमात्र ऐसी नदी, जिसकी पूरी परिक्रमा की जाती है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा आध्यात्मिक रूप से विशेष महत्व रखती है। यह एकमात्र ऐसी नदी है, जिसकी श्रद्धालुओं द्वारा पूरी परिक्रमा की जाती है। इसके तट तपोभूमि और साधना स्थली है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा, इसके लिए हम योजना तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मप्र में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

**मां नर्मदा के तट तपोभूमि और साधना स्थली**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा का इंदौर में विशेष महत्व एवं आशीर्वाद है।

---

### मुख्यमंत्री ने सेंधवा और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का किया भूमिपूजन

# सेंधवा परियोजना का नाम निमाड़ के गांधी रामचंद्र पर तो निवाली परियोजना का नाम होगा टंट्या मामा के नाम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर खेत को पानी और हर हाथ को रोजगार दिलाना हमारा संकल्प है। पारस के स्पर्श से लोहा जिस प्रकार सोना हो जाता है, उसी प्रकार धरती को पानी मिले तो वह सोना उगलती है। प्रदेश में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से हम इस संकल्प को पूरा करेंगे। हम हर गांव तक और हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। यह पानी अगर 60-70 वर्ष पहले खेतों को मिल जाता तो आज देश की दशा ही बदल जाती।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को बड़वानी जिले की सेंधवा कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 1402.74 करोड़ रुपए की लागत वाली सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और 1088.24 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दोनों परियोजनाओं का नामकरण करते हुए कहा कि सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना निमाड़ के गांधी रामचंद्र विट्ठल के नाम पर और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का नाम टंटया मामा के नाम पर होगा।

**खास बातें**

- 1402 .74 करोड़ से सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना व 1088 .24 करोड़ की लागत से निर्मित होगी निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना
- मां नर्मदा के जल से सिंचित होगी बड़वानी जिले की कृषि भूमि : सीएम



### डॉ. मोहन ने हितग्राहियों और प्रबुद्धजनों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किए। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के लाभ और उससे उनके जीवन में आए बदलाव के बारे में जाना। इस दौरान डॉ. मोहन ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों से संवाद भी किया और उनकी ओर से किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 58.463 करोड़ की लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

**_सेंधवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना_**

*सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 98 ग्रामों में लगभग 44148.50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा होगी। परियोजना से लगभग 53 हजार कृषक लाभान्वित होंगे। बड़वानी तहसील के ग्राम खेड़ी के समीप से नर्मदा नदी के जल को 2.70 मीटर व्यास की पाइप लाइन के माध्यम से 501 मीटर की उंचाई तक जल उद्वहन किया जाएगा। दाब-युक्त जल से कृषक स्प्रिंकलर, ड्रिप के माध्यम से सिंचाई का लाभ ले सकेंगे एवं कम जल से अधिक सिंचाई का लाभ मिलेगा। इस पद्धति से सिंचाई के लिए किसानों को भूमि समतल करने की आवश्यकता नहीं होगी। परियोजना के मुख्य पाइप लाइन की कुल लंबाई 56.394 किमी है।*

**_निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना_**

*निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के 87 ग्रामों में लगभग 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के तहत तहसील पाटी के ग्राम बोरखेड़ी के समीप से नर्मदा नदी के जल को 2.60 मीटर व्यास की पाइप लाइन के माध्यम से 465 मीटर की उंचाई तक जल उद्वहन किया जाएगा। दाब-युक्त जल से कृषक स्प्रिंकिलर, ड्रिप के माध्यम से सिंचाई का लाभ ले सकेंगे एवं कम जल से अधिक सिंचाई का लाभ मिलेगा।*

**_हर पात्र व्यक्ति को मिलेगा पक्का मकानः मुख्यमंत्री_**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बदलाव का दौर है। हम हर व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाएंगे, जन कल्याण हमारा मकसद है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 26 जनवरी तक हर पंचायत, हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं और शासन की विभिन्न योजनाओं का जनता को लाभ दिया जा रहा है। हमारी सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। गरीब, महिला, युवा और किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति को पक्का मकान दिलाने के लिए भी संकल्पित है। जो व्यक्ति छूट गए हैं, उनका दोबारा सर्वेक्षण कराया जाएगा।*

**स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुरू होगा युवा शक्ति मिशन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा के प्रदेश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। पलायन भी रुकेगा। बड़ी संख्या में सरकारी और निजी क्षेत्र में भर्तियां की जाएगी। स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस से हम प्रदेश में युवा शक्ति मिशन शुरू कर रहे हैं। इसके तहत युवाओं के कल्याण, विशेष रूप से उन्हें रोजगार दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। आज रविवार को लाडली बहनों की राशि उनके खातों में अंतरित की जाएगी।

---

### डीवीसीएम रैंक की नक्सली पर था 8 लाख का इनाम

## खूंखार नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

खूंखार नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है जिस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी भी थी।

कौड़ोसाल्हेभाट गांव से पुलिस ने प्रभाकर की पत्नी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक राजे कांगे ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण



देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था। अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## सुरक्षा बल और नक्सलियों में मुठभेड़ तीन नक्सली के मारे जाने की खबर

**बीजापुर।** नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम ने नक्सली विरोधी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान रविवार की सुबह नेशनल पार्क क्षेत्र में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। यह मुठभेड़ अब भी रुक-रुक कर जारी है। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। भोपालपटनम के मद्देड़ इलाके में बन्देपारा-कोरणजेड के जंगलों में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुबह से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है। पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल सर्च अभियान में जुटे हुए हैं और विस्तृत जानकारी अभियान समाप्त होने के बाद साझा की जाएगी।



**_इलाके की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद_**

*इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिल रही है। घटना के बाद से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नक्सली गतिविधियों को लेकर इस क्षेत्र में पहले भी कई बार बड़े अभियान चलाए गए हैं। फिलहाल, सर्च अभियान जारी है और सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी के साथ स्थिति को नियंत्रित कर रहे हैं।*

---

**खबर संक्षेप**



### डॉ. काउंट सीजर मैटी की मनाई जयंती

**भोपाल।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी की 216वीं जयंती शनिवार को काउंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक सिस्टम ऑफ मेडिसिन कार्यालय में मनाई गई। कार्यक्रम में डॉ. मैटी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एएन बक्शी ने डॉ. मैटी के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कई चिकित्सक और प्रैक्टिशनर उपस्थित थे। उन्होंने डॉ. मैटी के विचारों और सिद्धांतों को याद किया और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करेगा संघर्ष मोर्चा

**भोपाल।** प्रदेश के 10 लाख अधिकारी कर्मचारी, स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी की मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए मप्र राज्य अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है। संघर्ष मोर्चा का प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे को बनाया गया। सदस्य के रूप में अनिल बाजपेई, अरुण वर्मा, सुरसरि प्रसाद पटेल, ध्यानेंद्र खरे, घनश्याम कटारे आदि को शामिल किया गया। अशोक पांडे ने बताया कि संघर्ष मोर्चा मांगों को लेकर सरकार से सार्थक संवाद कर 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जनवरी माह के लिए अंतिम सप्ताह में सौंपेंगा।

---

### उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक श्रोती ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

## सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगों के अनुकूल बनाने लागू किए जाएं सख्त दिशा-निर्देश और कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक पूनम श्रोती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बताया है कि सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगों के अनुकूल बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश और कानून लागू किए जाएं, जिससे उन्हें कहीं भी कोई असुविधा न हो।



सुश्री श्रोती ने अपनी उज्जैन और ओंकारेश्वर यात्रा का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री को लिखा है कि उज्जैन और ओंकारेश्वर की यात्रा के दौरान मुझे अत्यंत अव्यवस्थित और दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा। उन्होंने लिखा कि यह केवल एक उदाहरण है। पूरे देश में दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों और परिवहन व्यवस्थाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसलिए सुश्री श्रोती ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि 'एक्सेसिबल इंडिया कैपेन' का व्यापक और निष्पक्ष ऑडिट किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाए जाए। वहीं उन्होंने मांग की है कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लिखा है कि एक दिव्यांग व्यक्ति के रूप में मुझे ऐसा लगता है कि मेरे बुनियादी मानवाधिकार स्वतंत्रता का अधिकार और समानता का अधिकार बार-बार बाधित हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या का समाधान करें।

---

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग की आवश्यकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केंद्र ने तीन दिवसीय विज्ञान पर्व एवं केंद्र की 30वीं वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन शनिवार को इंटरैक्टिव सत्र और लोकप्रिय वार्ता आयोजित की।

राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के पूर्व निदेशक डॉ. शंकर वी. नाखे ने आने वाले दिनों में भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विज्ञान शिक्षा से लेकर परमाणु और लेजर तकनीक, अंतरिक्ष अन्वेषण, रेलवे और सेलफोन तक कई तरह के सवालों के जवाब दिए। इंटरएक्टिव सत्र एवं लोकप्रिय वार्ता में लगभग 300 छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

---

### कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम आसना का मामला

## युवक ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम आसना में बीती रात एक युवक ने घर में स्थित पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की जांच में जुटी है।

मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी शिवानंद सिह ने बताया कि आसना निवासी सुधीर कश्यप 26 वर्ष रोजाना की तरह अपने काम मे गया हुआ था, जहाँ से शाम को वापस अपने घर



आने के बाद परिजनों के साथ खाना खाने के बाद सोने के लिए चला गया। रात में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने उसे पेड़ में लटका हुआ देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

---

### नारायणपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में बोले डिप्टी सीएम अरुण साव

# युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रविवार को नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग कर रही है।

युवाओं की अच्छी शिक्षा के लिए नारायणपुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन आश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और समाज के उत्थान के कार्य हो रहे हैं। युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा, साहस और आत्मविश्वास के साथ भयमुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी कुशाग्र बुद्धि से भारतीय दर्शन और संस्कृति को देश-विदेश में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 सितम्बर 1893 में शिकागो की धर्मसभा में जो संबोधन दिया, वह अविस्मरणीय है। वन मंत्री केदार कश्यप और रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा क्षेत्र में संचालित की जा रहीं विभिन्न गतिविधियां और सामाजिक उत्थान के कार्य अनुकरणीय है। बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनाने कलात्मक दृष्टि से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलता से कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा, साहस और आत्मविश्वास के साथ भयमुक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन का अनुसरण कर अपने जीवन को सफल बनाएं। मनुष्य के दिल में देश और मातृभूमि के प्रति हमेशा सम्मान की भावना होनी चाहिए। परिश्रम ही अच्छा जीवन प्राप्त करने का साधन है। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा और स्वतंत्रता सेनानियों का जिक्र करते हुए उनके बताए मार्गों पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि आज पूरा देश युवाओं के साथ खड़ा है। नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन 1984 से काम कर रहा है।

अबूझमाड़ के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए इस आश्रम की स्थापना हुई है। यहां के बच्चे आश्रम में पढ़ाई कर सफल होकर समाज में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, जिला पंचायत के सीईओ वासु जैन और स्वामी अनुभवानंद सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद रहे।



**रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी का हेटेरो ग्रुप से अधिग्रहण हुआ पूरा




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने हेटेरो ग्रुप से 125 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परिसंपत्तियों का अधिग्रहण लगभग 630 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। 125 मेगावाट के पोर्टफोलियो में आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में स्थित पवन ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

### सीईएससी का लाभ 6.3% घटकर 282 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** बिजली उत्पादन और वितरण कंपनी सीईएससी लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 6.3 प्रतिशत घटकर 282 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में 301 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। इस तिमाही में कुल खर्च 3,497 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,595 करोड़ रुपये हो गया।

### अदाणी विल्मर में हिस्सेदार बेच जुटाए 4850 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने फॉर्च्यून ब्रांड के तहत संचालित होने वाली कंपनी अदाणी विल्मर में अपनी 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 4,850 करोड़ रुपये जुटाए। अदाणी समूह ने कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर (13.50 प्रतिशत इक्विटी) 10 जनवरी को गैर-खुदरा निवेशकों को और 13 जनवरी को खुदरा निवेशकों को 275 रुपये प्रति शेयर के आधार मूल्य पर बेचने की घोषणा की थी।

### एचडीएफसी बैंक को हुआ पूंजीकरण में नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 1,844.2 अंक या 2.32 प्रतिशत नीचे आया।

### ओडिशा में एसीएसआईएल ने गन्ने का मूल्य बढ़ाया



**ब्रह्मपुर।** ओडिशा में 'अस्का कोऑपरेटिव शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसीएसआईएल)' की प्रबंध समिति ने इस साल गन्ने का मूल्य 420 रुपये बढ़ाकर 3,500 रुपये प्रति टन कर दिया है। एसीएसआईएल के प्रबंध निदेशक सुशांत कुमार पांडा ने बताया कि इस बार मिल 10 किलोमीटर से अधिक दूरी के मामले में गन्ने के परिवहन का खर्च भी वहन करेगी।

### बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** शिकॉगो एक्सचेंज के मजबूत रहने के कारण बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। इस दौरान मूंगफली तेल को छोड़कर सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन, मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। मूंगफली तेल के भाव पूर्व सप्ताह के स्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि जाड़े की मांग निरंतर बढ़ रही है।

# मुकदमेबाजी कम करने आ सकती है सीमा शुल्क माफी योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुकदमेबाजी को कम करने के प्रयासों के तहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी आम बजट में कारोबारी सुगमता के उद्देश्य से सीमा शुल्क के लिए माफी योजना की घोषणा कर सकती हैं।

- सरकार का उद्देश्य मुकदमेबाजी को कम करना है

प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के प्रबंध निदेशक अनुराग सहगल ने कहा, "उद्योग की मुख्य मांगें निश्चित रूप से सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप होंगी और सरकार का एक उद्देश्य मुकदमेबाजी में कमी लाना है। इस मोर्चे पर, सीमा शुल्क के लिए माफी योजना, विशेष रूप से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से पहले के विरासती करों जैसे अतिरिक्त शुल्क, विशेष अतिरिक्त शुल्क को कवर करना उद्योग की मांगों में से एक रहा है।"

**आम बजट में कारोबारी सुगमता बढ़ाने योजना लाई जा सकती है**

### 40 हजार से अधिक मामले लंबित

सरकार ने पहले भी उत्पाद शुल्क और सेवा कर तथा आयकर के लिए माफी योजनाओं की घोषणा की थी, लेकिन सीमा शुल्क के लिए ऐसा कोई कदम नहीं उठाया था। अनुमान है कि अकेले सीमा शुल्क से संबंधित 40,000 से अधिक मामले विभिन्न न्यायालयों और न्यायाधिकरणों में लंबित हैं।

*करदाता व सरकार करने होंगे प्रयास : एक अन्य परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया ने कहा कि सीमा शुल्क से संबंधित मुकदमे विभिन्न मंचों पर लंबे समय से लंबित हैं और इन्हें सुलझाने के लिए करदाता और सरकार दोनों को काफी समय और प्रयास खर्च करने की आवश्यकता है।*



### समाधान योजना शुरू की जाए

ईवाई इंडिया ने यह भी सुझाव दिया कि लंबित विवादों के निपटारे और समाधान के लिए सीमा शुल्क कानून के तहत एकमुश्त विवाद/मुकदमेबाजी।

### न्यायिक प्रक्रिया के बोझ को कम करना होगा

डेलॉयट इंडिया के साझेदार महेश जयसिंह के अनुसार, सरकार को विवादों को सुलझाने के लिए लंबे समय से चल रहे मुकदमेबाजी को समाप्त करना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया के बोझ को कम करना चाहिए तथा तकनीकी प्रगति और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम चलन के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कानून को उन्नत करना चाहिए।

### माफी योजना का होगा स्वागत

जयसिंह ने कहा, "सबका विश्वास की तर्ज पर माफी योजना एक स्वागतयोग्य कदम होगा। उद्योग वर्षों से सीमा शुल्क के तहत लंबित मुकदमेबाजी के मामलों को हल करने के लिए ऐसी योजना का इंतजार कर रहा है। इससे विशेष रूप से छोटे व्यवसायों को पिछले विवादों से बचने और एक साफ सुथरी छवि के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलेगी"।

*दरें तर्क संगत बनाने होगी : सहगल ने कहा कि सीमा शुल्क पर उद्योग की एक और महत्वपूर्ण इच्छा 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करने के लिए दरों को तर्कसंगत बनाने की होगी। उन्होंने कहा, "आपके पास कई क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम आ रहे हैं।*

## निर्यातक और आयातक सरकार के साथ मिलकर कार्य करे: विशेषज्ञ

# इस साल भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ट्रंप 2.0, एआई से प्रभावित होगा वैश्विक व्यापार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भू-राजनीतिक दबाव, निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका में नए सिरे से व्यापार युद्ध की संभावना, स्थिरता-आधारित अड़चनों में वृद्धि, प्रमुख क्षेत्रों में चीन की अत्यधिक क्षमता और कृत्रिम मेधा (एआई) में तेजी से प्रगति जैसे कारक 2025 में वैश्विक व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेंगे। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।*

भारतीय निर्यातकों और आयातकों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को अपनी एआई रणनीति को प्राथमिकता देने की जरूरत है, क्योंकि यह कारोबार लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को बदलने और व्यापार के पारंपरिक तरीकों को नया आकार देने की क्षमता रखता है।

### एआई महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में उभर रहा

व्यापार विशेषज्ञ और हाई-टेक गियर्स के चेयरमैन दीप कपूरिया ने कहा, "एआई तेजी से भविष्य के व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभर रहा है। एआई-आधारित डिजिटल बदलाव न केवल सेवा व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि यह वाहनों से लेकर रोबोटिक्स और उससे भी आगे व्यापार योग्य एआई-आधारित वस्तुओं की पूरी नई श्रेणियां भी बना सकता है।"

### संसाधनों का इस्तेमाल बढ़ाना होगा

कपूरिया ने कहा, हालांकि भू-राजनीतिक दबाव को 'प्रभावित' कर पाना निजी क्षेत्र की क्षमता से परे है, लेकिन विकासशील देशों के व्यवसायों को पर्यावरणीय और सामाजिक, दोनों तरह के स्थिरता मापदंडों और बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधनों का इस्तेमाल करने की जरूरत है।



- चीन अपनी अत्यधिक क्षमता से वैश्विक व्यापार प्रभावित करेगा
- भारत को अपनी एआई रणनीति को प्राथमिकता देने की जरूरत
- एआई तेजी से भविष्य के व्यापार के लिए एक साधन के रूप में उभर रहा

*पूरे महाद्वीप के देश पुनर्मूल्यांकन कर रहे : कपूरिया ने कहा, "पहले कोविड-19 महामारी, उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में संकट के कारण कई वर्षों के झटकों के बाद, पूरे महाद्वीप के देश अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। वे अपनी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के अनुरूप नए साझेदारों के साथ जुड़ाव की संभावना तलाश रहे हैं।"*

### ट्रंप की नीति कर सकती है प्रभावित

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन जैसे देशों पर उच्च शुल्क लगाने की चेतावनी दी है। कपूरिया ने कहा कि अमेरिका का दृष्टिकोण जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करने वाला है, जो मिलकर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार तथा एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह में महत्वपूर्ण व्यवधान पैदा कर सकता है।

### कॉर्बन उत्सर्जन नापने प्रामाणिक एजेंसी की जरूरत

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि एक ऐसी प्रमाणित एजेंसी की जरूरत है जो घरेलू विनिर्माण में कॉर्बन उत्सर्जन को माप सके। कुमार ने कहा, "हमने कुछ विदेशी एजेंसियों को इस दिशा में हमारे साथ काम करने को कहा है, क्योंकि ईयू के उपाय भारतीय निर्यातकों के लिए गंभीर मुद्दा पैदा करते हैं।"

### आपूर्ति श्रृंखला को टिकाऊ बनाना जरूरी

कपूरिया ने कहा, "कंपनियों के लिए जी वी सी (वैश्विक मूल्य श्रृंखला) में एकीकृत होने के लिए स्थिरता संकेतकों का अनुपालन करना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यूरोपीय संघ (ईयू) के कॉरपोरेट स्थिरता उचित जांच-परख संबंधी निर्देशों के तहत कानूनी रूप से आपूर्ति श्रृंखला को टिकाऊ बनाना जरूरी हो जाता है।"

# बीएसएनएल सौदे का प्रभाव कम होने से टीसीएस का लाभ बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने जताई उम्मीद
- टीसीएस देश की सबसे बड़ी साफ्टवेयर निर्यातक कंपनी है

अगली कुछ तिमाहियों में सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ सौदे के प्रभाव में अपेक्षित कमी से प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को लाभ मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह उम्मीद जताई है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) समीर सेकसरिया ने यहां बताया कि देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी हाल ही में अधिग्रहीत भूमि पर दीर्घावधि में बेंगलुरु में 25,000 से अधिक सीट की क्षमता बनाने पर विचार कर रही है। सेकसरिया ने बीएसएनएल सौदे के मार्जिन पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक सवाल का उत्तर देते हुए कहा, "वही कार्यक्रम (बीएसएनएल) पोर्टफोलियो स्तर पर कम हो रहा है, समग्र स्तर पर, इससे लाभ होगा (मार्जिन पर)। सीएफओ ने परिचालन लाभ के मोर्चे पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में कोई संख्या बताने से इनकार कर दिया। कंपनी का परिचालन लाभ मार्जिन दिसंबर तिमाही के लिए 24.5 प्रतिशत रहा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि इसका लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

### अन्य स्त्रोतों से राजस्व की पूर्ति करेगी

सेकसरिया ने कहा कि कंपनी अपने सभी बाजारों में अन्य स्रोतों से बीएसएनएल के घटते राजस्व की पूर्ति करेगी।

# एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 22,194 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- दिसंबर माह में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था
- कमजोर नतीजे, डॉलर की मजबूती के कारण एफपीआई बिकवाल

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी की है। कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की संभावना, डॉलर में मजबूती तथा डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध तेज होने की आशंका के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।

इससे पहले दिसंबर माह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वैश्विक और घरेलू मोर्चे पर अड़चनों के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में अपना निवेश घटा दिया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''भारतीय बाजारों से विदेशी कोषों की निकासी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें कंपनियों के तिमाही नतीजे कमजोर रहने की आशंका, ट्रंप प्रशासन में शुल्क युद्ध की संभावना, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में सुस्ती, ऊंची महंगाई तथा भारत में ब्याज दरों में कटौती का दौर शुरू होने को लेकर असमंजस शामिल है। इसके अलावा भारतीय रुपये का रिकॉर्ड निचला स्तर, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल और भारतीय शेयर बाजार के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं।

### 2024 में 427 करोड़ का शुद्ध निवेश किया था

बीते साल यानी 2024 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। वहीं 2023 में उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में बड़ी राशि यानी 1.71 लाख करोड़ रुपये डाले थे।

# ओपीजी मोबिलिटी की 400 करोड़ जुटाने की योजना



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता ओपीजी मोबिलिटी (पूर्व में ओकाया ईवी) अपनी वृद्धि योजनाओं के लिए अगले 18 से 24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अंशुल गुप्ता ने यह जानकारी दी है। कंपनी का इरादा अपने पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने का है। गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कंपनी हाल में नए सिरे से ब्रांडिंग की प्रक्रिया से गुजरी है। उन्होंने बताया कि कंपनी का दोपहिया कारोबार 'फेराटो' ब्रांड के तहत रहेगा और इस साल कंपनी की योजना दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर और दो संस्करण वाली एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल उतारने की है। उन्होंने बताया कि कंपनी का तिपहिया कारोबार 'ओटीटीओपीजी' ब्रांड के तहत रहेगा।

# चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह में कोयला आयात बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आयात दो फीसदी बढ़कर 18 .20 करोड़ टन रहा

भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) के दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 18.20 करोड़ टन से अधिक रहा है। बिजनेस-टू-बिजनेस ई-कॉमर्स कंपनी 'एमजंक्शन सर्विसेज' लिमिटेड द्वारा संकलित आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 17.81 करोड़ टन कोयले का आयात किया था। हालांकि, नवंबर महीने में देश का कोयला आयात घटकर 1.95 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.23 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, कोयला आयात की मात्रा में गिरावट आई है, जो बाजार उम्मीदों के अनुरूप है। घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता ने स्पॉन्ज आयरन और स्टील जैसे उपभोक्ता क्षेत्रों से आयात मांग को कम कर दिया है।



*कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर : सरकार कोयले का उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने पर जोर दे दी है। मौजूदा आयात नीति के अनुसार, उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से खुद आसानी से कोयले का आयात कर सकते हैं।*

### रेलवे ने पहियों का आयात कम करने किया समझौता...



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेल पहियों का आयात कम करने के लिए एक भारतीय कंपनी के साथ गठजोड़ किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारतीय रेलवे पहियों की जरूरतों के लिए मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। रेलवे के अनुसार, वह 1960 के दशक से ही इंजनों और कोचिंग स्टॉक (एलएचबी) के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के पहियों (फोर्ज्ड व्हील्स) का आयात ब्रिटेन, चेक गणराज्य, ब्राजील, रोमानिया, जापान, चीन, यूक्रेन और रूस से करता रहा है। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "वर्ष 2024-25 के दौरान चीन और रूस/यूक्रेन से लगभग 900 करोड़ रुपये के पहिये आयात किए गए और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) से 40,000 पहिये मंगवाए गए। वर्तमान में रूस-यूक्रेन संकट के कारण पहियों का ज्यादातर आयात जरूरत चीन से पूरी की जा रही है।"

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- महंगाई के आंकडे व एफआईआई की गतिविधियां भी डालेगी प्रभाव
- इंफोसिस और रिलांयस जैसी कंपनियों का आएगा परिणाम

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे आने हैं। इसके अलावा निवेशकों की निगाह कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी।

पिछले सप्ताह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। निवेशक बड़ी कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।गौड़ ने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी एएमसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी।

### मुद्रास्फीति के आंकडे मंगलवार को आएंगे

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''सोमवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे, जो बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे।

### इंडियाबुल्स रियल एस्टेट और एंबैसी ग्रुप के विलय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** इंडियाबुल्स रियल एस्टेट (आईबीआरईएल) और एम्बैसी ग्रुप को बड़ी राहत देते हुए अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने प्रक्रिया पर रोक लगाने वाले एनसीएलटी के आदेश को खारिज करते हुए दोनों रियल एस्टेट कंपनियों के विलय की योजना को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की दो सदस्यों वाली पीठ ने कहा, "हम एनसीएलटी की चंडीगढ़ पीठ के विवादित आदेश को खारिज करते हैं ।

## पिछले साल सरकार ने कंपनियों को गैस आवंटन घटा दिया था

# सरकार ने आईजीएल, अदाणी को गैस आपूर्ति बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सरकार ने गैस आपूर्ति में 40 फीसदी तक कटौती की थी

सरकार ने शहर गैस वितरण कंपनियों...इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल), अदाणी-टोटल और महानगर गैस लि. (एमजीएल) को सस्ती गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है।

इन कंपनियों ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। बीते साल यानी 2024 में सरकार ने इन कंपनियों को गैस आवंटन घटा दिया था। पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में सरकार ने सीमित उत्पादन के मद्देनजर शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस (मुंबई हाई और बंगाल की खाड़ी जैसे पुराने क्षेत्रों से निकलने वाली सस्ती प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक कटौती की थी। इसके कारण शहरी गैस वितरण विक्रेताओं ने सीएनजी के दाम दो-तीन रुपये किलोग्राम बढ़ा दिए थे।

### कंपनियों को ऊंचे दाम वाला ईंधन खरीदना पड़ा था

इसकी वजह यह है कि इन कंपनियों को ऊंचे दाम वाला ईंधन खरीदना पड़ा था। इससे डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधन की तुलना में सीएनजी कम आकर्षक रह गई है। इसके बाद, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 31 दिसंबर, 2024 के अपने आदेश के जरिये जमीन के नीचे और समुद्र के नीचे से उत्पादित गैस के कुछ आवंटन को फिर से व्यवस्थित किया है।



### गैस आपूर्ति 31 फीसदी तक बढ़ाई गई

इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, ''गेल (इंडिया) लिमिटेड (घरेलू गैस आवंटन के लिए नोडल एजेंसी) से प्राप्त पत्र के अनुसार, आईजीएल को घरेलू गैस आवंटन 16 जनवरी, 2025 से 31 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इससे सीएनजी खंड में घरेलू गैस की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत हो जाएगी।''

### प्रतिदिन 25.5 करोड़ घनमीटर गैस का उपयोग

मंत्रालय ने एलपीजी उत्पादन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की गेल और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) को आपूर्ति घटाने का आदेश दिया है और इसकी कुछ मात्रा शहरी गैस वितरण इकाइयों को स्थानांतरित की है। इसके अनुसार, एलपीजी उत्पादन के लिए प्रतिदिन कुल 25.5 करोड़ मानक घनमीटर गैस का इस्तेमाल किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### मोनिका शुक्ला महर्षि पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर।** 23वां महर्षि पत्रकारिता सम्मान समारोह 12 जनवरी को शहीद स्मारक में संपन्न हुआ। इस समारोह में टीवी एण्ड फिल्म स्क्रिप्ट राइटर जबलपुर निवासी मोनिका शुक्ला जो वर्तमान में विगत 20 वर्षों से फिल्म जगत मुंबई में कार्य कर रही हैं, को महर्षि पत्रकारिता सम्मान चयन समिति के जादूगर एसके निगम द्वारा आध्यात्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। बताया गया मोनिका एक आध्यात्मिक इंस्ट्राग्राम पेज और यू-ट्यूब चैनल 'ब्रम्हांशी' भी चला रही हैं, इन्होंने अनेक टीवी सीरियल डोली अरमानों की, बाजीगर सिलसिला, बदलते रिश्तों का शक्तिपीठ के भैरव खास हैं, वे अभी सीरियल तेरी दीवानी के संवाद लिख रही हैं। मोनिका ने वैसे तो एमसीए (कम्प्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर्स) की डिग्री हासिल की है, लेकिन उनकी रुचि कला और लेखन की तरफ थी तो वे ग्लेमर वर्ल्ड में चली गईं और टीवी, विज्ञापन के क्षेत्र में अपनी जगह बनाई।

### ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स पर जबलपुर से चादर पेश की



**जबलपुर।** हजरत मुईद्दीन चिश्ती सरकार गरीब नवाज रह. के 813वें उर्स के मौके पर अजमेर शरीफ में देश से लाखों अकीदतमंद जायरीन बड़ी अकीदत के साथ उपस्थित होते हैं, विगत 40 वर्षों से लगातार जबलपुर से जमी अतुल कुरैश की तरफ से सैकड़ों अकीदतमंद दरगाह में उपस्थित हो रहे हैं। जमी अतुल कुरैश के अध्यक्ष मो. आमीन कुरैशी के नेतृत्व में जत्था हाजिर होता है और अपनी पुरानी परंपरा अनुसार चादर पेश करता है। जत्था के हाजी मज्जू कुरैशी, नायाब हुसैन, साजिद पहलवान, निहाल कुरैशी, शहजाद पहलवान, अतहर कुरैशी, नौशाद बुल्लाकी, शखावत दादा, शरीफ हसमत, गुल मोहम्मद रहमानी, रशीद कुद्दन, बारसी, कमरु जमा, इकबाल यम्बा, जाबिर आलिम, आदिल आदि ने दरगाह गरीब नवाज के खादिम सैय्यद शादाब अली से चादर पेश कराई, दुआ हुई जिसमें हिन्दुस्तान में अम्नो अमान, हिन्दू, मुस्लिम एकता, मुल्क की तरक्की दुनिया की सबसे बेहतरनुमो हो ऐसी दुआ की गई।

### सेंट मेरीज उमावि व्हीएफजे में युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**जबलपुर।** लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार सेंट मेरीज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्हीएफजे में 12 जून 2025 को प्रातः 9:00 बजे से 10:30 तक स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी संदेश प्रदान किए गए। मध्य प्रदेश की विजय गाथा को दर्शाते हुए नृत्य नाटिका,योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव का रिकॉर्ड संदेश प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार प्रारंभ करने का संकेत मिलते ही सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कराया गया। शाला के वाइस प्रेसिडेंट रेवरेंट फादर शाजीपी जोशुआ ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विद्यार्थियों को उनके जीवन पर आधारित प्रेरणादायी संदेश दिया एवं जयंती की शुभकामनाएं दी।

# चरित्र निर्माण के साथ युवाओं को आगे बढ़ना होगा: राकेश सिंह

## युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन







**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर पंडित लज्जा शंकर झा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के जिला स्तरीय कार्यक्रम में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी शामिल हुये और विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। उनका नाम सुनकर हृदय में श्रद्धा भाव की उत्पत्ति होती है। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के आइकन हैं पर उन्हें सिर्फ आइकन के रूप में ही नहीं बल्कि कैरेक्टर के रूप में आत्मसात करने की आवश्यकता है। मंत्री सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी हमेशा कहा करते थे कि युवाओं को आगे बढ़ना है, ऊंचाइयों पर जाना है तो चरित्र निर्माण के साथ आगे बढ़ना होगा। युवा चरित्र और संस्कार से पूर्ण होंगे तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु के रूप स्थापित होने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में भारत के युवाओं को ऊर्जावान, चरित्र संपन्न एवं एकजुट होकर भारत माता के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की आवश्यकता है। मंत्री सिंह ने कहा कि सूर्य नमस्कार का अर्थ ऊर्जा का उद्गम है और युवाओं का अर्थ ऊर्जा का प्रवाह। इन दोनों के संगम से भारत अधिक ऊर्जावान होकर आगे बढ़ेगा। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निरंतर प्रयासरत हैं कि मध्यप्रदेश का युवा अच्छी शिक्षा और संस्कार के साथ मध्यप्रदेश को भी विकसित भारत के साथ विकसित मध्यप्रदेश के रूप में आगे बढ़ाये। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुये सामूहिक सूर्य नमस्कार को ऊर्जा को आत्मसात करने का अवसर बताया और इस अवसर पर संकल्पित होकर आगे बढ़ने का आव्हान किया।

### मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सन्देश आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारण किया गया। स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का हिंदी अनुवाद भी कार्यक्रम में प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के प्रारम्भ में राष्ट्र गीत वन्देमातरम का रेडियो से प्रसारण किया गया। आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित सन्देश के अनुरूप स्कूली बच्चों ने सूर्य नमस्कार के आसन किये साथ ही प्राणायाम भी किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति से हुआ।

### जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन

सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का संचालन संदीपा स्थापक पचौरी ने किया। प्रारम्भ में कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मॉडल स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। जिले के मुख्य कार्यक्रम के साथ ही जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अभाविप ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**जबलपुर।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) महानगर के पूर्व भाग, उत्तर भाग एवं केंट भाग के द्वारा शनिवार को स्वामी विवेकानंद जी की 162 वी जन्म जयंती के उपलक्ष पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाग में डॉ.आनंद सिंह राणा, जेईसी महाविद्यालय के प्रचार उत्तर डॉ. राजीव चांडक, उत्तर भाग में मोहन चक्रवैश्य, वही केंट भाग में डॉ. संजय तिवारी, वह जी.एस महाविद्यालय के प्रचार डॉ. एनसी त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व भाग में डॉ.आनंद सिंह राणा ने बताया की स्वामी विवेकानंद जी का यह मंत्र




उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और सबसे बड़े यूथ आइकन स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी को जयंती है। स्वामी विवेकानंद को करोड़ों युवा अपना आदर्श मानते हैं। उनके ओजस्वी विचारों से प्रेरणा लेते हैं। यही वजह है कि 12 जनवरी उनके जन्मदिन को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य स्वामी जी के संदेशों को फिर से जागृत करना और प्रोत्साहित करना हैं। आध्यात्मिक गुरु एवं पश्चिम देशों में योग, वेदांत और भारतीय दर्शन को पहुंचाने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती को भारत में हर साल बड़े स्तर पर मनाई जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर, प्रांत सह मंत्री आर्यन पुंज, भाग संयोजक अक्षत तंबाकड़, गौरव वाल्मीकिसत्यम पटेल, भाग मंत्री सार्थक कोरी, शशांक शर्मा, भास्कर पटेल, अनमोल सोनकर, पीयूष सिंह ठाकुर, कृष्णा देव तिवारी, हार्दिक विश्वकर्मा, अनुज विश्वकर्मा, सूर्यांश ठाकुर, ओजस पांडे, हर्ष सेन, आयुष बारी, लखन मांझी,एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता शिकागो व्याख्यान का प्रदर्शन

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 'युवा दिवस' के उपलक्ष्य 12 जनवरी 2025 को महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, जबलपुर संभाग ने बताया कि युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः सूर्यनमस्कार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आशीष राव, जनभागीदारी अध्यक्ष थें। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे थी।




कार्यक्रम के द्वितीय चरण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बाबूराम जायसवाल, द्वितीय स्थान त्रिभुवन सिंह, तृतीय स्थान नीलेश वर्मन ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, ओएसडी एवं डॉ. तृप्ति उकास, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पुरुस्कार रुप में प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. मलय वर्मा, डॉ. ज्योति जुनगरे,उपस्थित रहे।



### ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज में 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**जबलपुर।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज ने AICTE ATAL और Edu Skills के सहयोग से 6 से 11 जनवरी 2025 तक 'ज़ीरो ट्रस्ट क्लाउड सिक्योरिटी' पर 6 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री साई वेंकट के प्रेरणादायक सत्र से हुई, इस सत्र में उन्होंने साइबर सिक्योरिटी, साइबर अटैक के प्रकार, साइबर अटैकर्स एवं साइबर सिक्योरिटी के लिए विभिन्न सावधानियां एवं उनसे बचने के लिए किस तरह के प्रयोग किये जाएँ? इस पर गहराई से चर्चा की। इस 6 दिवसीय एफडीपी में ज़ीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर पर विशेष जोर दिया गया, जिससे सुरक्षित प्रणालियों के निर्माण और उन्नत साइबर खतरों से बचाव के उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी मिली। संस्थान के चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया ने कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और संकाय सदस्यों से Zscaler द्वारा प्रदान किये गए सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म को उपयोग करते हुए छात्रों का मार्गदर्शन करने का निर्देश दिया। साथ ही एचआर हेड डॉ. निहारिका यादव ने भी इस एफडीपी के सफल आयोजन के लिए कंप्यूटर साइंस विभाग की सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में आईटीएम ग्वालियर, बीटीआईआरटी सागर, एसएजीई भोपाल और बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट जबलपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से 25 से अधिक फैकल्टी मेंबर्स ने भाग लिया।

# भगवान का न्याय सभी के लिए समान है : हरिहर मुदगल

## सुदामा चरित्र की कथा का किया चित्रण

**जबलपुर ।**

श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में विवेकानंद वार्ड स्थित मधुवन कॉलोनी, लहरी बाबा आश्रम के निकट चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस सुदामा चरित्र की कथा का जनमानस को श्रवण कराते हुए वृंदावन श्री धाम से पधारे हरिहर मुदगलजी महाराज ने कहा कृष्ण भक्त वत्सल हैं वे समस्त प्राणियों के दिलों में विहार करते हैं आवश्यकता है तो मात्र पवित्र हृदय से उन्हें पहचानने की। इस दौरान मुदगलजी महाराज ने भजन "सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं..." गाकर सब भक्तों को आनंदित किया। सुमधुर भजन पर



श्रोतागण खुशी से झूम उठे।

कथा प्रारंभ के पूर्व व्यास पीठ का पूजन मनीष शिवांगी साहू, सुशीला साहू, रजनी नामदेव, तुलसा उसरेटे ने किया। पंडित संजय शास्त्री के मंत्रोच्चारण से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे ने उपस्थित होकर महाराज श्री का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान रजनीत सिंह चौहान, डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, अतुल तिवारी अजय सिंह, रामकिशन शर्मा, यश राजपूत, आशीष सिंह ठाकुर, जयप्रकाश जयसवाल की उपस्थित उल्लेखनीय रही।



### एपीएन स्कूल में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया

**जबलपुर।** महापुरुषों का जीवन हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं स्वामी विवेकानंद जी का जीवन भी प्रेरणादायक है, उन्होंने नागरिकों को अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा, उनकी जयंती हम प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाते हैं और सूर्य नमस्कार करते हैं, एपीएन हायर सेकेंडरी स्कूल में युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार किया गया जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं को किया और स्वामी विवेकानंद जी का स्मरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला प्राचार्य अजय कुमार वर्मा सहित एसके साहू, सिद्धिका उस्मानी, शरीफ खान, रजनी श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभा कायस्थ महासभा ने स्वामी विवेकानंद, महर्षि महेश योगी, लाल बहादुर शास्त्री का किया स्मरण

**जबलपुर।** "महापुरुषों का जीवन हमें निरंतर प्रेरणा देता है कि हमें अपने कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करना चाहिए ताकि हम अपने साथ राष्ट्र को भी गौरव दिला सकें।" उक्त विचार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तन ने महान विचारक, युग प्रवर्तक एवं समूचे विश्व में हिन्दू समाज को पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद व भावातीत ध्यान के प्रवर्तक कायस्थ कुल का गौरव बढ़ाने वाले महर्षि महेश योगी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री कायस्थ रत्न जय जवान, जय किसान का उद्घोष करते हुए देश को



सुदृढ़ एवं विकसित बनाने वाले लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर व्यक्त कर उनका स्मरण किया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद, महर्षि महेश योगी, लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन, अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा महापुरुषों के जीवन से जुड़े संस्मरणों का स्मरण करते हुए नैतिक मूल्यों पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ. रेनू श्रीवास्तव, विवेक खरे, देवेन्द्र श्रीवास्तव, एड. भानू श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, डॉ. धर्मेन्द्र खरे, प्रियंक श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, सहित अन्य ने महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की।

# माता गुजरी महिला महाविद्यालय में दो दिसवीय पिंक फेस्ट का आयोजन किया गया

**जबलपुर।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष स. कुलदीप सिंह बंसल एवं सचिव स. जतिन्दर सिंह सैनी एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब, रजिस्ट्रार डॉ. सत्येन्द्र कुररिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पिक फेस्ट का आयोजन हुआ। पिंक फेस्ट के दूसरे दिन फैशन शो, सिंगिंग, डांसिंग (ग्रुप एवं एकल) एवं कॉमेडी, पोयट्री एवं एक्टिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। गुलाबी परिधानों में सजी छात्राओं ने विविध प्रतियोगिताओं में सहभागिता दी एवं चटपटे सुस्वादिष्ट व्यंजनों



का लुत्फ उठाया। रानी दुर्गावती, समदड़िया पब्लिक स्कूल, पीएम श्री गवर्नमेंट स्कूल बरेला, आर.एस. बेला सिंह, सेंड नाईट, हितकारिणी क्राइस्ट चर्च, जॉय हॉयर सेकेंडरी, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जेवर, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट आदि अनेक स्कूल की छात्राओं ने अति उत्साहपूर्वक विविध प्रतियोगिताओं में सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में लगभग 900 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्रस्तुति दी। विजेता छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। फेस्ट का मुख्य आकर्षण फैशनशो एवं डांसिंग, गायन रहा, जिसमें डॉ. महिमा त्रिपाठी, डॉ. श्रुति पुंज, प्रभात केवट, समस्त आईक्यूएस मेम्बर्स, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, डॉ. कवलीन कौर, स्वाति गुप्ता के मार्गदर्शन में टीम के सहयोग से आयोजित हुआ। निर्णायकगणों में श्रीमती हर्षिता झिंगयानी, डॉ. संजुल शर्मा, संतोष राजपूत एवं श्रीमती श्रेया खरे उपस्थित रहे।

### बाल विकास विभाग कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेण्डर विमोचित

**जबलपुर।** विधायक अभिलाष पाण्डेय, क्षेत्रीय विधायक मध्य एवं पूर्व जबलपुर द्वारा 11 जनवरी को महिला एवं बाल विकास विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ जिला जबलपुर का वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन योगेन्द्र दुबे, राकेश रॉव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में राखी तिवारी प्रांतीय संयुक्त सचिव, रज्जन बाबू दाहिया अध्यक्ष जिला जबलपुर, नीलेश यादव उपाध्यक्ष जिला जबलपुर, निहारिका जैन सचिव, देवकी बरकड़े कोषाध्यक्ष, बुद्धिमान पाठक, सीमा पाण्डेय, संध्या अग्रवाल, कल्पना बाजपेई, कन्हैलाल डोहले, होबलाल, नौसाद बोहत, दीपक परस्ते सहित अन्य उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I Army No. 4579469W Rank L/HAV Name SASANE VINOD RAMBHAU S/O RAMBHAU R/o Vill & Post-Dusarbid Tehsil-Sindkhed Raja, Distt-Buldhana, Maharashtra 443308 I, have changed name and date of birth of my SON from name **SNEHAL** and date of birth **21/12/2012** (name and date of birth as per my Army service records) to name **SNEHALKUMAR VINOD SASANE** and date of birth **18/09/2012** (name and date of birth as per my SON, **AADHAR CARD NO. 6951 3522 7529** and **Birth Certificate** vide affidavit dated 11/01/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT (Name and place of Court).

**CORRECT NAME-
SNEHALKUMAR VINOD SASANE
CORRECT DATE OF BIRTH 18/09/2012
INCORRECT NAME SNEHAL
INCORRECT DATE OF BIRTH 21/12/2012**

# राम मंदिर की वर्षगांठ पर, सवा लाख दीपों से जगमगाया जनकपुर

**माता सीता की जन्मभूमि में मनाया भव्य उत्सव**

नेपाल के ऐतिहासिक शहर और माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर में भी भव्य उत्सव मनाया गया। यहां 1.25 लाख दीप जलाए गए। यह कार्यक्रम बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

यूपी के अयोध्या के राम मंदिर में शनिवार को भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में नेपाल के ऐतिहासिक शहर और माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर में भी भव्य उत्सव मनाया गया। यहां 1.25 लाख दीप जलाए गए।

यह कार्यक्रम बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें झांकियां, हवन, गंगा आरती और जानकी मंदिर परिसर में रंगोली बनाई गई। परिषद की युवा शाखा जानकी सेना ने समारोह की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

**बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर ने किया आयोजन**

**झांकियां, हवन, गंगा आरती और जानकी मंदिर परिसर में रंगोली बनाई**



### दामाद की घर वापसी पर जनकपुर उत्साहित

जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने कहा कि हमारे दामाद की घर वापसी की पहली वर्षगांठ पर, जनकपुर के सभी निवासी, मिथिला, नेपाल के निवासी बहुत उत्साहित हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि यह दिन सभी जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए।

### पिछले साल भी जलाए थे 1.25 लाख दीप

*जानकी सेना के प्रवक्ता आशुतोष झा ने बताया कि पिछले साल भी हमने 1.25 लाख दीप जलाए थे। इस साल भी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हमने 1.25 लाख दीप जलाए हैं। उन्होंने बताया कि गंगा आरती करने वाली टीम ने जानकी जी की आरती की और मंदिर परिसर में रंगोली भी बनाई गई।*

## 85 फीट ऊंचा तेजस बनेगा आकर्षण का केंद्र

**महाकुंभ में बनाई जा रही भव्य झांकी**



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के सेक्टर पांच में यज्ञशाला के गेट पर बन रहा भारतीय वायु सेना की शान तेजस विमान का मॉडल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसकी ऊंचाई 85 फीट और चौड़ाई 50 फीट होगी। मोर पंखी मोर ध्वज बड़ा भक्तवान शिविर की ओर से बनाए जा रहे मॉडल के नीचे से श्रद्धालु कथा पंडाल में पहुंचेंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारा भी लगेगा। व्यवस्थापक पप्पू केसरवानी बताते हैं कि उनके गुरु जी के मन में आया कि देश की शान तेजस का मॉडल बनवाएं। ताकि, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु हमारी वायुसेना की ताकत से परिचित हो सकें।

तेजस के मॉडल को हूबहू दिखाने के लिए इसमें लाइटें भी लगाई जाएंगी। इसे बनाने में लगभग 12 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके निर्माण में तीन हजार बांसों का इस्तेमाल होगा। बंगाल से आए 15 मजदूर पांच दिसंबर से लगातार मॉडल के निर्माण में लगे हैं। इसका निर्माण 12 जनवरी तक पूर्ण होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की गिरफ्त में 8 भारतीय मछुआरें

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 8 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को बताया कि उसने द्वीप राष्ट्र के क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर मछली पकड़ने के लिए 8 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उसने दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर भी जब्त किए हैं। गिरफ्तारियां शनिवार रात मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में चलाए गए एक विशेष अभियान के दौरान की गईं। इस साल अब तक 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



### भारत सांख्यिकी के लिए यूएन समिति में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत आधिकारिक सांख्यिकी से संबंधित विशाल आंकड़ों के उपयोग पर गठित संयुक्त राष्ट्र की समिति 'यूएन-सीईबीडी' का हिस्सा बन गया है। यूएन-सीईबीडी की स्थापना विशाल एवं विविध आंकड़ों के लाभों और चुनौतियों की आगे जांच करने के लिए की गई थी। इसमें टिकाऊ विकास लक्ष्यों पर निगरानी और रिपोर्टिंग की क्षमता भी शामिल है। भारत बिग डेटा और डेटा विज्ञान योगदान देगा।



## लोकसभा अध्यक्ष ने लंदन के स्वामी नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की, कहा

# यह केंद्र भारतीय धर्म, संस्कृति, सेवा और मानवीय मूल्यों का वैश्विक मंच

*मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने मंदिर में पूजा-अनुष्ठान किए। इसके साथ ही यूके और यूरोप में बीएपीएस के कामों की जानकारी ली। अधिकारियों ने उनको पेरिस में बन रहे मंदिर की प्रगति की जानकारी दी। मंदिर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की यह यात्रा भारत और यूके संबंधों को मजबूत करने वाली है*



एजेंसी ▶▶ लंदन

लोकसभा अध्यक्ष बिरला इस समय स्कॉटलैंड और ग्वेर्नसे द्वीप सहित ब्रिटेन के दौरे पर हैं। उन्होंने लंदन के नेसडेन इलाके में बने बीएपीएस श्री स्वामी नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। सोशल मीडिया 'एक्स' पर ओम बिरला ने कहा कि श्री स्वामीनारायण मंदिर, लंदन में दर्शन और भारतीय संस्कृति की इस अनुपम धरोहर का अनुभव करना अत्यंत सुखद रहा। यह मंदिर न केवल आध्यात्मिकता का केंद्र है, बल्कि भारतीय धर्म, संस्कृति तथा सेवा और मानवीय मूल्यों का वैश्विक मंच भी है।

### लोकसभा अध्यक्ष ने फ्रांस में बन रहे मंदिर की ली जानकारी

*बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बीएपीएस) के कार्य, पूरे विश्व में भारत के सामर्थ्य, भारत के प्रभाव का परिचय देते हैं। मैं स्वामीनारायण बीएपीएस संगठन को उनके सेवा कार्यों के लिए साधुवाद देता हूँ। वहीं, मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने मंदिर में पूजा-अनुष्ठान किए। इसके साथ ही यूके और यूरोप में बीएपीएस के कामों की जानकारी ली। अधिकारियों ने उनको पेरिस में बन रहे मंदिर की प्रगति की जानकारी दी। मंदिर ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की यह यात्रा भारत और यूके संबंधों को मजबूत करने वाली है।*



### मूर्तियों के दर्शन के साथ प्रार्थना की

'एक्स' पर पोस्ट में मंदिर प्रबंधन ने लिखा कि नेसडेन मंदिर में भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत करके खुशी हुई। ओम बिरला ने मूर्तियों के दर्शन के साथ प्रार्थना की, अभिषेक किया और यूके-यूरोप में बीएपीएस प्रभावशाली कार्यों की जानकारी ली।

### बिरला ने 180 से अधिक भारतीय छात्रों से की मुलाकात

कहा- भारत के युवा ही देश की सबसे बड़ी

इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लंदन के एक होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में 180 से अधिक भारतीय छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां के छात्र अपनी मानसिकता, विचार, नवाचार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता से देश को नई ऊर्जा दे रहे हैं।

#### छात्र अवैद जोशी ने की प्रशंसा

ओम बिरला के साथ अपनी बातचीत पर विधि विश्वविद्यालय के छात्र अवैद जोशी ने कहा कि उनसे मिलने और उनकी बातें सुनने के बाद मुझे बहुत प्रेरणा मिली। जोशी ने आगे कहा कि भारतीय राजनीति में पहुंच बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा प्रभाव था।

## सिंगापुर के पूर्व पीएम लूंग ने की प्रशंसा

# भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने के कई अवसर

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

सिंगापुर के पूर्व पीएम और वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग ने कहा है कि भारत आगे बढ़ रहा है और सिंगापुर को दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले इस देश के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के कई अवसर दिखाई दे रहे हैं। ली ने शनिवार को भारतीय व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। बीस वर्षों तक देश के पीएम रहे ली ने कहा कि भारत आगे बढ़ रहा है।



सिंगापुर की भारत में छवि अच्छी है और भारत की विभिन्न सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। ली सूंग ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के कई अवसर हैं और साथ ही स्वास्थ्य, डिजिटल समेत कई क्षेत्रों में भी सहयोग के अवसर तलाशे जा सकते हैं। उन्होंने भारतीय व्यापार समुदाय से इन अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

### सीईसीए ने की मदद

*पूर्व पीएम ली ने लगभग दो दशक पुराने सिंगापुर-भारत मुक्त व्यापार समझौते 'व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते' (सीईसीए) के महत्व का भी उल्लेख किया, जिसने दोनों देशों के बीच व्यापक व्यापार, निवेश और यात्रा संबंधों को बढ़ावा देने में मदद की है। उन्होंने यह कहा कि सिंगापुर अपनी जनसंख्या और प्रतिभा को बढ़ाने के लिए प्रवासियों और विदेशी कर्मियों पर बहुत अधिक निर्भर है। दरअसल स्थानीय लोगों ने प्रवासी और विदेशी कामगारों के साथ-साथ निवेशकों और पेशेवरों की बढ़ती संख्या का मुद्दा उठाया है - जिनमें भारत से आए लोग भी शामिल हैं।*

### नव आगंतुकों का करें स्वागत

*सिंगापुर भारतीय विकास संघ और 14 अन्य भारतीय सामुदायिक संगठनों द्वारा आयोजित रात्रिभोज में अपने भाषण में ली ने कहा कि हमें स्वदेशीवाद और विदेशियों के प्रति द्वेष के खिलाफ भी दृढ़ता से खड़ा होना चाहिए, तथा हमारे विस्तारित परिवार का हिस्सा बनने के लिए नव आगंतुकों का स्वागत करना चाहिए। बता दें, सिंगापुर की आबादी साठ लाख है जिसमें नौ प्रतिशत आबादी भारतीय मूल के लोगों की है।*

## बर्फ-बारिश, तूफान से सहमा यूएस

# अटलांटा में आपातकाल उड़ानें रद्द, सड़कें जमीं



एजेंसी ▶▶ अटलांटा

अमेरिका के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में अधिकांश इलाके तीन दिनों से जारी भीषण आग में तबाह हो चुके हैं। लोगों पर संकट अब भी बरकरार है। उधर, अटलांटा प्रांत में भीषण बर्फीले तूफान ने टेक्सास और ओक्लाहोमा के अधिकांश हिस्सों में भारी बर्फ जमा दी है। सड़कों पर बर्फ जम गई है जिससे यातायात, उड़ानें, दफ्तर और स्कूल व संस्थानों को बंद करना पड़ा है। अटलांटा, उत्तरी कैरोलिना, लिटिल रॉक राज्यों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलिना, टेनेसी और पश्चिम वर्जीनिया के कुछ हिस्सों में 8 इंच (लगभग 20 सेंटीमीटर) बर्फबारी हुई। कई फ्रीवे इंटरचेंज अस्थायी रूप से बंद हो गए या बाधित हो गए। अलबामा के उत्तरी हिस्से में हालात काफी असामान्य हैं।

### लॉस एंजिलिस की आग में 16 की मौत

अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर के चिकित्सा परीक्षक कार्यालय ने जंगलों में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 होने की पुष्टि की है। जिनमें से पांच की मौत पैलिसेड्स जबकि 11 की मौत ईटॉन इलाके में हुई। दमकल कर्मी प्रयास कर रहे हैं कि आग विश्व प्रसिद्ध जे. पॉल गेटी संग्रहालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय तक न फैले। मैन्डेविल कैनयन में आग बुझाने के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। आग के चलते फैले खतरनाक धुएं से बचने के लिए घर के अंदर रहने की सलाह दी है। वॉल्ड डिज्नी कंपनी ने 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद का ऐलान किया है।

### मेम्फिस में 7 इंच बारिश

अमेरिका के टेनेसी प्रांत में मेम्फिस शहर में 7 इंच बारिश में गीली हुई सड़कें बर्फ से जम चुकी हैं। सुदूर दक्षिण और पूर्व में लुइसियाना, मिसिसिपी, अलबामा और जॉर्जिया में ओलावृष्टि, बर्फबारी और बर्फ के सर्द मिश्रण ने यात्रा को जोखिम भरा बना दिया है। अटलांटा, मध्य ओक्लाहोमा व उत्तरी टेक्सास में बर्फ जमी है।

### इसरो रचेगा कीर्तिमान 3 मीटर की दूरी पर लाए दो अंतरिक्ष यान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वपूर्ण 'स्पैडेक्स मिशन' सफलता हासिल करने के काफी करीब पहुंच गया है। इसरो के मुताबिक, दोनों अंतरिक्ष यान ठीक तरीके से काम कर रहे हैं। इसरो ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर 'स्पैडेक्स मिशन' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्पैडेक्स डॉकिंग मिशन के तहत दोनों यान के 15 मीटर और आगे 3 मीटर तक के पास पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया है।



## बीजीबी और बीएसएफ में तनाव

# भारत ने सीमा पर बढ़ाई तैनाती तो भड़का बांग्लादेश, उच्चायुक्त तलब

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले को लेकर भारत ने कई बार आपत्ति जाहिर की है। वहीं अब सीमा पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीच तनाव बढ़ गया है। इसी बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सीमा पर तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है।



### यूनुस सरकार का गैरिजम्मेदाराना बयान

शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जारी अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के बीच मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का बेहद ही गैरजिम्मेदाराना रवैया सामने आया है। बांग्लादेश सरकार ने खुद की नाकामियों पर पर्दा डालते हुए अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुए ज्यादातर हमलों को राजनीतिक करार दिया है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा बयान

# भारत में बना हाइड्रोजन ट्रेन इंजन विश्व में सबसे अधिक शक्तिशाली

इंजन की क्षमता 1,200 हॉर्स पावर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाला ट्रेन इंजन किसी भी देश द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली इंजन है। रेल मंत्री ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित "हरित संबंध: सतत विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान" विषय पर पूर्ण सत्र के दौरान पैनल चर्चा में यह टिप्पणी की थी।



मंत्री वैष्णव ने कहा कि दुनिया में केवल चार देशों में हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें हैं, और वे 500 से 600 हॉर्स पावर के बीच ऊर्जा क्षमता का उत्पादन करती हैं। हमारे द्वारा निर्मित इंजन की क्षमता 1,200 हॉर्स पावर है, जो इस श्रेणी में अब तक का सबसे अधिक है। स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर ऐसी उपलब्धि भारत को विकास के लिए हरित ऊर्जा का उपयोग करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनने के लिए प्रेरित करती है।

### जल्द ट्रायल रन करने की उम्मीद

मंत्री वैष्णव ने कहा कि इस तरह की पहली ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद-सोनीपत मार्ग पर ट्रायल रन करने की उम्मीद है। इंजन निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन वर्तमान में इसका सिस्टम इंटीग्रेशन चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम इतने बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन से चलने वाले ट्रेन इंजन का निर्माण कर सकते हैं, तो इस तकनीक को ट्रकों, टगबोट और अन्य के लिए पावर ट्रेन बनाने के लिए अपनाने की क्षमता पर विचार करें। इस तरह की तकनीकी उन्नति हमें आत्मविश्वास देती है।

## न्यूयॉर्क टाइम्स ने 2025 के विश्व प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों की सूची जारी की

# 52 पर्यटन स्थलों में सांस्कृतिक विरासत वाला असम चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्वोत्तर राज्य असम ने अपनी खूबसूरती की छाप दुनिया पर छोड़ दी है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता, चाय के हरे भरे बागानों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण इस राज्य की खूबसूरती का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। पूर्वोत्तर का 'प्रवेश द्वार' कहे जाने वाले असम ने हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स की प्रतिष्ठित 'ट्रैवल लिस्ट 2025' में पर्यटकों के घूमने लायक दुनिया की 52 खास जगहों में चौथा स्थान हासिल किया है।

ब्रह्मपुत्र नदी का कलकल बहता जल, काजीरंगा नेशनल पार्क, घने वन और चाय के हरे बागानों के साथ ही 'बायो डायवर्सिटी' की खासियत असम को अलग ही प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करती है। यही कारण रहा कि पर्यटन के लिए दुनिया की 52 खास जगहों में से असम को न्यूयॉर्क टाइम्स की सूची में चौथा स्थान मिला है।



यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल चराइदेव मोइदम।

### इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहा सुधार

*बता दें, असम सरकार पर्यटन को और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रही है। गुवहाटी एयरपोर्ट का विस्तार इसी साल में पूरा होना है। इससे इसकी क्षमता में चार गुना वृद्धि होगी। ऐसे में पर्यटन मानचित्र पर असम नई इबारत लिखेगा।*

◆ *असम में चाय बागान और समृद्ध 'बायो डायवर्सिटी'*

◆ *असम को पूर्वोत्तर का 'प्रवेश द्वार' भी कहा जाता है*

### भारत के पूर्वोत्तर का सबसे खूबसूरत राज्य

असम की विशेषता को रेखांकित करते हुए न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि असम भारत के पूर्वोत्तर का सबसे खूबसूरत राज्य है जो म्यांमार और बांग्लादेश की सीमा के समीप स्थित है। इसे भारत के प्रवेश द्वार की संज्ञा दी गई है। प्रदूषण और लोगों के कोलाहल से परे यह भीड़भाड़ से मुक्त शांत क्षेत्र है, जो देश की मुख्य भूमि से एक धागे की तरह जुड़ा हुआ है। चराइदेव मोइदम और असम के पिरामिड को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में अंकित किया गया था।

### यूरोप शहर जेन ऑस्टेन अव्वल रहा

*न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार असम ने गैलापागोस आईलैंड, न्यूयॉर्क सिटी म्यूजियम जैसे स्थानों को टक्कर दी है। असम को हरे-भरे चाय बागानों और जीवंत संस्कृति की भूमि कहा गया है। यूरोपीय शहर जेन ऑस्टेन अव्वल रहा, जो अपनी समृद्ध वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम है।*

# 68 फुट लंबे पेड़ को मिला दुनिया के सबसे ऊंचे बांज के पेड़ का खिताब



एजेंसी ▶▶| पुर्तगाल

फ्रांस में स्थित एक विशाल बांज के पेड़ का नाम अब गिनीज बुक में शामिल हो गया है। रेनस नामक जगह पर स्थित यह पेड़ आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे ऊंचा बांज का पेड़ है। यह विशालकाय पेड़ 21 मीटर (68 फीट, 10 इंच) ऊंचा है, जो की किसी 7 मंजिला इमारत के बराबर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पुर्तगाल के सोब्रेइरो मोनुमेंटल उर्फ 'द व्हिस्लर ट्री' के नाम था, जिसकी लंबाई 16.2 मीटर (53 फीट) थी।

## 500 ग्राम छाल की कीमत 27 हजार रुपए से अधिक

यह पत्रिका विक्टर डुजार्डिन नामक लेखक ने लिखी थी, जिसमें उन्होंने सर्ज के खेत के आस-पास के क्षेत्र का विवरण किया था। उन्होंने लिखा, यहां एक शानदार बेलनाकार बांज का पेड़ है, जिसकी परिधि 3 मीटर और तने की ऊंचाई 5 मीटर है। उन्होंने आगे लिखा, इस पेड़ की छाल हर 10 साल में हटा दी जाती है, जिससे 400-500 किलोग्राम कॉर्क मिलता है। इसका मूल्य 27,000 रुपये से अधिक है।



**सर्ज अरनौडीज नामक व्यक्ति हैं इस पेड़ के प्रबंधक**

वर्तमान में इस पेड़ के प्रबंधक सर्ज अरनौडीज नामक व्यक्ति हैं, जिन्होंने इसे 1980 के दशक के अंत में खरीदा था। कैटलन किसानों के वंशज सर्ज ने बताया, यह पेड़ हमारे खेत के पास एक खाली जमीन पर लगा हुआ था। कुछ बूढ़े लोग इसे एक असाधारण नमूने के रूप में याद करते हैं। उन्होंने इस पेड़ के बारे में 1891 की सोवेनिर्स डू मिडी पार अन होमे डू नॉर्ड नामक यात्रा पत्रिका में पढ़ा था।

## 90 के दशक से बंद कर दी इस पेड़ की कटाई

पेड़ के बारे में पढ़ने के बाद उत्सुक होकर सर्ज ने उसे खोजा और भूमि को खरीदने का फैसला किया। उन्होंने कहा, इस पेड़ को उसकी भव्यता बहाल करने के लिए साफ करना जरूरी था, लेकिन अब यह स्वस्थ है और जैश, मैगपाई, ब्लैकबर्ड, गिलहरी और जंगली सूअर जैसे जानवरों का घर है। सर्ज ने 90 के दशक में इसे संरक्षित रखने के इरादे से इस पेड़ की छाल की कटाई बंद कर दी थी।

# मलेशिया के नए राजा अकूत संपत्ति के मालिक, 300 कारों से लेकर खुद की सेना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने 65 साल की उम्र में मलेशिया के 17वें राजा के रूप में शपथ ली। नए राजा इब्राहिम के पास लगभग 473 अरब रुपये की संपत्ति है और उनका आर्थिक साम्राज्य उनके देश की सीमाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ है। सुल्तान इब्राहिम के रियल एस्टेट और खनन से लेकर दूरसंचार और पाम तेल तक कई उद्योग हैं। आइए राजा की बेहिसाब संपत्ति के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**हिटलर की कार सहित कई लग्जरी सुविधाएं:** सुल्तान इब्राहिम के पास 300 से अधिक लग्जरी कारों का संग्रह है, जिसमें जर्मनी के तानाशाह एडॉल्फ हिटलर द्वारा कथित तौर पर उपहार में दी गई एक कार भी शामिल है। इसके अतिरिक्त उनके पास सोने और नीले रंग के बोइंग 737 विमान सहित निजी जहाजों का एक बेड़ा भी है। साथ ही उनके परिवार के पास एक निजी सेना भी है। उनके पास सिंगापुर में 332 अरब रुपये की जमीन भी है, जो बोटैनिकल गार्डन से सटी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भले ही सुल्तान इब्राहिम की अनुमानित पारिवारिक संपत्ति 5.7 अरब डॉलर (473 अरब रुपये) आंकी गई है, हालांकि राजा की वास्तविक संपत्ति इससे कई अधिक है।

## सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति का कारण

सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति का कारण चीनी डेवलपर्स के साथ उनके संयुक्त उद्यम हैं और कई प्रमुख परियोजनाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके व्यापारिक फायदे और चीनी डेवलपर्स के साथ गठजोड़ समेत सिंगापुर के नेताओं के साथ विशेष संबंधों ने उनके आर्थिक साम्राज्य को बढ़ाने में मदद की है। यही वजह है कि आज सुल्तान इब्राहिम बेहिसाब संपत्ति के मालिक हैं।

# ये हैं दुनियाभर की अनोखी ट्रेनें, किसी के डिब्बे गोल तो किसी को देखकर रह जाएंगे दंग

*नई दिल्ली। अभी तक आपने कई ट्रेन में सफर किया होगा, जो लगभग एक-जैसी ही होती हैं। हालांकि, दुनियाभर के अलग-अलग देशों में ऐसी कई ट्रेनें चलती हैं, जो सामान्य से हटकर विचित्र डिजाइन की होती है। इतना ही नहीं, कुछ ट्रेन तो ऐसी अनोखी-अनोखी थीम पर भी डिजाइन हुई हैं, जिसे देखकर यात्री काल्पनिक दुनिया में खो-से जाते हैं। आज हम आपको ऐसी ही अनोखी ट्रेनों के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी।*

## कार्टून के कैरेक्टर की थीम पर पिकाचु ट्रेन



पोकेमॉन नामक कार्टून काफी प्रसिद्ध है। जापान में इसी कार्टून के कैरेक्टर पिकाचु की थीम पर एक ट्रेन चलती है, जिसे देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। ईस्ट जापान रेलवे कंपनी ने 2017 में इस ट्रेन को पेश किया था। यह ट्रेन पिकाचु की थीम पर डिजाइन की गई है, इसलिए इसका रंग पीला और भूरा है। यह ट्रेन पॉप संस्कृति को नवीन परिवहन के साथ मिलान करने की जापान की क्षमता का प्रमाण है।

## ऊपर पटरी वाली ट्रेन वुपर्टल श्वेबेबान



जर्मनी में भी एक अनोखी ट्रेन चलती है, जिसका नाम वुपर्टल श्वेबेबान है। यह ट्रेन वुपर्टल शहर में वुपर नदी के ऊपर एक स्टील फ्रेम से लटकी होती है। यह दुनिया का सबसे पुराना इलेक्ट्रिक एलिवेटेड रेलवे है, जिसमें ट्रेन की पटरी नीचे नहीं ऊपर होती है। बता दें कि यह ट्रेन 13.3 किलोमीटर की दूरी तय करती है और रोजाना लगभग 80,000 यात्रियों को सफर करवाने में सक्षम है।

**बस और ट्रेन का मिश्रण फेरोबस रेल :** दक्षिण अमेरिका में फेरोबस नामक ट्रेन चलती है, जो कि बस और ट्रेन का एक अनूठा मिश्रण है। यह ट्रेन देखने में बहुत छोटी लगती है, लेकिन क्षेत्र में विभिन्न परिवहन जरूरतों को पूरा करती है। फेरोबस ऊबड़-खाबड़ रास्तों से लेकर शहरी मार्गों तक बहुत ही आसानी से चल सकती है।

# भिलाई विधायक देवेंद्र को जवाब देने आखिरी मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बलौदाबाजार हिंसा केस में जेल में बंद भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने चुनावी याचिका पर अब तक जवाब नहीं दिया है। बार-बार समय देने के बाद भी जवाब नहीं देने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्हें जवाब देने के लिए आखिरी मौका दिया गया है। दरअसल, हाईकोर्ट में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय की चुनाव याचिका पर सुनवाई चल रही है। याचिका में आरोप लगाया है कि कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने चुनाव के दौरान आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन किया है। याचिका में विधायक यादव का निर्वाचन रद्द करने की मांग की गई है।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान विधायक यादव के वकील ने कहा कि जवाब दाखिल करने में देरी इसलिए हो रही है, क्योंकि विधायक बलौदाबाजार हिंसा के केस में जेल में बंद हैं। पिछली सुनवाई के दौरान भी उन्होंने यही कारण बताया था जबकि, याचिकाकर्ता की तरफ से वकील ने बताया कि विधायक यादव सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि विधायक के वकील आठ बार जेल में उनसे मुलाकात कर चुके हैं। इस संबंध में तारीखें भी गिनाईं।

# ट्रिपल मर्डर : एक ही परिवार से जुड़े 23 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रतापपुर/सूरजपुर

खड़गवां चौकी अंतर्गत ग्राम केरता में हुए ट्रिपल मर्डर के मामले में पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जमीन को लेकर युवक और उसके माता-पिता को मौत के घाट उतार दिया था। गिरफ्तार किए गए सभी एक ही परिवार से जुड़े हुए हैं। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। खड़गवां चौकी अंतर्गत ग्राम केरता में शुक्रवार की दोपहर कुछ लोगों ने लाठी-डंडे, टांगी, फावड़ा से तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के समय बसंती टोप्पो पति माघेराम टोप्पो, पुत्र सुरेश टोप्पो, नरेश टोप्पो व मजदूरों के साथ ट्रैक्टर लेकर गांव के डुबकापारा स्थित खेत में जोताई करने गई हुई थी।

## ये हुए गिरफ्तार

एक साथ तीन लोगों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने ग्राम केरता डुबकापारा के 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 62 वर्षीय राजकुमार आ. स्व. फगना राम, 60 वर्षीय मंधारी राम आ. स्व. फगना राम, 48 वर्षीय रामधनी आ. नानसाय, 60 वर्षीय बिहारी आ. नानसाय, 50 वर्षीय रोवन आ. नानसाय, 58 वर्षीय सियाराम आ. नानसाय, 70 वर्षीय धरमसाय आ. स्व. फगना राम, 45 वर्षीय अनुकलाल आ. चुखूल, 35 वर्षीय उजेन्द्र उर्फ उजर आ. राजकुमार, 29 वर्षीय बिरेन्द्र टोप्पो आ. धरमसाय, 30 वर्षीय प्रदीप टोप्पो आ. सियाराम टोप्पो, 30 वर्षीय नरेन्द्र टोप्पो आ. मंधारीराम, 37 वर्षीय सम्मू आ. बाबुलाल, 26 वर्षीय महाजन टोप्पो आ. मटुकधारी, 26 वर्षीय दिवालसाय टोप्पो आ. रोवन, 32 वर्षीय कमलेश टोप्पो आ. सियाराम टोप्पो, 46 वर्षीय अमेन्द्र कुमार आ. मंधारी, 23 वर्षीय प्रकाश टोप्पो उर्फ डेगु आ. सियाराम, 32 वर्षीय गुंजा राम, 37 वर्षीय रामप्रसाद टोप्पो आ. बिहारी, 60 वर्षीय बाबुलाल आ. पंचन, 52 वर्षीया बुच्ची उर्फ बैशाखो पति मंधारी टोप्पो, 22 वर्षीया जसिंता टोप्पो पति प्रदीप टोप्पो के नाम शामिल है।

**एनजीटी के निर्देश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं**

# छत्तीसगढ़ के 122 तालाबों पर अवैध कब्जे, कहीं घर बन गए तो कहीं स्कूल..!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के छोटे-बड़े 122 तालाबों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। मामला सामने आने के बाद एनजीटी के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को चिट्ठी लिखकर इन तालाबों से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। पांच महीने बीत जाने के बाद भी बिलासपुर से लेकर रायगढ़, जांजगीर कोरबा और अंबिकापुर में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। निगम और प्रशासन के हाथ खाली हैं और माफियाओं का कब्जा तालाबों पर बरकरार है। हाल यह है कि बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक 44 तालाबों पर कब्जा खुद प्रशासन स्वीकार कर रहा है। हालांकि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अधिक है। बिलासपुर जिले में ही 17 तालाबों पर अतिक्रमण की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ता कर रहे हैं।

## शहर के दोनों तालाब में नहीं हटा बेजा कब्जा

**जगदलपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नगर निगम को आदेश दिया था कि दिसम्बर 2024 तक शहर के 2 जलाशय गंगामुण्डा तालाब और दीवान तालाब पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। इस संबंध में पूर्व आयुक्त हरेश मंडावी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा था कि आदेश का पालन करते हुए बेजा कब्जा हटाया जाएगा। उन्होंने दिसम्बर तक के समय को पर्याप्त बताया था,



लेकिन इस बीच उनका तबादला कांकेर जिला पंचायत के सीईओ के पद पर हो गया। उसके बाद से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश ठंडे बस्ते में चला गया है। दो तालाब के वार्ड के पूर्व पार्षदों ने भी यह माना कि तालाब क्षेत्र में कब्जा किए हुए लोग यथावत हैं। वैसे भी अब नगरीय निकाय का कार्यकाल खत्म हो गया है और महापौर समेत सारे पार्षद भूतपूर्व हो गए हैं, इसलिए यह सारे लोग अब होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव के मोड में आ गए हैं। शासन ने कलेक्टर को नगर निगम का प्रशासक नियुक्त कर दिया है। ऐसी स्थिति में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का पालन अगले चुनाव में नगर सरकार चलाने वालों के ऊपर रहेगा।

हरिभूमि लाइव

## जमकर हो गया अतिक्रमण तालाबों का अस्तित्व संकट में



**गरियाबंद।** गरियाबंद में 16 हजार की आबादी वाले नगर पालिका क्षेत्र में निस्तारी के लिए 3 तालाब शासन के रिकार्ड में है। जिसमें छिंद तालाब देवानिन तालाब नया तालाब और माहरीन ड़बरी प्रमुख हैं। शहर के बीचों बीच इन सभी तालाब में एक अरसे से जमकर अतिक्रमण हुए हैं। नगर के देवरनीन तालाब में अतिक्रमण के चलते तालाब का अस्तित्व खत्म होने पर है। शासन के रिकार्ड में 19 एकड़ में यह तालाब फैला हुआ है।

## एनजीटी के निर्देश के बाद भी तालाबों का सीमांकन नहीं



**दुर्ग।** एनजीटी द्वारा दुर्ग-भिलाई के दर्जनभर तालाबों को कब्जे से मुक्त करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद निगम ने बकायदा टीम भी बनाई थी। वर्ष 2024 के शुरूआती दौर में एनजीटी ने निगम प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे, इस बीच बीते दस माह में निगम ने राजस्व विभाग को सीमांकन करने पत्र लिखा और मजे की बात यह है कि, राजस्व विभाग ने इस पर अमल भी नहीं किया है।

## इन संभागों के इतने तालाबों पर हैं कब्जे

**बिलासपुर :** बछेरा तालाब, श्मशान घाट के पास डबरी, चांदमारी तालाब तालापारा, डिपुपारा छोटा तालाब, करबला, पैठू तालाब, जोगनी तालाब, नाग नागिन तालाब, पुराना तालाब, सलही तालाब, अरपा नदी, कोयलीपुरैना तालाब

**सरगुजा :** नमनाकला तालाब, करसु नाला, मझली पीढ़ नवा तालाब।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** – कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** – संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# आईईडी की सूचना देने वाले को पांच हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

नुकसान पहुंचाने के लिए माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी बम की सूचना देने वाले को पुलिस कप्तान 5 हजार रुपए का इनाम देंगे। यही नहीं, इस सूचना देने वाले के संबंध में पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर को नक्सली मुक्त करने के आह्वान के बाद बस्तर में सुरक्षा बल के जवान बीहड़ों में घुसकर नक्सलियों के कैंप को ध्वस्त कर रहे हैं। वहीं, कई हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल हुई है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी, जिसमें नक्सलियों ने दावा किया था कि हमने जमीन के अंदर बम लगा रखा है।फोर्स के बढ़ते दबाव और नक्सलियों को मिल रही लगातार चोट से नक्सली संगठन में बौखलाहट इस कदर दिख रही है कि अब वे जंगलों और अंदरूनी इलाकों में जमीन के अंदर मौत का सामान दफन कर सुरक्षा बलों को टारगेट करने की कायराना करतूत कर रहे हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789




## आवश्यकता

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8240426971 (रायपुर /14 /जनवरी 25)

आवश्यकता है - जरूरतमंद लोग की आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 8602999284 (भोपाल /15 /जनवरी 25)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां के लिए, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -25000/- से 35000/- आवेदन / संपर्क करें - 9434227378 (रायपुर /13 /जनवरी 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

## शब्द पहेली - 5746



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5745 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5757

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5756 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' 24 को होगी रिलीज...

**मुंबई।** भारत के महाकाव्या पर बनी एनिमेटिड फिल्म 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का दर्शक पिछले काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, साल 1993 में आई यह फिल्म करीब 31 साल बाद आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। अब निर्माताओं ने 'रामायण' का ट्रेलर जारी कर दिया है। रामकथा अब आप एनिमेशन में देख पाएंगे। ट्रेलर को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' एक जापानी-भारतीय एनिमेटेड फिल्म है। दोनों देशों के सहयोग से इसे बनाया गया था। फिल्म का निर्माण भारत के राम मोहन और जापान के युगो साको ने किया था। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अरुण गोविल और अमरीश पुरी समेत कई कलाकारों ने अपनी आवाज दी है।

लाइफ Style



# सान्या

## 'मिसेज' ओटीटी पर देगी दस्तक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' (2021) की रीमेक है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। 'मिसेज' का प्रीमियर अब तक पाम स्प्रिंग्स अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, हवाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में हो चुका है। अब 'मिसेज' से सान्या की झलक सामने आ चुकी है।

'मिसेज' सिनेमाघर में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस फिल्म का निर्देशन आरती कडव ने किया है तो वहीं पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और ज्योतिदेश पांडे इस फिल्म के निर्माता हैं। सान्या के अलावा 'मिसेज' में निशांत दहिया और कंवलजीत सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें सान्या को इन दिनों 'बेबी जॉन' में देखा जा सकता है। इसमें उन्होंने कैमियो किया है।

सान्या के अलावा 'मिसेज' में निशांत दहिया और कंवलजीत सिंह जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें सान्या को इन दिनों 'बेबी जॉन' में देखा जा सकता है। इसमें उन्होंने कैमियो किया है।

हॉलीवुड मसाला



# 'इंटरस्टेलर' भारत में होगी रिलीज

**मुंबई।** क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इंटरस्टेलर' को 7 नवंबर, 2014 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और इसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। इस फिल्म में मैथ्यू मैककोनाघे, ऐनी हैथवे और जेसिका चैस्टेन जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब लगभग 10 साल बाद 'इंटरस्टेलर' एक बार फिर भारत में रिलीज होने जा रही है। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। आइए बताते हैं कि आप यह फिल्म कब देख पाएंगे। 'इंटरस्टेलर' को 7 फरवरी, 2025 को एक बार भारत के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।



# जंगल में लगी आग को लेकर की इमोशनल पोस्ट

**लॉस एंजिलिस।** हाल ही में दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के जंगलों में भयावह आग लगी, इसमें अब तक कई लोगों की मौत की खबर है। इसी आग को लेकर सिंगर दुआ लीपा ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया। साथ ही खुद से जुड़ा अपडेट भी दिया है। दुआ लीपा हॉलीवुड की जानी-मानी सिंगर हैं, वह भारत में भी काफी पॉपुलर हैं। हाल ही में लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग से काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में सिंगर दुआ लीपा मदद के लिए आगे आई हैं। वह पीड़ितों की मदद के लिए कोशिश कर रही हैं। साथ ही सिंगर से खुद की स्थिति के बारे में भी फैंस को बताया है।



# 'आशिकी-3' से बाहर हुईं टेमरी...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी एनिमल और भूल भुलैया 3 में अपनी भूमिकाओं के कारण चर्चा में रही हैं। इन फिल्मों में उनके अभिनय को काफी सराहा गया, जिसके कारण उन्हें कई दूसरे प्रोजेक्ट भी मिले। हालांकि, उन्हें अनुराग बसु द्वारा निर्देशित आशिकी 3 से हटा दिया गया है। पिछले साल रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद तृप्ति ने काफी सुर्खियां बटोरीं। इससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि अनुराग बसु उन्हें कार्तिक आर्यन के साथ आशिकी 3 में कास्ट करेंगे। हालांकि, पीपिंगमून के अनुसार, फिल्म निर्माताओं का मानना है कि तृप्ति की मौजूदा छवि फिल्म के लिए उनके विजन के अनुकूल नहीं है। एनिमल और भूल भुलैया 3 दोनों में, तृप्ति ने ग्रे शेड्स वाले किरदार निभाए। निर्माताओं को लगता है कि यह आशिकी फ्रैंचाइज़ के केंद्रीय शुद्ध प्रेम विषय के विपरीत है।



# प्रभास की 'द राजा साब' की रिलीज टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछली बार फिल्म 'सालारः सीजफायर पार्ट- 1' में नजर आए थे। इसने बॉक्स ऑफिस पर 617.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। काफी समय से प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान मारुथि ने संभाली है। यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थे, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि फिल्म 2025 में ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के गुरुचरण सिंह की हालत नाजुक

**नई दिल्ली।** धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में 'सोढ़ी' बनकर लोकप्रिय हुए अभिनेता गुरुचरण सिंह से जुड़ी ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसकों की चिंता और बढ़ जाएगी। पिछले दिनों अभिनेता ने एक वीडियो साझा कर खुद यह जानकारी दी थी कि उनकी तबीयत बहुत खराब है और उन्हें क्या हुआ है, वह जल्द ही यह भी बताएंगे। उनकी दोस्त ने जानकारी दी है कि गुरुचरण की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## दो बार अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं गुरुचरण

पिछले दिनों गुरुचरण की ऐसी हालत देख उनके प्रशंसक हैरान-परेशान हो गए थे। अभिनेता की दोस्त भक्ति सोनी ने बताया, मैं उनसे नहीं मिली हूं, लेकिन उनकी मां मुझे उनके बारे में बताती रहती हैं। उनकी तबीयत बहुत खराब है। एक बार उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें वापस घर ले आया गया। हालांकि, उनकी तबीयत फिर से खराब हो गई और उन्हें दोबारा अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## 19 दिन से भूखे-प्यासे हैं अभिनेता

अभिनेत्री ने बताया, गुरुचरण ने पिछले 19 दिनों से न तो खाना खाया है और ना ही पानी पिया है। इसके चलते वह बेहोश हो गए और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। गायब होने के बाद जब वह वापस आए तो काम तलाशने लगे, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री के लोगों से मदद नहीं मिली तो उन्होंने खाना और पीना त्याग दिया। गुरुचरण के माता-पिता उन्हें लेकर बहुत चिंतित हैं, लेकिन वह किसी की एक नहीं सुन रहे हैं।

## डॉक्टर की सलाह भी नहीं मान रहे अभिनेता

भक्ति कहती हैं, आखिरी बार जब मेरी गुरुचरण से फोन पर बातचीत हुई थी तो उन्होंने मुझसे ये शब्द बोले थे कि 13 जनवरी या 14 जनवरी तक मुझे ये समझ आ जाएगा कि मैं इस धरती पर रहूंगा या नहीं। गुरुचरण डॉक्टर की सलाह नहीं सुन रहे हैं और केवल वही कर रहे हैं, जो उन्हें सही लगता है। हर कोई उन्हें पानी पीने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उन्होंने मना कर दिया है।

# इम्तियाज की वेब सीरीज के हीरो बने अर्जुन रामपाल...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक, लेखक और निर्माता इम्तियाज अली पिछली बार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' लेकर आए थे, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। 'अमर सिंह चमकीला' की अपार सफलता के बाद अब इम्तियाज ने अपनी आगामी परियोजना पर काम शुरू कर दिया है। वह अब एक रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसमें अभिनेता अर्जुन रामपाल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



## इम्तियाज लिख रहे हैं सीरीज की कहानी

पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इम्तियाज की अगली वेब सीरीज का नाम 'ओ साथी रे' रखा गया है, जिसके निर्देशन की कमान इम्तियाज के भाई साजिद अली ने संभाली है। उन्हें अविनाश तिवारी और तृप्ति डिमरी की 'लैला मजनू' (2018) के लिए जाना जाता है। इस सीरीज की कहानी इम्तियाज खुद लिख रहे हैं। इतना ही नहीं, वह अपने बैनर 'विंडो सीट फिल्म्स' के तहत इस सीरीज का निर्माण भी कर रहे हैं।

## अदिति के साथ बनेगी अर्जुन की जोड़ी

'ओ साथी रे' में अर्जुन की जोड़ी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह दोनों के बीच पहला सहयोग है। इस सीरीज की शूटिंग फरवरी में शुरू हो जाएगी। कहा जा रहा है अदिति पहली बार इम्तियाज के साथ काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं, वहीं अर्जुन और निर्देशक के बीच भी यह पहला सहयोग है। बता दें इम्तियाज इन दिनों अपनी फिल्म 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' को लेकर चर्चा में हैं।

# 'लगान' से लेकर 'बाहुबली' तक, ऋतिक रोशन की ठुकराई ये फिल्में हुई सुपरहिट...

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता और निर्देशक राकेश रोशन की विरासत को बढ़ाते हुए उनके बेटे ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया है। उन्होंने इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल किया है। ऋतिक ने अपनी पहली फिल्म 'कहो ना प्यार है' से ही अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया था। ऋषिक ने 10 जनवरी को अपना 50वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन 5 फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें ऋतिक ने ठुकरा दिया, लेकिन वे सुपरहिट हो गईं।



*'लगान'*: शुरुआत आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लगान' से करते हैं। साल 2001 में आई इस फिल्म के लिए ऋतिक से संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए रजामंदी नहीं दी। बाद में यह फिल्म आमिर खान की झोली में गई और इसने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर कई कीर्तिमान रचे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 58.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इसका बजट 25 करोड़ रुपये था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है।

*'बाहुबली'*: साउथ के सुपरस्टार प्रभास को 'बाहुबली' ने दुनियाभर में मशहूर कर दिया था, लेकिन उनसे पहले इस फिल्म का प्रस्ताव ऋतिक को मिला था। हालांकि, उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल के चलते इस फिल्म से किनारा कर लिया। फिल्म ने दुनियाभर में कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। 180 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर 650 करोड़ रुपये से अधिक कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

*'दिल चाहता है'*: फिल्म 'दिल चाहता है' साल 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से फरहान अख्तर पहली बार बतौर निर्देशक जुड़े थे। करीब 8 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 40 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म में आमिर खान, अक्षय खन्ना और सैफ अली खान थे। ऋतिक को फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। 'दिल चाहता है' आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

*'रंग दे बसंती'*: *राकेश ओमप्रकाश मेहरा के निर्देशन में बनी फिल्म 'रंग दे बसंती' साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह दुनियाभर में 96.90 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार करने में सफल रही। फिल्म का बजट 28 करोड़ रुपये था। इस फिल्म में आमिर, सिद्धार्थ, अतुल कुलकर्णी जैसे अन्य सितारे नजर आए थे। फिल्म में ऋतिक से सिद्धार्थ की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने यह किरदार ठुकरा दिया। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।*

*'मैं हूं ना'*: *फराह खान के निर्देशन में बनी फिल्म 'मैं हूं ना' 2004 में रिलीज हुई थी। इसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। हालांकि, इसमें ऋतिक को हीरो का किरदार नहीं, बल्कि सहायक भूमिका का प्रस्ताव दिया गया था। उन्हें जायेद खान का किरदार लकी का प्रस्ताव मिला था, लेकिन ऋतिक सहायक किरदार निभाने के मूड में नहीं थे। 28 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 96.90 करोड़ कमाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।*

## सिनेमाघरों में हर हफ्ते कोई न कोई नई फिल्म होती है रिलीज

# राम चरण की 'गेम चेंजर' से सोनू सूद की 'फतेह' तक, इस हफ्ते की फिल्में

***मुंबई।** सिनेमाघरों में हर हफ्ते कोई न कोई नई फिल्म रिलीज होती है। जनवरी का दूसरा हफ्ता भी इस मायने में खास होने वाला है, क्योंकि एक ओर जहां सिनेमाघरों में राम चरण फिल्म 'गेम चेंजर' लेकर पहुंच रहे हैं, वहीं अभिनेता सोनू सूद फिल्म 'फतेह' के साथ बड़े पर्दे पर दस्तक दे चुके हैं। आइए जानते हैं सिनेमाघरों के अलावा आप इस हफ्ते ओटीटी पर किन फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं।*



### 'गेम चेंजर'

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' के बाद से ही फैंस राम चरण को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब थे। अब आखिरकार उनका यह इंतजार खत्म हो गया है। राम चरण ने 'गेम चेंजर' के साथ पर्दे पर वापसी कर ली है। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में आई है। फिल्म में राम ने डबल रोल किया है। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।



### 'फतेह'

अभिनेता सोनू सूद साइबर क्राइम पर आधारित फिल्म 'फतेह' लेकर दर्शकों के बीच आ गए हैं। नसीरुद्दीन शाह, जैकलीन फर्नांडिस और विजय राज भी इसका हिस्सा हैं। 10 जनवरी को यह फिल्म रिलीज हो गई है। इस फिल्म में सोनू के एक्शन सीक्वेंस की खूब तारीफ हो रही है, वहीं उनका अभिनय भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। खास बात यह है कि सोनू ने इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी है।

### 'कहो ना प्यार है' और 'मैच फिक्सिंग'

ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की 'कहो न प्यार है' को 10 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। राकेश रोशन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 14 जनवरी साल 2000 में रिलीज हुई थी। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म से न सिर्फ ऋतिक, बल्कि अमीषा भी रातों-रात स्टार बन गई थीं। उधर विनीत कुमार और अनुजा साठे की फिल्म 'मैच फिक्सिंग' भी 10 जनवरी को सिनेमाघरों में आई है। इस राजनीतिक थ्रिलर फिल्म के निर्देशक केदार गायकवाड़ हैं।




### 'ब्लैक वारंट'

'सेक्रेड गेम्स' और 'जुबली' के बाद विक्रमादित्य मोटवाने अब 'ब्लैक वारंट' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इसमें दिग्गज अभिनेता शशि कपूर के पोते जहान कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'ब्लैक वारंट' 10 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।



### 'द साबरमती रिपोर्ट'

अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। भले ही यह बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई कर पाई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक ने भी इसका समर्थन किया। विक्रांत के अलावा रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसे सितारों ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' 10 जनवरी को जी5 पर आई है।





# फिटनेस रिकॉर्ड को देखते बुमराह लंबे समय के विकल्प नहीं लगते

## रोहित शर्मा की जगह बुमराह भारत के टेस्ट कप्तान बनने के दौड़ में सबसे आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जसप्रीत बुमराह भविष्य में रोहित शर्मा की जगह भारत के टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं लेकिन अपनी फिटनेस संबंधी चिंताओं को देखते हुए वह लंबे समय के विकल्प नहीं लगते और हाल में कमर की मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या के कारण उनका अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध है।

- मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अगले माह चैंपियन ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध

भारतीय चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी में वह कुछ भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि अब उन्हें सिर्फ सूजन है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उन्हें टेस्ट में स्थायी कप्तान माना जा सकता है क्योंकि अब जबकि रोहित का टेस्ट मैच में भविष्य लगभग तय है।

### उपकप्तान के लिए मजबूत नाम की जरूरत

*अगर बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट टीम की अगुआई करने के लिए फिट और तैयार हैं तो मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और उनके चार साथियों को उप कप्तान के तौर पर एक मजबूत नाम की जरूरत है ताकि किसी भी उत्पन्न हुई स्थिति में उप कप्तान जिम्मेदारी संभालने के लिए सक्षम हो।*

### पंत व जायसवाल के नाम की चर्चा

*फिलहाल टेस्ट में केवल दो नाम ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल चर्चा में हैं। इसमें से पंत इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त दिख रहे हैं। समझा जाता है कि शनिवार को अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और रोहित के साथ बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के दौरान बुमराह की कमर के निचले हिस्से की समस्या सामने आई।*



### चोट ने खड़े किए सवाल

इस चोट ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या बुमराह टेस्ट में तेज गेंदबाज के रूप में अपने कार्यभार को देखते हुए लंबे समय तक फिट रह सकते हैं जिनकी आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के लिए भी जरूरत है।

### डेटा देख कर ही चुने

पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी ने कहा, 'मेरे लिए यह बहुत ही सरल बात है। आप डेटा देखें और पता लगाएं कि टेस्ट क्रिकेट में कौन निश्चित रूप से चुना जा सकता है।

### रोहित के इंग्लैंड जाने की संभावना कम

*समीक्षा बैठक के बाद निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि रोहित के पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड जाने की संभावना बहुत कम है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो 31 वर्षीय बुमराह निश्चित रूप से हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे। महज 203 मैच में 443 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बुमराह ने हाल में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पर्थ और सिडनी में भारत का नेतृत्व किया तथा 32 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे जो विदेशी धरती पर किसी भारतीय द्वारा झटके सर्वाधिक विकेट हैं।*

### बुमराह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए

*लेकिन अंतिम टेस्ट में पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव उनके लिए अच्छा साबित नहीं हुआ क्योंकि वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। अब वह चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने के लिए तैयार हैं।*

---

## खबर संक्षेप




### सोमवार से शुरू होगा खो खो विश्व कप

**नई दिल्ली।** खो खो विश्व कप सोमवार से यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में कुल 23 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भाग लेने वाले प्रतियोगियों का कहना है कि यह टूर्नामेंट केवल प्रयास के मामले में ही नहीं बल्कि रणनीतिक सोच के मामले में भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लाने में अहम होगा। खो खो विश्व कप का फाइनल 19 जनवरी को होगा। पोलिश पुरुष टीम के सदस्य कोनराड ने कहा, ''खो खो एक बहुत ही सुंदर लेकिन थकाऊ खेल है जिसमें आप अपने दिमाग को व्यस्त रखते हुए भी स्वतंत्र रूप से दौड़ सकते हैं।''भारत सोमवार को नेपाल के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

### आयरलैंड की स्पिनर मैगुइरे की गेंजबाजी एक्शन रिपोर्ट की गई



**राजकोट।** आयरलैंड की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर एमी मैगुइरे की भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आठ ओवरों में 57 रन देकर तीन विकेट लिए थे। आयरलैंड यह मैच छह विकेट से हार गया था। मैच अधिकारियों की आयरलैंड टीम प्रबंधन को सौंपी गई रिपोर्ट में मैगुइरे के गेंदबाजी एक्शन की वैधता के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। मैगुइरे ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने सभी प्रारूपों में 25 विकेट लिए हैं। उन्हें अगले 14 दिन के अंदर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त किसी परीक्षण केंद्र में अपने एक्शन की जांच करवानी होगी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन आईसीसी नियमों का उल्लंघन है या नहीं।

### फर्ग्यूसन और सियर्स की कीवी टीम में वापसी



**वेलिंगटन।** अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और बेन सियर्स ने अगले महीने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में वापसी की। फर्ग्यूसन का अब न्यूजीलैंड क्रिकेट से अनुबंध नहीं है और वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के कारण श्रीलंका के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। सियर्स पिछले साल टी20 विश्व कप में यात्रा रिजर्व थे। वह घुटने की चोट के कारण नवंबर में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और फिर घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने गुरुवार को वेलिंगटन प्रांत के लिए टी20 मैच में वापसी की।

---

## सबालेंका ने सीधे सेट में स्टीफंस को हराया

# सबालेंका और झेंग आस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में, पहले दिन बारिश ने डाली बाधा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित दिन में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। दो बार की चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2017 की विजेता स्लोएन स्टीफंस पर 6-3, 6-2 की जीत के साथ लगातार तीसरे खिताब के लिए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

### पहले मैच में पांचवीं वरीय झेंग जीती

पिछले साल फाइनल में सबालेंका से हारने के बाद मेलबर्न पार्क के मुख्य कोर्ट पर छत के नीचे खेले गए अपने पहले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग ने रोमानिया की 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6 (3), 6-1 से हराया।



- झेंग ने रोमानिया की टोडोनी को किया परास्त
- बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए
- इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही हो पाया

### लिंडा पहली दौर में बाहर निकलने वाली पहली खिलाड़ी

*पुरुष वर्ग के एक अन्य मैच में 20वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने फ़िनलैंड के ओटो वर्टनिन को 3-6, 7-6 (4), 6-4, 6-4 से पराजित किया। लिंडा नोस्कोवा पहले दौर में बाहर होने वाली पहली वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थी। यह 29वीं वरीय खिलाड़ी क्लारा टॉसन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गईं।*

### दूसरे दौर में बनाई जगह

*महिलाओं वर्ग में जिन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे दौर में जगह बनाई उनमें पाउला बाडोसा, डोना वेकिच और लेयला फर्नांडीज भी शामिल हैं।*

### 17 वर्षीय एंड्रीवा दूसरे दौर में



*सत्रह वर्षीय मीरा एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले गए मैच में मैरी बौज़कोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में खेले गए पहले तीन मैच में से दो मैच पांच सेट तक खिंचे।*

### रुड ने मुनार को दी मात

*अमेरिकी ओपन 2014 के उपविजेता केई निशिकोरी ने तीसरे सेट में दो मैच प्वाइंट बचाकर वापसी करते हुए क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो को 4-6, 6-7 (4), 7-5, 6-3, 6-3 से जबकि छठी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने जाउम मुनार को 6-3, 1-6, 7-5, 2-6, 6-1 से हराया।*



### भारत के सुमित नागल पहले दौर में ही बाहर

सुमित नागल का रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अभियान पुरुष एकल स्पर्धा में दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस माचाक से सेटों में मिली हार के साथ खत्म हो गया। भारत का यह शीर्ष एकल खिलाड़ी अपने मौकों का फायदा उठाने में विफल रहा और चेक गणराज्य के अपने प्रतिद्वंद्वी से 3-6, 1-6, 5-7 से हार गया। माचाक ने अपनी बेहतरीन निरंतरता और सटीकता से दबदबा बनाया। नागल (91वीं रैंकिंग) मैच के शुरु में आत्मविश्वास से भरे लग रहे थे और उन्होंने अपने पहले तीन सर्विस गेम में सिर्फ दो अंक गंवाए।

---

## विजय हजारे ट्रॉफी

# नायर के सत्र में पांचवें शतक से विदर्भ पहुंचा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



शानदार लय में चल रहे करुण नायर की नाबाद शतकीय पारी से विदर्भ ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां राजस्थान को आठ विकेट से हराया। अंतिम आठ के एक अन्य मैच में हरियाणा ने गुजरात पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना कर्नाटक से होगा जबकि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ की टीम महाराष्ट्र से भिड़ेंगी। नायर ने 82 गेंद में 13 चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 112 रन की पारी के साथ पिछले पांच मैचों में अपना चौथा शतक पूरा किया।

- गुजरात को हराकर हरियाणा भी अंतिम चार में पहुंचा
- क्वार्टर फाइनल में राजस्थान को आठ विकेट से हराया

विदर्भ ने 43.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत के लिए मिले 292 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। शोरे ने 131 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाये। शोरे ने यश राठौड़ (39) के साथ पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी। हरियाणा को गुजरात के खिलाफ जीत के लिए मिले 197 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। रवि बिश्नोई (46 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी ने 196 रन पर आउट हुई गुजरात की टीम को मैच में बनाये रखा। इससे पहले अनुज ठुकराल (39 रन पर तीन विकेट) और निशांत सिंधू (40 रन पर तीन विकेट) और अंशुल कंबोज (36 रन पर दो विकेट) ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए गुजरात के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसे रखा। गुजरात के लिए हेमांग पटेल ने सबसे ज्यादा 54 रन का योगदान दिया। उन्होंने 62 गेंद की पारी में दो चौके और पांच छक्के जड़े।

### कंबोज ने छक्का लगाकर दिलाई जीत

लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमांशु राणा ने 89 गेंद में 66 रन की पारी खेल टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। टीम 35वें से 43वें ओवर के बीच 20 रन के अंदर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी लेकिन कंबोज (नाबाद सात) ने 44वें ओवर में छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी।

---

## क्रिकेट

# बांग्लादेश ने शाकिब और लिटन को किया बाहर



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने रविवार को पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉ फ बो रो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

- चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ 20 फरवरी को दुबई में खेलेगा

### बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:

*नजमुल हुसैन शांटो (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), तौहीद हृदय, सौम्य सरकार, तंजीद हसन, महमूदुल्लाह, जैकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसुम अहमद, तंजीम हसन, नाहिद राणा।*

### गेंदबाजी एक्शन की जांच में नाकाम रहे शाकिब

*ढाका। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले करारा झटका लगा जब वह अपने गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में असफल रहे जिसके बाद उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया। शाकिब इससे पहले ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन में विफल रहे थे। इसके बाद इस स्पिनर को गेंदबाजी करने से रोक दिया गया था। उनके एक्शन की 15 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट की गई थी।*

### नौ मुक्केबाज राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेफा में

**बरेली।** सचिन सिवाच और लक्ष्य चाहर सहित सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के नौ मुक्केबाजों ने आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सिवाच ने लाइटवेट (55-60 किग्रा) वर्ग में हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि एशियाई खेलों में भाग ले चुके चाहर ने भी लाइट हैवीवेट (75-80 किग्रा) वर्ग में आसान जीत के साथ अंतिम चार ने अपनी जगह पक्की की। सचिन और चाहर के अलावा एसएससीबी के जिन अन्य मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई उनमें जदुमणि सिंह मंडेंगबम (फ्लाईवेट), पवन बर्त्वाल (बैंटमवेट), हितेश (लाइट मिडिलवेट), दीपक (वेल्टरवेट), जुगनू (क्रूजरवेट), विशाल (हैवीवेट), और गौरव चौहान (सुपर हैवीवेट) शामिल हैं। इससे एसएससीबी लगातार तीसरी बार टीम खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है।



---

जेमिमा की शतकीय पारी से भारत ने 116 रन से विजय पाई

# दूसरा टेस्ट जीत भारत ने आयरलैंड से तीन मैंचों की एकदिवसीय श्रृंखला जीती

एजेंसी ▶▶| राजकोट

जेमिमा रोड्रिग्स के पहले एकदिवसीय शतक के साथ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों से भारत ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पांच विकेट पर 370 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन पर रोक दिया।

कप्तान स्मृति मंधाना ने 54 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी खेलने के अलावा पहले विकेट के लिए प्रतिका रावल (60 गेंद में 67 रन) के साथ 114 गेंद में 156 रन की साझेदारी कर के भारत को तेज शुरुआत दिलायी। जेमिमा ने 91 गेंद में 102 रन की पारी में 12 चौके लगाये। उन्होंने हरलीन देयोल (84 गेंदों पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 168 गेंद में 183 रन की बड़ी साझेदारी कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया।



### 6 अर्धशतक जेमिमा के नाम

जेमिमा को एकदिवसीय में अपना शतक जड़ने के लिए 41 मैचों का इंतजार करना पड़ा। इससे पहले उनके नाम छह अर्धशतक हैं। उन्होंने मध्यम तेज गेंदबाज अर्लीन केली के खिलाफ चौका लगाकर शतक पूरा किया और फिर अपने बल्ले से गिटार बजाने की भाव भंगिमा से इसका जश्न मनाया।

### शतक पूरा करने लंबा इंतजार करना पड़ा

जेमिमा ने इस शतकीय पारी के बाद मैच के प्रसारक (स्पोर्ट्स 18) से कहा, ''इस शतक को पूरा करने लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। आयरलैंड के लिए केली और ओर्ला प्रेंडेरगास्ट को दो-दो जबकि जॉर्जीना डेम्पसे को एक सफलता मिली।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर की आपूर्ति के लिए ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्र.:** NIT/95255030
**आइटम का विवरण:** हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर, **मात्रा:** 14 सेट्स।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 73,44,680/-
**ईएमडी:** ₹ 1,46,890/-, **देय तिथि:** दिनांक **28.01.2025**, **देय समय:** सुबह **10:30** बजे।
**नोट:** ई-निविदा में सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। अधिक जानकारी और अन्य आपूर्ति निविदाओं के लिए, कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएँ।
PC/37-194
**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शहडोल मण्डल शहडोल**
कार्यालय पता-तहसील आफिस के बगल में तह सोहागपुर जिला शहडोल दूरभाष -07652-240784 ई - seressdl8@gmail.com

क्रमांक/01/ई -निविदा/ग्रायांसेवा/2025 — **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2024-25** — शहडोल दिनांक 01/01/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग शहडोल, अनूपपुर, एवं उमरिया के निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीय कृत ई पंजीयन व्यवस्था अन्तर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर दो एवं तीन लिफाफा पद्धति अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र अपेडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Dates) अनुसार तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी एसओआर जो कि निम्नलिखित कॉलम क्रं. 12 में दर्शित है, के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल https://www.mptenders.gov.inपर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है- (निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियॉं ऑनलाइन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र. | ग्रायांसेवा सभाग | सिस्टम टेण्डर आईडी नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी (केन्द्रीयकृत पंजीकरण व्यवस्था के (अन्तर्गत) | आमन्त्रण का क्रम | ग्रायासे में लागू दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | अनूपपुर | 2025_RES_392318 | ग्राम पंचायत देवगवां में माधव मंगल भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित जनपद पंचायत अनूपपुर एवं ग्राम कोठी में संत शिरोमणि रविदास मंगल भवन निर्माण विद्युतीकरण सहित जनपद पंचायत कोतमा | अनूपपुर/ कोतमा | 15498000 | 154980 | 12500 | 365 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 2 | अनूपपुर | 2025_RES_392320 | आजीविका भवन निर्माण सिवनी (जैतहरी) के अपूर्ण कार्य विद्युतीकरण सहित जनपद पंचायत जैतहरी | जैतहरी | 2722000 | 50000 | 5000 | 270 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 01.11.17 |
| 3 | शहडोल | 2025_RES_392323 | नवीन पंचायत भवन निर्माण (क्लस्टर) खन्नौधी विद्युतीकरण सहित जनपद पंचायत गोहपारू | गोहपारू | 3829000 | 50000 | 5000 | 270 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 4 | शहडोल | 2025_RES_392325 | बहुउद्देशीय भवन निर्माण कार्य चुहिरा एवं गिरूखुर्द विद्युतीकरण सहित ज.पं. गोहपारू / जयसिंहनगर | गोहपारू/ जयसिंहनगर | 10416000 | 104160 | 12500 | 365 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 5 | उमरिया | 2025_RES_392325 | ग्राम पंचायत भवन निर्माण (क्लस्टर) करकेली विद्युतीकरण सहित वि.खं. करकेली जिला उमरिया | करकेली | 3829000 | 50000 | 5000 | 270 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |
| 6 | उमरिया | 2025_RES_392329 | शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल नवागॉंव में अतिरिक्त कक्ष एव अटल टिकरिंग लैब का निर्माण विद्युतीकरण सहित वि.खं. करकेली | करकेली | 2758000 | 50000 | 5000 | 270 दिवस | केन्द्रीय नवीन पंजी-करण सिविल श्रेणी | प्रथम | 11.04.22 |

**टीप- सरल क्रमांक 01 एवं 04 के निर्माण कार्यो हेतु 03 लिफाफा पद्धति लागू होगा।**
निविदा संबंधी तिथियॉं- (Key Dates) :- (1) Date of Publishing of Tender-15.01.2025 (11.00 AM), (2) Document Download/Sales Start Date-16.01.2025 (11.00 AM) (3) Document Download/Sales End Date-22.01.2025 (05.30PM ), (4)Technical Bid Submission End Date-22.01.2025 (05.30 PM), (5) Bid Opening Date-24.01.2025 (11.00 AM)

G-21525/24
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शहडोल मण्डल शहडोल (म.प्र.)**

## पब में पिलाई जा रही थी शराब और तेज अवाज में बज रहा था डीजे, संचालक पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत दीनदयाल चौक स्थित एक पब बार एंड रेस्टारेंट में रात में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था और शराब पिलाई जा रही थी. मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापा मारकर कार्यवाही की. माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि रविवार की देर रात दीन दयाल चौक स्थित डिकासा पब बार एंड रेस्टारेंट में अवैध रूप से शराब पिलाए जाने और तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा, यहां बार संचालक त्रिपुरी चौक गढ़ा निवासी जितेन्द्र तिवारी द्वारा जिला दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करते हुये तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था और पब में लोगों को शराब पिलाई जा रही थी, मौके से 2 साउण्ड बाक्स, एम एम्पलीफायर, एक डिस्पोजल गिलास, 2 पानी की बाटल, एक अंग्रेजी शराब की बाटल आधी भरी हुयी जप्त करते हुये. आरोपी के विरूद्ध धारा 223 बीएनएस , 36 सी आबकारी एक्ट तथा 7/15 कोलाहल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

पश्चिम मध्य रेलवे से 26 फेरे लगाएंगी यह रेल गाड़ियां

# महाकुंभ मेले के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** आज 13 जनवरी से प्रयागराज (इलाहाबाद) में प्रारंभ हो रहे महाकुंभ को लेकर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधाओं के लिये स्पेशल ट्रेने चलाने की विशेष व्यवस्था की है. इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल (पमरे) ने इन स्पेशल ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध कराए हैं। पमरे प्रबंधन ने रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति एवं सोगरिया-बनारस-सोगरिया के मध्य कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों की 26 सेवाएं देने का निर्णय लिया है। इस ट्रेनों के लिये 14 दिसम्बर से रिजर्वेशन प्रारंभ हुआ था, सभी ट्रेनें फुल हैं, वेटिंग की लिस्ट लंबी हो रही है.



### रानी कमलापति-बनारस स्पेशल ट्रेन

ट्रेन क्रमांक 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 16 जनवरी 2025 से 20 फरवरी 2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुँचते हुए 6 सेवाएं एवं ट्रेन क्रमांक 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11: 30 बजे रानी कमलापति पहुंचते हुए 6 सेवाएं देगी। इस तरह रानी कमलापति-बनारस स्पेशल ट्रेन 12 सेवाएं देगी। इसके ठहराव मण्डीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजर्ापुर एवं चुनार में होंगे।

### सोगरिया-बनारस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

इसी प्रकार ट्रेन क्रमांक 09801 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को सुबह 08:15 बजे सोगरिया से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुँचेते हुए 7 सेवाएं देगी एवं ट्रेन क्रमांक 09802 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 18 जनवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दोपहर 14:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 15:45 बजे सोगरिया पहुंचते हुए 7 सेवाएं देते हुए कुल 14 सेवाएं देगी। इसके ठहराव अन्ता, बारां, अटरू, छबरा गुगोर, रूठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, मूंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, रीठी, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार में होंगे।

सार्वजनिक परिवहन सेवा की बसें शुरू करने की तैयारियां तेज

## पीपीपी मोड पर संचालित होंगी बसें

**जबलपुर।** मप्र में एक बार फिर सरकारी बसें सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। सावर्वजनिक परिवहन सेवा की बसें शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। मप्र परिवहन सेवा को लेकर अभी तक यह माना जा रहा था कि मप्र सडक़ परिवहन निगम की तरह सरकार खुद बसें खरीदकर संचालित करेगी, लेकिन सरकार बसें नहीं खरीदेगी, बल्कि पीपीपी मोड पर बसें संचालित होंगी। यानी प्रायवेट लोग अपनी बसें मप्र परिवहन सेवा के माध्यम से संचालित कर सकेंगे। बसों पर प्रशासनिक नियंत्रण मप्र परिवहन सेवा की क्षेत्रीय कंपनियों का होगा। जिसमें निर्धारित रूट पर बसें चलानी होंगी एवं निर्धारित किराया ही वसूला जाएगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में करीब 20 साल बाद सार्वजॅनिक परिवहन सेवा की बसें फिर से शुरू होने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर परिवहन विभाग ने मप्र परिवहन सेवा को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार शहरी, ग्रामीण परिवहन सेवा के साथ-साथ अंतर शहरी अन्तर्राज्यीय नई यात्री परिवहन सेवा का प्रबंधन राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी द्वारा किया जाएगा।

## चिलम से कश फूंकते युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत पुल नम्बर तीन के पास पुलिस ने एक युवक को सार्वजनिक स्थान में गांजा पीते हुये गिरफ्तार किया. उसके पास से 5 ग्राम गांजा एवं चिलम जप्त भी जप्त की है. ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीता पहाड़ी बजरिया गोराबाजार निवासी 22 वर्षीय युवक विवेक अधिकार गांजा पी रहा था, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ा उसके पास से 5 ग्राम गांजा और चिलम जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 8/27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240